नई दिल्ली
रविवार, 20 अक्टूबर, 2024
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
तृतीया वर्ष : 28, अंक : 191
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 34
न्यून. 22

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

वायनाड लोकसभा सीट पर से नाव्या हरिदास देंगी कांग्रेस की प्रियंका गांधी को टक्कर

भाजपा ने आठ राज्यों में विधानसभा उपचुनाव के लिए 24 उम्मीदवार मैदान में उतारे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने असम, बिहार, छत्तीसगढ़ कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए 24 उम्मीदवारों की घोषणा की है। पार्टी ने वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए नाव्या हरिदास को उम्मीदवार बनाया गया है। नाव्या हरिदास कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी के सामने चुनाव लड़ेंगी। यह सीट कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी के इस्तीफा देने के बाद रिक्त हुई है। साथ ही पार्टी ने असम, बिहार, छत्तीसगढ़ कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए बीजेपी ने 24 उम्मीदवारों की घोषणा की।

भाजपा ने छत्तीसगढ़ की रायपुर शहर दक्षिण से सुनील सोनी को उम्मीदवार बनाया है। पश्चिम बंगाल की छह विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव हैं। भाजपा ने दीपक कुमार रॉय को सिताई से, राहुल लोहार मदारीहाट सीट से, नैहाटी से रूपक मित्रा, हरोआ से बिमल दास, मेदिनीपुर से शुबोजीत रॉय और तालडांगा से अनन्या रॉय चक्रवर्ती को उम्मीदवार बनाया गया है। बिहार के तरारी विधानसभा सीट से पूर्व विधायक सुनील पांडे को और रामगढ़ से अशोक कुमार सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है। राजस्थान के झुंझुनू से राजेंद्र भांबू और रामगढ़ से सुखवंत सिंह को टिकट दिया गया है। दौसा से जगमोहन मीना, देवली-उनियारा से राजेंद्र गुर्जर, खींवसर से रेवंत राम डांगा और सलूंबर से शांता देवी मीना को उम्मीदवार बनाया गया है। मध्यप्रदेश में विदिशा के पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव, जिन्होंने शिवराज सिंह चौहान के लिए अपनी सीट छोड़ी थी, उन्हें शिवराज सिंह चौहान के छोड़ी हुई विधानसभा बुधनी से टिकट दिया गया है। विजयपुर से रामनिवास रावत को उम्मीदवार बनाया गया है।

इसी तरह से कर्नाटक से पूर्व मुख्यमंत्री वस्वराज बोम्मई के बेटे भारत वासवराज बोम्मई को शिगाव से विधानसभा उम्मीदवार बनाया गया है। संदूर से बंगारू हनुमंतु को टिकट दिया गया है। असम के ढोलाई सीट से ▶▶ शेष पेज 5 पर

छत्तीसगढ़ की रायपुर शहर दक्षिण से सुनील सोनी को उम्मीदवार बनाया

नाव्या हरिदास

सुनील सोनी

रमाकांत भार्गव

झारखंड विधानसभा चुनाव

भाजपा ने 66 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, मैदान में 11 महिलाओं को भी उतारा

बाबूलाल मरांडी धनवार से तथा चंपई सोरेन सरायकेला से लड़ेंगे चुनाव

बाबूलाल मरांडी

चंपई सोरेन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए ने 66 उम्मीदवारों की शनिवार को घोषणा कर दी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी धनवार से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, लोबिन हेम्ब्रोम बोरियो से, सीता सोरेन जामताड़ा से, पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सरायकेला से, गीता बालमुचू चाईबासा से उम्मीदवार होंगे। गीता कोड़ा को जगनाथपुर से टिकट मिला है जबकि अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा पोटका से चुनाव लड़ेंगी। इन 66 उम्मीदवारों में 11 महिलाओं को जगह दी है। राज्य में भाजपा कुल 68 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

इस लिस्ट के बाद सिर्फ दो सीटों के लिए उम्मीदवारों का ऐलान बाकी रह गया है। अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हमने झारखंड में भी साथ मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। झारखंड की दुर्दशा, जिस तरह सरकार ने झारखंड की जनता को धोखा दिया है पिछले पांच वर्षों में जिन लोगों ने झारखंड को लूटा है, उनसे झारखंड को मुक्त कराना है और झारखंड में एक बेहतर सरकार बनानी है क्योंकि झारखंड मजबूत होगा तो देश मजबूत होगा। भाजपा ने लोकसभा चुनाव में हारे चेहरों को भी विधानसभा में मौका दिया गया। गीता कोड़ा को लोकसभा चुनाव में सिंहभूम सीट से प्रत्याशी बनाया था। उन्हें विधानसभा में जगन्नाथपुर सुरक्षित सीट से उम्मीदवार को घोषित किया है। वहीं लोकसभा में दुमका सीट से हारी सीता सोरेन को विधानसभा में जामताड़ा से उम्मीदवार बनाया गया है। ओडिशा के राज्यपाल और पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास की बहू पूर्णिमा साहू को जमशेदपुर पूर्व सीट के लिए भाजपा ने टिकट दिया है। अर्जुन मुंडा की पत्नी को भी टिकट दिया गया है। मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा पोटका से चुनाव लड़ेंगी। पूर्व सीएम चंपई सोरेन और उनके बेटे दोनों ही चुनाव मैदान में हैं। उनके बेटे बाबूलाल सोरेन को घाटशिला से टिकट दिया गया है। चंपई सोरेन सरायकेला से और उनके बेटे बाबूलाल सोरेन घाटशिला से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा ने कोडरमा सीट के लिए नीरा यादव, गांडेय सीट के लिए मुनिया देवी, सिंदरी में तारा देवी, निरसा में अपर्णा सेनगुप्ता और झरिया से रागिनी सिंह को टिकट दिया है। चाईबासा में गीता बलमुच और छतरपुर विधानसभा सीट पर पुष्पा देवी भुइयां भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत को गुमला विधानसभा सीट पर प्रत्याशी बनाया गया है। झारखंड विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की घटक 'ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन' (आजसू) 10 सीट पर, जनता दल (यूनाइटेड) दो और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) एक सीट पर चुनाव लड़ेगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

सलमान मंदिर में जाकर नहीं मांगेंगे माफी

मुंबई। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की धमकियों के बीच पिता सलीम खान से साफ-साफ कहा है कि उनका बेटा सलमान खान कभी माफी नहीं मांगेगा। न वह बिश्नोई समाज के मंदिर में माथा टेकेगा। उन्होंने कहा कि सलमान ने कभी जानवरों का शिकार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि धमकियां सिर्फ उगाही के लिए हैं। सलमान ने कभी भी कॉकरोच तक नहीं मारा।

नई पार्टी बनाएंगे आरसीपी सिंह

पटना। बिहार में साल 2025 में विधानसभा चुनाव होने है। इससे पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने शनिवार को बिहार में नई पार्टी बनाने का ऐलान किया है। उन्होंने भाजपा छोड़ नई पार्टी बनाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि भाजपा और जेडीयू के कई नेता उनके संपर्क में हैं। पटना में समर्थकों ने पोस्टर भी लगाए हैं।

यात्रियों को खिलाए एक्सपायरी बिस्किट

इंदौर। इंडिगो फ्लाइट में बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। जहां नागपुर से इंदौर आ रहे यात्रियों को इंडिगो की फ्लाइट में यात्रियों को नाश्ते में एक्सपायरी बिस्किट देने से विवाद हो गया। जिसके चलते यात्रियों ने एयरपोर्ट में हंगामा शुरू कर दिया। नागपुर से इंदौर के लिए सुबह आ रही इंडिगो की फ्लाइट तीन घंटे लेट हो गई।

शनिवार को भी 30 बम धमकी कॉल्स मिलीं, जिनमें अकासा की 15 फ्लाइट्स, विस्तार की 7, इंडिगो की 5 और एयर इंडिया एक्सप्रेस की 3 फ्लाइट्स शामिल हैं

14 *अक्टूबर से अब तक करीब 50 विमानों में बम होने की धमकी मिल चुकी*

हर फेक धमकी से एयरलाइंस के 3 करोड़ से ज्यादा रुपए बर्बाद! बढ़ा वित्तीय संकट

एयरलाइंस के वरिष्ठ अधिकारी इन फर्जी बम धमकियों को 'वित्तीय आतंकवाद' मानते हैं

▶▶ सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत, बम धमकियों को उनके गंभीरता के आधार पर अलग-अलग रंगों में वर्गीकृत किया जाता है।

- विदेश मंत्रालय ने कहा कि विमानों को मिल रही धमकियों के बारे में जानकारी अमेरिका के साथ साझा की गई है
- लंदन और जर्मनी के आईपी एड्रेस का भी खुलासा हुआ है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हवाई उड़ानों को बम से उड़ाने की फर्जी धमकियों का सिलसिला जारी है, जिससे एयरलाइंस की आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ा है। हर बार की बम धमकी चाहे फर्जी ही क्यों न हो, एयरलाइंस के लिए यह सिर्फ सुरक्षा का सवाल नहीं ▶▶ शेष पेज 5 पर

विशेष खबर

सुरक्षा को लेकर हुई बैठक

ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) के महानिदेशक जुल्फिकार हसन ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के मुख्यालय दिल्ली के राजीव गांधी भवन में घरेलू एयरलाइंस के सीईओ से मुलाकात की। प्लेन में बम की अफवाह के बीच विमानन सुरक्षा पैनल की इस बैठक को अहम माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक ▶▶ शेष पेज 5 पर

एयर इंडिया को 15-20 करोड़ का घाटा

15 अक्टूबर को एयर इंडिया की बी 777 (वीटी-एएलएम) फ्लाइट, जो दिल्ली से शिकागो जा रही थी, बम की धमकी के बाद कनाडा के एक छोटे शहर इकालुइट में इमरजेंसी लैंडिंग के लिए मजबूर हो गई। विमान में 200 से ज्यादा यात्री सवार थे, जिन्हें कनाडाई वायु सेना की फ्लाइट से शिकागो ले जाया ▶▶ शेष पेज 5 पर

इंडिगो की 5 फ्लाइट्स में बम की धमकी मिली

इंडिगो एयरलाइंस ने बताया कि उनकी दिल्ली से इस्तांबुल जाने वाली फ्लाइट 6ई में बम रखा होने की धमकी मिली थी। इंडिगो एयरलाइंस की मुंबई-इस्तांबुल के बीच संचालित होने वाली फ्लाइट 6ई 17 को भी धमकी मिली है। साथ ही जोधपुर से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट 6ई 184 को भी बम की धमकी मिली है। इंडिगो एयरलाइंस की हैदराबाद से चंडीगढ़ जाने वाली फ्लाइट 6ई 108 को भी बम की धमकी मिली है। अकासा एयर की भी कुछ फ्लाइट्स को भी बम की धमकी मिली है।

डायवर्जन की महंगी कीमत कई टन ईंधन का खर्च

एयरलाइनों को सिर्फ बम की धमकियों के कारण इमरजेंसी लैंडिंग ही नहीं, बल्कि उड़ानों के डायवर्ट होने पर भी भारी खर्च का सामना करना पड़ता है। डायवर्जन के दौरान कई टन ईंधन खर्च होता है, जो करोड़ों का अतिरिक्त बोझ डालता है। जैसे- एक बी 777 विमान हर घंटे 7-8 ▶▶ शेष पेज 5 पर

द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा

सिंगापुर व ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर केंद्रीय मंत्री प्रधान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान रविवार (20 अक्टूबर) से सिंगापुर और ऑस्ट्रेलिया के साप्ताहिक दौरे पर रहेंगे। इसका उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में भारत के दोनों मित्र देशों के साथ द्विपक्षीय सहयोग, आपसी भागीदारी और तालमेल को बढ़ावा देना है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि 20 से 26 अक्टूबर तक की धर्मेंद्र प्रधान की इस यात्रा की शुरुआत सिंगापुर से होगी। जिसमें वह रविवार को सिंगापुर में प्रवासी भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगे। इसके बाद 21 अक्टूबर को उनकी सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वांग, उप प्रधानमंत्री गन किम योंग, शिक्षा मंत्री चान चुन सिंग और विदेश मंत्री ▶▶ शेष पेज 5 पर

पीएम मोदी करेंगे शुभारंभ

विंध्य के लिए 'गेम चेंजर' साबित होगा रीवा एयरपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के एक बड़े हिस्से के लिए यह अच्छी खबर है कि डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने रीवा एयरपोर्ट को लाइसेंस दे दिया है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विंध्य क्षेत्र को एयरपोर्ट की सौगात देने जा रहे हैं। रविवार 20 अक्टूबर को प्रधानमंत्री मोदी रीवा एयरपोर्ट का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। रीवा एयरपोर्ट पूरे विंध्य क्षेत्र के लिए गेम चेंजर साबित होगा, इससे रीवा अंचल में पर्यटन के साथ निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही रीवा की सीमा से लगे उत्तरप्रदेश और छत्तीसगढ़ के लोगों को भी राहत मिलेगी। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने एयरपोर्ट की सौगात देने पर ▶▶ शेष पेज 5 पर

गडकरी ने खूब चुटकी ली

डीपीआर बनाने वालों को मिलने चाहिए पद्म अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईआरसी के दो दिनी सेमीनार का शुभारंभ करने आए केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इंजीनियरों की खूब चुटकी ली। उन्होंने गलत डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) बनाने वालों पर तंज कसते हुए कहा कि डीपीआर वाले भी महान लोग हैं, एक-एक को पद्मश्री और पद्म विभूषण मिलना चाहिए। यदि इंजीनियरिंग के प्वॉइंट ऑफ व्यू से देखें तो कई बार ऐसी-ऐसी डीपीआर बनाते हैं कि रोड को मंदिर-मस्जिद तक ले आकर वहीं छोड़ देते हैं। घर पर बैठकर गूगल से काम कर लेते हैं। ऐसी डीपीआर बनाते वे हैं, लोग हमें ठोकते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से कहा कि वे इंजीनियरिंग कॉलेजों ▶▶ शेष पेज 5 पर

डॉ. अर्चना मजूमदार को बनाया गया आयोग का सदस्य

विजया किशोर रहाटकर बनीं राष्ट्रीय महिला आयोग की नई अध्यक्ष

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र के औरंगाबाद की रहने वाली विजया किशोर रहाटकर को राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह जिम्मेदारी उन्हें इस वर्ष अगस्त महीने की शुरुआत में आयोग की तत्कालीन अध्यक्ष रेखा शर्मा के इस्तीफे के बाद रिक्त हुए इस महत्वपूर्ण पद को भरने के लिए की गई है। शर्मा लगातार 9 साल तक यानी तीन बार एनसीडब्ल्यू के अध्यक्ष के पद पर रहीं। वहीं, सरकार ने शनिवार को आयोग के नए अध्यक्ष की नियुक्ति के संबंध में अधिसूचना जारी की। जिसके मुताबिक, एनसीडब्ल्यू ▶▶ शेष पेज 5 पर

निभाए कई राजनीतिक, सामाजिक दायित्व

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (डब्ल्यूसीडी) ने बताया कि आयोग में नियुक्ति से पहले विजया रहाटकर ने राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वाह किया है। इसमें वह वर्ष 2007 से 2010 तक छत्रपति संभाजीनगर की मेयर और 2016 से 2021 तक महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रही हैं। बतौर मेयर उन्होंने स्वास्थ्य सेवा और बुनियादी सेवाओं से संबंधित जरूरी विकास परियोजनाओं को लागू किया।

पुणे विश्वविद्यालय से ली उच्च-शिक्षा

विजया रहाटकर ने पुणे विश्वविद्यालय से भौतिकी में स्नातक और इतिहास में परास्नातक की डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने कई पुस्तकें भी लिखी हैं। इनमें महिलाओं के कानूनी मुद्दों पर विधिलिखित और औरंगाबादः लीडिंग टू वाइड रोड्स मुख्य हैं।

सक्षमा, प्रज्वला जैसे कदमों को आगे बढ़ाया

मंत्रालय ने बताया कि महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष के रूप में विजया रहाटकर ने अपने कार्यकाल के दौरान एसिड पीड़ितों की मदद के लिए शुरू की गई सक्षमा, स्वयं सहायता समूहों को केंद्र सरकार की योजनाओं से जोड़ने के लिए शुरू की गई प्रज्वला और महिलाओं के लिए शुरू की गई 24x7 हेल्पलाइन सेवा यानी सुहिता जैसे कदमों को प्रमुखता के साथ आगे बढ़ाया। प्रदेश में उन्होंने पॉक्सो, ट्रिपल तलाक विरोधी सेल और मानव तस्करी विरोधी इकाइयों जैसे मामलों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कानूनी सुधारों पर काम किया। इसके अलावा रहाटकर ने डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम और महिलाओं के मुद्दे को समर्पित साद नामक प्रकाशन का आगाज किया।

खबर संक्षेप

भाजपा विधायक दल ने सीएम आवास के बाहर दिया धरना

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली भाजपा विधायक दल की ओर से आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा वित्त मंत्री के पास लंबे समय से पेंडिंग पड़ी कैग की 12 रिपोर्ट्स को विधानसभा में पेश न करने के विरोध में मुख्यमंत्री आतिशी के मथुरा रोड स्थित सरकारी आवास के बाहर धरना दिया गया। इस धरना प्रदर्शन में भाजपा के विधायक मोहन सिंह बिष्ट, ओम प्रकाश शर्मा, अभय वर्मा, अनिल बाजपेई, जितेंद्र महाजन, अजय महावर समेत भाजपा के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। सभी के हाथ में केजरीवाल होश में आओ, विधानसभा का सत्र बुलाओ, कैग रिपोर्ट पटल पर लाओ' जैसे स्लोगन वाली तख्तियां थीं। धरने के दौरान नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आम आदमी पार्टी को धोखाधड़ी पार्टी बताते हुए कहा कि पार्टी ने पिछले 10 सालों में दिल्ली के खजाने को भर भर कर लूटा है और विकास योजनाओं के नाम पर हजारों करोड़ों रुपए भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिए और जनता की आंखों में धूल झोंकते रहे।

बुराड़ी डिपो में चालकों की हड़ताल जारी, अंदर से लगाया ताला

नई दिल्ली। अपने वेतन भुगतान की मांग को लेकर हड़ताल पर उतरे बुराड़ी इलेक्ट्रिक बस डिपो के चालकों ने चौथे दिन भी बसें बाहर नहीं निकाली। चालकों ने डिपो के मुख्य गेट पर अंदर की तरफ से ताला लटका दिया और बस को बाहर नहीं निकाला। बसों के बाहर नहीं निकलने की वजह से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं हड़ताली कर्मचारियों ने दावा किया कि उनके समर्थन में उत्तर प्रदेश के नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी व आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा है। चालकों का कहना है कि चंद्रशेखर ने पत्र में लिखा है कि संविदा कर्मियों को दिया जा रहा वेतन कम है, वेतन का समय से भुगतान किया जाए और सभी संविदा कर्मियों को अविलंब नियमित किया जाए।

झुग्गी बस्ती निवासी समस्याओं को लेकर आज करेंगे प्रदर्शन

नई दिल्ली। बिजली, पानी, सीवर, सफाई, राशन कार्ड, सामाजिक पेंशन आदि की समस्याओं को लेकर झुग्गी बस्ती निवासी आज रविवार को प्रदर्शन करेंगे जिनमें भाजपा नेता सम्मलित होंगे। प्रदर्शन प्रातः 9 से 11 के मध्य होंगे। दिल्ली भाजपा के महामंत्री विष्णु मित्तल ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि गत दस सप्ताह से अधिक से भाजपा दिल्ली में झुग्गी विस्तार अभियान चला रही है, जिसके अंतर्गत पार्टी के क्लस्टर विस्तारक रोजाना झुग्गी वासियों के सुख दुख में शामिल होते हैं और क्लस्टर पालक एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता नेता प्रत्येक रविवार को झुग्गी क्लस्टरों में जाते हैं, झुग्गी वासियों की समस्याओं को सुलझाने का प्रयास करते हैं। इसी श्रृंखला में यह प्रदर्शन होंगे।

चार लोगों को हिरासत में लेकर की जा रही पूछताछ

चोरी के शक में युवक की पीट पीटकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ पिटाई करने वाले शव को ठिकाने लगाने की बना रहे थे योजना

अमन विहार इलाके में एक युवक की पीट पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम संदीप उर्फ भूरा (30) है। आरोप है कि वह चोरी के इरादे से एक घर में घुसा था। शव को पोस्टमार्टम के लिए संजय गांधी अस्पताल भिजवाया गया है। पुलिस ने केस में चार लोगों को हिरासत में लिया है।

पुलिस के अनुसार शनिवार तड़के यह घटना करण विहार एरिया में सामने आई। पुलिस को युवक की हत्या की सूचना मिली तो अमन विहार थाने का स्टाफ मौके पर पहुंचा। एक युवक मृत पड़ा मिला। मृतक संदीप मूलरुप से शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। पुलिस को आसपास के लोगों ने बताया कि संदीप छोटा मोटा काम करता था। आधी रात को वह इलाके में चोरी की नीयत से घूम रहा था। मौका पाकर वह एक घर में घुस गया। परिवार के लोगों की आंख खुल गई, जिन्होंने उसे पकड़कर पीट दिया। पिटाई के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया यह भी जा रहा है कि पिटाई करने वाले शव को ठिकाने लगाने की योजना बना रहे थे। हालांकि वे अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सके। पुलिस मुकदमा दर्ज कर केस की जांच आगे बढ़ा रही है।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोप में एक गिरफ्तार

नई दिल्ली। किशनगढ़ एरिया में एक युवक को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म व ब्लैकमेल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी विजय कुमार की पत्नी की मौत हो चुकी है। उसके बाद वह शिकायतकर्ता महिला के संपर्क में आया था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि अब आरोपी किसी तीसरी महिला से चोरी छिपे शादी रचाने जा रहा था। वह पीड़िता को आपत्तिजनक तस्वीरें व वीडियो वायरल करने की धमकी भी दे रहा था। डीसीपी सुरेन्द्र चौधरी के अनुसार 16 अक्टूबर को मामले की शिकायत मिली थी। आरोप लगाया गया था कि विजय ने साल 2021 में महिला से शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाये। अब वह किसी और महिला से चोरी छिपे शादी करने जा रहा है। शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म, धमकी देने समेत अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी के बारे में जानकारी जुटा उसे छतरपुर इलाके से पकड़ लिया। 35 साल का आरोपी बाबा डेयरी राजपुर खुर्द छतरपुर का रहने वाला है। इसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। आरोपी पहले से शादीशुदा है और इसकी पत्नी ने आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद वह एक कॉमन फ्रेंड के जरिए पीड़िता के संपर्क में आया था। आरोपी ग्रेजुएट हैं और गुरुग्राम में किसी पैथ लैब में बतौर असिस्टेंट कार्यरत था।

आनंद विहार बस ट्रमिनल पर ट्रैफिक पुलिस का एक्शन

अतिक्रमण करने वाले 205 के चालान काटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

ट्रैफिक पुलिस ने एमसीडी के साथ मिलकर आनंद विहार टर्मिनल पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की है। बस टर्मिनल के अंदर व बाहर अनधिकृत वाहनों और खोमचे व रेहडी पटरी वालों के 205 चालान किए गए। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक आनंद विहार टर्मिनल मधु विहार ट्रैफिक सर्कल के अधिकार क्षेत्र में आता है।

उत्तर प्रदेश सीमा से लगता यह टर्मिनल सबसे व्यस्त बस टर्मिनल में से एक है। अक्सर देखा गया है कि सड़क को दोनों ओर से अवैध विक्रेता और फेरीवाले सामान रखकर अतिक्रमण कर लेते हैं। इसके अलावा ऑटो, बसों, निजी टैक्सियों जैसे वाहन अवैध रूप से पार्क किए जाते हैं। इस वजह से सड़क पर जाम की स्थिति बन जाती है। पैदल चलने वाले लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस सब के मद्देनजर ट्रैफिक पुलिस ने एमसीडी, शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र और लोकल पुलिस के साथ पहले बैठक की और एक संयुक्त कार्रवाई करते हुए 18 अक्टूबर को एक व्यापक अभियान चलाया। अतिकम्रमण करने वालों के कुल 205 चालन किए गए। ट्रैफिक पुलिस का कहना है दीवाली का त्यौहार नजदीक है। ऐसे में आने वाले दिनों में फुटफाल अधिक रहेगा। अतिक्रमण करने वालों पर आने वाले समय में भी कार्रवाई जारी रहेगी।

कर्ज उतारने के लिए पिता के मोबाइल से कर दिये 50 हजार रुपये ट्रांसकर

पुलिस की जांच में खुला भेद, शिकायतकर्ता का बेटा अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मुंडका इलाके में एक युवक ने अपने ही पिता को 50 हजार रुपये की चपत लगा दी। उसने बहाने से पिता का मोबाइल चुराया और कर्जदार को रकम ट्रांसफर कर दी। पिता ने पुलिस को शिकायत की तो बेटी की करतूत सामने आते देर ना लगी। केस में रोहित (21) को अरेस्ट कर लिया है। वह टिकरी कलां एरिया का रहने वाला है। डीसीपी सचिन शर्मा के अनुसार पांच अक्टूबर को रात को एक घर में चोरी की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित नवीन महतो ने पुलिस को मोबाइल चोरी होने की बात कहीं। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि चोरी हुए मोबाइल से रुपये ट्रांसफर हुए हैं। पुलिस ने उस बैंक खाते का पता लगाया जिसमें रकम भेजी गई थी। खाताधारक अमित कुमार को रडार पर लिया गया। उससे पूछताछ में बताया कि उसके खाते में दोस्त रोहित ने रुपए ट्रांसफर किए थे। इसके बाद पुलिस ने रोहित को लेखराम पार्क टिकरी से पकड़ा। बाद में पता चला कि वह पीड़ित का ही बेटा है। रोहित ने पूछताछ में बताया कि उस पर कर्ज चढ़ गया था। उसे रुपयों की जरुरत थी लेकिन परिजनों ने रुपए देने से इंकार कर दिया था। इसके बाद उसने पिता का मोबाइल चुराकर रकम ट्रांसफर की थी।

अपहरण और हत्या केस में वांटेड अरेस्ट, कई साल से चल रहा था फरार

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच ने अपहरण और हत्या केस में वांटेड एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अशोक कुमार शाहबाद डेयरी थाने का घोषित बदमाश है। इसने जेल से जमानत पर बाहर आने के बाद सरेंडर नहीं किया था। इसे आनंद विहार से पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार आरोपी अशोक कुमार को 2020 में अंतरिम जमानत मिली थी, जिसके बाद उसने सरेंडर नहीं किया। फरारी के दौरान उसने अपने साथियों राजेश, कुलदीप उर्फ सोनू, विक्की उर्फ चाइना, कन्हैया उर्फ पगलू और अमित उर्फ पोस्टिक के साथ मिलकर जितेन्द्र उर्फ जीतू नाम के एक व्यक्ति से डेढ़ लाख से ज्यादा रकम लूटी। विरोध करने पर जखीरा क्षेत्र में उसकी हत्या कर दी गई थी। इस बाबत मोती नगर थाने में केस दर्ज हुआ था। पुलिस मामले में अन्य आरोपियों को अरेस्ट कर चुकी थी। पिछले साल 22 मार्च को इसे मुंडका थाने में दर्ज एक अन्य अपहरण और डकैती के केस में भगौड़ा घोषित किया गया था। एक माल लदे ट्रक को चालक सहित अगवा कर लिया गया था। चालक से 40 हजार लूटने के बाद उसे छोड़ दिया गया था। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को आईएसबीटी आनंद विहार से पकड़ा। इसके खिलाफ दिल्ली के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में नौ मामले दर्ज मिले हैं।



जनता को फ्री सुविधाएं देना जारी रखेंगे केजरीवाल : आतिशी

आपका विधायक-आपके द्वार अभियान में सीएम ने लोगों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अरविंद केजरीवाल जनता के टैक्स के पैसे खुद की जेब में रखने के बजाय जनता पर खर्च करते है, भाजपा इसे मुफ्त की रेवड़ी बताती है। यदि जनता के टैक्स के पैसे से जनता को फ्री बिजली-पानी, फ्री शिक्षा-इलाज और बुजुर्गों को फ्री तीर्थ यात्रा करवाना मुफ्त की रेवड़ी बांटना है तो केजरीवाल इसे जारी रखेंगे। यह बातें दिल्ली की सीएम आतिशी ने शनिवार को जनता से संवाद करते हुए कही। गौरतलब है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने आम आदमी पार्टी द्वारा शुरू किए गए आपका विधायक-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को अपनी कालकाजी विधानसभा के भरत नगर, गोविंदपुरी और गोविंदपुरी एक्सटेंशन इलाकों में जनता से संवाद किया। इस दौरान जनता के समक्ष अपनी सरकार की उपलब्धियों को रखा। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने पिछले 10 सालों में दिल्ली के गरीब से गरीब तबके को बेहतर सुविधाएं दी क्योंकि वो आम आदमी के संघर्ष को समझते है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में अरविंद केजरीवाल एकमात्र ऐसे नेता है जो मुफ्त बिजली, स्कूल, अस्पताल, महिलाओं की बस यात्रा और बुजुर्गों की तीर्थ यात्रा दे सकते हैं। आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने पिछले 10 सालों से दिन रात दिल्ली के लोगों के लिए काम किया है। इसलिए दिल्ली के लोग दोबारा अपने बेटे अरविंद केजरीवाल को सीएम बनायेंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा तो सभी देते हैं इसमें भी दिल्ली अव्वल नंबर पर है। आतिशी ने बताया कि फरिश्ते योजना, जय भीम योजना भी सरकार की चर्चित योजनाएं हैं जिनका लाभ आम जनता को मिलेगा।

उमड़ी भीड़...

नई दिल्ली। आगामी दिवाली त्योहार के लिए सदर बाजार में खरीदारी करते लोग। फोटो : एजेंसी

बुजुर्ग दंपति को बंधक बनाकर करोड़ों की लूट

नई दिल्ली। प्रशांत विहार इलाके में बुजुर्ग दंपति को घर में बंधक बनाकर लगभग दो करोड़ कीमत की ज्वैलरी और कैश लूटने का मामला सामने आया है। बदमाश कूरियर ब्वॉय बनकर घर में दाखिल हुये थे। पुलिस ने केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है। ऑपरेशन सेल को भी केस की जांच में लगाया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी है। पुलिस ने मुताबिक मामला शुक्रवार दोपहर करीब ढाई बजे सामने आया। पीसीआर कॉल मिली कि परिजनों को बंधक बनाकर घर से कैश और ज्वेलरी लूटी गई है। प्रशांत विहार थाने का स्टाफ मौके पर पहुंचा। पता चला कि दोपहर करीब पौने एक बजे कुछ लोग कूरियर डिलीवरी के बहाने घर में दाखिल हुये थे। इसके बाद हथियार के बल पर बुजुर्ग दंपति को बंधक बना लिया गया। उनके साथ मारपीट कर घर में रखा कैश और जूलरी लूटी गई। पुलिस को शक है कि वारदात में किसी जानकार का हाथ हो सकता है। पुलिस पीड़ित परिवार के जानकारों से भी पूछताछ कर रही है। घर में काम करने वाले लोग भी जांच के दायरे में हैं। बताया गया है कि घर से लूटा गया कैश और ज्वेलरी दो करोड़ से ज्यादा कीमत की है।

झुग्गी में आग से तीन झुलसे

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिमी जिले के किशनगढ़ इलाके में एक झुग्गी में लगी आग में तीन लोग झुलस गये। सभी को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई। आग किस वजह से लगी इसकी जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार मोती लाल नेहरू कैंप, पुराने जेएनयू परिसर, किशनगढ़ में शनिवार सुबह लगभग सवा चार बजे आग लगने के संबंध में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। पुलिस व दमकल विभाग की दो गाड़ियां झुग्गी नंबर 1/2 पहुंची। कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया गया। आग के कारणों की पता नहीं चल पाया। इस घटना में आग की चपेट में आकर झुलसे तिलक राम, पंकज और पीयूष को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। दो लोग को 10 प्रतिशत बर्न इंजरी थी। एक को मामूली चोट आई थी। आवश्यक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने अभी तक की जांच में किसी गड़बड़ी की आशंका व्यक्त नहीं की है।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संजय कुमार पुत्र तरसेम लाल निवासी– मकान नं. RZ-20B/IC, सागरपुर थाना डाबरी दिल्ली** ने **मुकदमा संख्यां. 130/2012** धारा **379/34 IPC** अन्तर्गत थाना **कमला मार्केट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **मुकदमा संख्यां. 130/2012** धारा **379/34 IPC, अन्तर्गत थाना कमला मार्केट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संजय कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.11.2024** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार,
सुश्री सायेशा चड्ढा,
एलडी. न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14013/CD/2024 (Court Matter)

अरविंद केजरीवाल से मिले सत्येंद्र जैन

अगर न्यायपालिका नहीं होता तो भाजपा मुझे फांसी पर लटका देती: जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जेल से बाहर आने के बाद पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। केजरीवाल ने सत्येंद्र जैन को गले लगाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं, सत्येंद्र जैन ने पहले दिन की शुरुआत परिवार के साथ सरस्वती विहार स्थित जैन मंदिर जाकर पूजा-अर्चना कर समर देशवासियों के कल्याण की कामना की।

जैन ने कहा कि अगर न्यायपालिका और संविधान नहीं होता तो भाजपा की केंद्र सरकार मुझे फांसी पर लटका देती। जब हमने अरविंद केजरीवाल के साथ देश की राजनीति बदलने का अभियान शुरू किया था, तभी से मालूम था कि जेल जाना पड़ सकता है। इन लोगों ने हमारे नेताओं को जेल भेजकर हमारी पार्टी को तोड़ने की कोशिश की लेकिन वह असफल रहे। भाजपा वालों ने मुझे तोड़ने के तमाम हथकंडे अपनाए, जिस बैरक में खूंखार हत्यारों को 15 दिन से ज्यादा नहीं रखा जाता, वहां मुझे महीनों रखा गया। बैरक में मेरे साथ बहुत अत्याचार किया गया, अगर भाजपा मुझे मारना ही चाहती थी तो सीधे फांसी ही दिला देती।

सत्येंद्र जैन ने शनिवार सुबह अपने परिवार के साथ सरस्वती विहार में स्थित जैन मंदिर में पूजा अर्चना की और सभी देशवासियों के कल्याण की कामना की। इस दौरान सत्येंद्र जैन ने कहा कि मेरा बहुत सालों से नियम है कि मैं मंदिर से आने के बाद ही अन्न ग्रहण करता हूं। काफी समय तक जेल में रहने की वजह से यहां आकर भगवान के दर्शन नहीं कर पाया। आज यहां भगवान के दर्शन करके उनका आशीर्वाद लिया। भगवान हमेशा दिल में रहते हैं। भगवान से कुछ मांग नहीं सकते, वो अपने आप देखेगा। मैं हर रोज मंदिर जाता हूं।

तिहाड़ जेल से बाहर आए सीसीटीवी फुटेज के सवाल पर सत्येंद्र जैन ने कहा कि सोचने वाली बात है कि तिहाड़ जेल में हर जगह कैमरे लगे हुए हैं, लेकिन किसी और चीज की फुटेज बाहर क्यों नहीं आती। वहां के बाकी अपराधियों की वीडियो क्यों नहीं मिलती। केवल सत्येंद्र जैन की फुटेज ही क्यों मिली।

ये कहते हैं कि सत्येंद्र जैन जेल में शानदार खाना खा रहे थे, जबकि वहां केवल खीरा, टमाटर, संतरा और केला था। जेल जाने के बाद एक साल तक मैंने अन्न ग्रहण नहीं किया था। जेल में कैंटीन है, जहां से कोई भी पैसे देकर कुछ भी खरीद सकता है। मेरे पास सारे बिल हैं, मैं चाहे तो सब दिखा सकता हूं। ये लोग कह रहे थे कि सत्येंद्र जैन ने बोतल का पानी पिया, जबकि मैंने वह वहीं से खरीदा था।

'हम सबको इसलिए गिरफ्तार किया गया की पढ़े-लिखे लोग आगे न आएं'

सत्येंद्र जैन ने कहा कि जेल जाने के बाद मैंने कई बार सोचा कि इन लोगों ने मुझे जेल भेज दिया, अरविंद केजरीवाल को जेल भेज दिया। सिसोदिया और संजय सिंह को जेल भेज दिया। इन्होंने हमारे तमाम नेताओं को जेल भेज दिया। आम आदमी पार्टी के अंदर ऐसा क्या है कि ये हमारी पार्टी को खत्म करना चाहते हैं। इसके पीछे केवल एक ही कारण है कि इस देश में कई पार्टियां बनीं, लेकिन ये बड़ी-बड़ी पार्टियां भी इनका कुछ नहीं बिगाड़ पाईं। राजनीति पहले जैसे चल रही थी, वैसे ही चल रही है। उस तरह से चलते रहे तो कोई दिक्कत नहीं है। इन्हें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि अरविंद केजरीवाल राजनीति में आए, लेकिन इनके जैसे नहीं बने इसलिए फर्क पड़ता है। इसलिए इन्होंने अरविंद केजरीवाल को तोड़ने पर पूरी जान लगा दी और आम आदमी पार्टी को किसी भी तरह से खत्म करने की कोशिश की। हम सबको इसलिए गिरफ्तार

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गुरदीप सिंह पुत्र करम सिंह निवासी मकान नं. डब्ल्यूजेड-67, चौखंडी एक्सटेंशन, तिलक नगर, दिल्ली** ने एफआईआर सं./सीसी सं. **100/2019, अंतर्गत धारा 498-ए आईपीसी, थाना ख्याला, जिला पश्चिम, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गुरदीप सिंह** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गुरदीप सिंह** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर सं./सीसी सं. **100/2019, अंतर्गत धारा 498-ए आईपीसी, थाना ख्याला, जिला पश्चिम, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गुरदीप सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.11.2024** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री शिवली तलवार
महानगरीय दण्डाधिकार (महिला कोर्ट-01)
कमरा नं. 358, तृतीय तल,
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/13836/WD/2024
(Court Matter)

प्रदूषण के मामले में बद से बदतर होती जा रही दिल्ली : कांग्रेस

नई दिल्ली। दिल्ली में लगातार बद से बदतर होती प्रदूषण स्थिति के लिए कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी को पूरी तरह दोषी बताया है। इस मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि अब विश्व में प्रदूषित शहरों की श्रेणी में राजधानी दिल्ली हमेशा उच्च स्तर पर रहती है। यादव ने कहा कि अरविंद केजरीवाल 10 साल सीएम बने रहे, अब आतिशी गद्दी संभाल रही है। लेकिन दोनों सीएम कार्य की बजाए केवल लोगों को भ्रमित करने, रोज नया झूठ परोसने और काम न करने देने का नाटक के अलावा कुछ नहीं कर सके। हालात यह है कि अभी से एनसीआर के अनुपात में दिल्ली का औसतन एक्यूआई 292 के खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। जबकि अभी हवा में नमी नहीं आई है। यादव ने कहा कि बिना किसी प्रशासनिक पद के बाद भी अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री आतिशी के साथ में बैठकर दिल्ली सरकार की योजनाओं की घोषणा कर रहे है। परंतु दिल्ली में वायु और जल प्रदूषण पर सभी चुप्पी साधे है। दूषित यमुना में जहरीला पानी दिल्ली के लिए अभिशाप बन रहा है, जिसके लिए अरविन्द केजरीवाल जिम्मेदार है, क्योंकि तीन वर्षों में 200 करोड़ रुपये यमुना के पानी की सफाई में बह गए। उन्होंने कहा कि राजधानी में वायु प्रदूषण का मूल कारण वाहनों का धुआं, फेक्ट्रियों का धुआं, निर्माण कार्य के धूल कण, टूटी सड़कों की धूल कण मुख्य कारक है।

523 टीमों ने 2764 निर्माण स्थलों का किया स्थलीय निरीक्षण

एंटी डस्ट अभियान के तहत दिल्ली सरकार ने 17.40 लाख रुपए का लगाया जुर्माना : राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने के बीच दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को बताया कि एंटी डस्ट अभियान से सम्बंधित टीमों ने अभी तक 2764 निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया और निर्माण स्थलों पर जारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर 76 स्थलों को नोटिस और चालान जारी किया है। साथ ही, 17 लाख 40 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली में 7 अक्टूबर से एंटी डस्ट कैम्पेन चलाया जा रहा है, जो 7 नवम्बर तक चलेगा। इस अभियान के लिए 523 टीमों का गठन किया गया है, जिसमें 13 संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हैं। ये दिल्ली के अंदर अलग-अलग स्थानों पर चल रहे निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर रहे हैं और मानदंडों के उल्लंघन पर कार्रवाई कर रहे हैं। सभी टीमों को लगातार निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सर्दी के मौसम में दिल्ली के प्रदूषण को कम करने के लिए सरकार ने 25 सितम्बर को विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की थी। जिसके आधार पर संबंधित विभागों ने इसे जमीन पर लागू करने के लिए गंभीरता पूर्वक कार्य शुरू कर दिया है। हमने ग्रीन वॉर रूम लॉन्च किया है, जहां से इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने लोगों के सहयोग से प्रदूषण को कम करने में सफलता पाई है। सरकार प्रदूषण को कम करने के लिए कई अभियान चला रही है, जिसमे एंटी डस्ट अभियान, बायो डीकम्पोज़र का छिड़काव, वृक्षारोपण अभियान, जागरूकता अभियान, मोबाइल एंटी स्मोग गन से पानी के छिड़काव का अभियान आदि प्रमुख है।

टीमें लगातार निर्माण साइट्स का कर रही हैं दौरा

मंत्री गोपाल राय ने बताया कि टीम लगातार निर्माण साइट्स का दौरा कर रही है। यह टीम यह सुनिश्चित करेगी कि वहां निर्माण संबंधी दिशा निर्देशों का पालन हो। निर्माण साइट्स पर 14 सूत्रीय नियमों को लागू करना जरूरी है। यह अभियान 7 नवंबर तक चलेगा। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि जो भी साइट्स डस्ट कंट्रोल के नियम का पालन नहीं करेगा, उस पर कानून के अनुसार कार्रवाई की जायेगी। कंस्ट्रक्शन साइटों पर नियम के उल्लंघन होने नियम के तहत जुर्माना लगाया जाएगा। अगर ज्यादा उलंघन होगा तो कंस्ट्रक्शन साइट को बंद कर दिया जाएगा। गोपाल राय ने कहा कि डस्ट प्रदूषण को रोकने के लिए 85 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग (एमआरएस) मशीनों, 500 वॉटर स्प्रिंकलर की पूरी दिल्ली में तैनाती की गयी है। नवम्बर महीने में एक शिफ्ट से बढ़ाकर तीन शिफ्टों में मोबाईल एंटी स्मॉग गन की सड़कों पर तैनाती होगी।धूल प्रदूषण कम करने के लिए हॉटस्पॉट वाले इलाकों में 80 मोबाइल एंटी स्मॉग गन लगाए गए हैं।

अधिकारी रोजाना लें टीमों से रिपोर्ट

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने एंटी डस्ट कैंपेन को लेकर पर्यावरण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया की टीम से रोजाना रिपोर्ट लें। वहीं गोपाल राय ने दिल्ली के लोगों से अपील किया कि कहीं भी अगर उनको निर्माण/विध्वंस कार्य में अनियमितता दिखे तो वे ग्रीन दिल्ली ऐप पर इसकी शिकायत करें।

प्रदूषण के विरोध में कोई ठोस काम नहीं कर रही है आतिशी सरकार : सचदेवा

नई दिल्ली। खेदपूर्ण है दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय प्रदूषण विरोधी अभियान पर बोलने के अवसरों का दुरुपयोग केवल खबरों में बने रहने को कर रहे हैं, असल में आतिशी सरकार प्रदूषण के विरोध में कोई ठोस काम नहीं कर रही है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शनिवार को प्रदूषण मामले में आतिशी सरकार पर निशाना साधते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को कहा कि 523 टीमें 7 अक्टूबर से एंटी डस्ट कैम्पेन चला रही हैं और उन्होंने 7 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक 12 दिन में 2764 निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया है। एंटी डस्ट कैम्पेन निरीक्षण का यह आंकड़ा कितना झूठा है एक मामूली से गणना से साफ हो जाता है। 523 टीमों द्वारा 12 दिन में 2764 एंटी डस्ट निरिक्षण का मतलब है कि एक टीम 2 दिन एक निरीक्षण करती है, मंत्री गोपाल राय बतायें क्या इतनी बड़ी दिल्ली में केवल 12 दिन में 2764 निरिक्षण होना केवल खानापूर्ति नहीं।

नई दिल्ली। कालिंदी कुंज में यमुना नदी पर तैरता जहरीला झाग। फोटो : एजेंसी

यमुना के झागों ने आतिशी सरकार की खोल दी पोल : हर्ष मल्होत्रा

नई दिल्ली। दिल्ली की आतिशी सरकार गत एक माह से लगातार प्रदूषण से बचाव की तैयारियों को लेकर दावे करती रही है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय गत एक माह से वायु एवं जल प्रदूषण कम करने को लेकर प्रचार प्रसार कर रहे है पर गत 48 घंटे में बढ़े एक्यूआई एवं यमुना में उठे झागों ने आतिशी सरकार की पोल खोल दी है। केन्द्रीय राज्य मंत्री और पूर्वी दिल्ली से सांसद हर्ष मल्होत्रा ने शनिवार को कालिंदी कुंज में यमुना किनारे जाकर यमुना नदी के ऊपर जमी झाग की चादर की सच्चाई से सबको रुबरू करवाते हुए यह आरोप आतिशी सरकार पर लगाए। उन्होंने कहा कि पानी के ऊपर तैरते झागों की सफेद चादर इस बात की गवाह है कि पिछले 10 सालों से लगातार दिल्ली में अरविंद केजरीवाल और अब आतिशी सरकार सिर्फ यमुना सफाई को लेकर दावे ही कर रही हैं पर जमीनी हकीकत अभी भी कुछ और है। हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि प्रदूषण सेस के नाम पर वसूल किए गए 1000 करोड़ रुपया भी यमुना सफाई और अन्य कारणों से प्रदूषित हो रही दिल्ली पर खर्च किए जाने थे लेकिन अभी तक उन पैसों का क्या हुआ इसका हिसाब केजरीवाल सरकार हो या वर्तमान की आतिशी सरकार नहीं दे पा रही है। केजरीवाल की दिल्ली सिर्फ होर्डिंग्स और पोस्टर्स में ही साफ़ होती हुई दिखाई दे रही है क्योंकि जमीनी हकीकत आज आप सभी स्वयं कालिंदी कुंज यमुना नदी के किनारे खड़ा होकर देख रहे हैं।

वायु और धूल प्रदूषण पर दिन रात कार्य कर रही है एमसीडी

दया राम ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में वायु और धूल प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने शीतकालीन कार्य योजना (विंटर एक्शन प्लान-डब्ल्युएपी) 2024-25 को लागू करने के लिए 386 निगरानी टीमों के गठन का दावा किया है, जिसमें 1307 अधिकारी शामिल हैं, जो निगम के अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दिन और रात के समय खुले में जलाने, अवैध सीएंडडी अपशिष्ट डंपिंग, सीएंडडी स्थलों की जांच और सड़कों पर धूल की जांच कर रहे हैं। वायु और धूल प्रदूषण को लेकर दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने दावा किया है कि दिल्ली नगर निगम की टीमें दिन और रात के समय सक्रियता से कार्य कर रही है। निगम के अनुसार निर्माण एवं तोड़फोड़ सामग्री अपशिष्ट के निरीक्षण के लिए दिन के समय 79 टीमें तैनात हैं जिनमें 307 कर्मचारी कार्य कर रहें हैं और रात के समय की बात करें तो 75 टीमें तैनात हैं जिसमें 267 कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। वहीं, खुले में आग जलाने के निरीक्षण के लिए दिन में 116 टीमें तैनात हैं जिसमें 350 कर्मचारी हैं और रात के समय की बात करें तो 116 टीमें तैनात हैं जिसमें 383 कर्मचारी निरीक्षण कर रहे हैं। एमसीडी के एक वरिष्ठ अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार एमसीडी ने अप्रैल से सितंबर, 2024 के दौरान 26,900 वर्ग मीटर क्षेत्र में लगभग 9400 गड्ढों की मरम्मत की है। इसके अलावा, नए बने गड्ढों की जांच करना और प्राथमिकता के आधार पर उनकी मरम्मत करना एक नियमित प्रक्रिया है। जोनल अधिकारियों को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा जारी संशोधित जीआरएपी (ग्रेप) दिशानिर्देशों को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया गया है।

- 386 टीमों में शामिल 1307 अधिकारी कर रहें निरीक्षण

चुनाव में किसी विधायक या उम्मीदवार की तरफ मत देखना सिर्फ मुझे देखना : केजरीवाल

नई दिल्ली। आगामी विधानसभा चुनाव में किसी विधायक या किसी उम्मीदवार की तरफ मत देखना, सिर्फ मुझे देखना, ये समझना कि सभी 70 सीटों पर मैं चुनाव लड़ रहा हूं। हमारा दुश्मन बहुत ताकतवर है। इसलिए सबको एक रहना है। इस बार पिछली बार से ज्यादा सीट आनी चाहिए। यह बातें शनिवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पार्टी कार्यालय में आयोजित मंडल पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज हमारी पार्टी जो इतनी मजबूती के साथ खड़ी है उसके लिए हमारे मंडल प्रभारी, विधानसभा अध्यक्ष, विधायक और पार्टी के कर्मचारी और सभी कार्यकर्ता जिम्मेदार हैं। उन्होंने मंडल प्रभारियों से कहा कि चुनाव में मंडल प्रभारी सबसे अहम कड़ी है। मंडल प्रभारी की टीम में 11 लोग हैं जो पूरे बूथ पर नजर रखते हैं। जो घर घर जाकर लोगों को समझाते हैं। प्रत्येक मंडल प्रभारियों को पार्ट टाइम नहीं फुल टाइम काम करना पड़ेगा। मुझे चिंता इस बात की नहीं कि हम सत्ता में आएंगे या नहीं आएंगे। हम चिंता यह है कि हम चुनाव नहीं जीते तो आपके परिवार का क्या होगा। बिजली के रेट फिर बढ़ जाएंगे। सारी फ्री सुविधाएं बंद हो जाएंगी।

'दक्षिण दिल्ली के गांवों पर खर्च होंगे 200 करोड़ रुपए'

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के गांव वासियों को मूलभूत नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने 200 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उनकी अध्यक्षता में दक्षिण दिल्ली के गांवों की समस्याओं पर चर्चा को लेकर शनिवार को एक बैठक महरौली-गुड़गांव रोड पर सम्पन्न हुई। बैठक में सभी गांवों के 5-5 प्रतिनिधि उपस्थित हुए। कुल मिलाकर 300 से अधिक प्रतिनिधि वहां पहुंचे। यहां सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बताया कि अब गांवों में लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं जान रहे हैं और उसी के अनुसार उन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराने के मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दे रहे हैं।

निगम शिक्षकों ने महापौर से की दिवाली से पहले वेतन और बोनस की मांग

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम शिक्षकों ने दिवाली से पहले वेतन और बोनस दिए जाने की निगम महापौर डॉ. शैली ओबरॉय से मांग की है। शिक्षक न्याय मंच नगर निगम के अध्यक्ष कुलदीप सिंह खत्री ने शनिवार को इस मामले में बयान जारी कर कहा कि उन्होंने महापौर और नेता विपक्ष राजा इकबाल को पत्र लिखकर दिवाली से पहले निगम शिक्षकों को वेतन और दीवाली बोनस दिए जाने की मांग की है। शिक्षक न्याय मंच ने कहा कि इस बार दिवाली 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी, अंतिम दिन होने के कारण जैसे केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार के कर्मियों को माह के अंतिम दिन छुट्टी होने के कारण एक दिन पहले वेतन और अन्य सुविधा मिलती है, इसी प्रकार दिल्ली नगर निगम के कर्मियों, शिक्षकों को भी अब 31 अक्टूबर से पहले वेतन और दीवाली बोनस देने की मांग शिक्षक न्याय मंच नगर ने उठाई है। समय पर वेतन, बोनस मिलने से सभी शिक्षक अपने परिवार सहित त्यौहार को खुशी खुशी मना पाएंगें। खत्री ने बताया कि अगर वेतन, बोनस दिवाली से पहले मिल जाता है तो यह पिछले 8 साल में पहली बार होगा कि जब कर्मचारी, शिक्षक अपने परिवार के साथ खुशी खुशी त्यौहार मनाएंगे।

अब छठ पूजा की तैयारियों में जुटा नगर निगम, 71 घाट तैयार

धूम से मनाया जाएगा छठ पर्व, तैयारियां जोरों पर, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले सभी छठ घाटों को सुव्यवस्थित करने के लिए नगर आयुक्त से पुरबिया समाज के पदाधिकारी द्वारा मुलाकात की। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी छठ घाट पर मरम्मत का कार्य स्वच्छ जल की व्यवस्था प्रकाश व्यवस्था सफाई व्यवस्था मार्गो की मरम्मत की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। चर्चा की गई तथा नगर आयुक्त को लिखित में पत्र भी दिया गया मौके पर निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता एन के चौधरी को गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ घाट सुंदर व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए।

खास बातें

- आयुक्त के निर्देश पर विभागों की तैयारियां जोरों पर
- छठ घाट सुंदर व्यवस्थित करने के निर्देश दिए

धूमधाम से मनाया जाएगा छठ पर्व

मुख्य अभियंता निर्माण ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ घाट को जाने वाले मार्ग पूर्ण रूप से व्यवस्थित होंगे। छठ घाट की भी मरम्मत की जाएगी आवश्यकता अनुसार रंगाई-पुताई का कार्य भी कराया जाएगा। इसी के साथ-साथ हिंडन नदी पर बनाए जाने वाले घाट को पूरी तरह से सजाया जाएगा इसके लिए माननीय तथा नगर आयुक्त की निर्देश के क्रम में अन्य विभागों द्वारा तैयारी चल रही है। बता दे कि छठ पर्व को लेकर नगर निगम तैयारियों में जुट गया है। इस बार छठ पर्व के लिए 71 घाटों को तैयार किया जाएगा।

फाइल फोटो

खबर संक्षेप

कंपनी से चोरी के मामले में 2 आरोपियों को पकड़ा

फरीदाबाद। अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने कंपनी से चोरी के मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में सुरेश और सरजीत का नाम शामिल है। दोनों आरोपी मूल रूप से उत्तर प्रदेश के तथा वर्तमान में धीरज नगर पल्ला के रहने वाले है। दोनों आरोपियों को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर बुढ़िया नाले से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

वाहन चोरी करने वाले आरोपी को दबोचा

फरीदाबाद। अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी हितेश उर्फ नट्टू को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना सराय ख्वाजा के वाहन चोरी के मामले में बंगाल सूटिंग रेंज दशहरा ग्रउंड सेक्टर-31 एरिया से मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने बाइक को जलसा बदरपुर बॉर्डर से बेचने के लिए चोरी किया था।

गत्ते से भरे कैंटर में लगी आग ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

गाजियाबाद। गाजियाबाद के जीटी रोड पर गुरुवार देर रात एक बड़ा हादसा हो गया। नया बस अड्डा ग्रेड सेपरेटर के नीचे गत्ते से भरे एक कैंटर में आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते पूरे कैंटर को अपनी चपेट में ले लिया। कैंटर चालक ने किसी तरह गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। इसके बाद कैंटर चालक ने गाड़ी से कूद कर जान बचाई। सूचना पर पहुंची दमकल ने आज पर काबू काबू पाया। एफएसओ कोतवाली शेषनाथ यादव के मुताबिक बृहस्पतिवार देर रात करीब 11 बजे नया बस अड्डा के पास कैंटर में आग लगने की सूचना मिली थी।

सृष्टिकर्ता वाल्मीकि अनंत आधस मंदिर में हरियाणा सरकार के फैसले पर मनाई खुशी

हरियाणा में कोटे में कोटा को हरी झंडी मिलने पर डीएससी समाज में खुशी की लहर

हरियाणा में कोटे में कोटा को हरी झंडी मिलने पर डीएससी समाज के सदस्यों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एससी-एसटी वर्ग के ज्यादा जरूरमंदों को आरक्षण का लाभ देने के लिए हरियाणा की नायब सैनी सरकार द्वारा एससी-एसटी में उपवर्गीकरण के फैसले पर एनएच-5 स्थित सृष्टिकर्ता वाल्मीकि अनंत आधस मंदिर में डीएससी समाज के लोगों ने खुशी मनाई। इस मौके पर संजीव कुमार पूर्व सरपंच नीमका, जिलाध्यक्ष हरियाणा वाल्मीकि महासभा, कृपाल प्रदेश उपाध्यक्ष हरियाणा वाल्मीकि महासभा, जितेन्द्र ब्लॉक समिति मेंबर मोहना, योगेश कुमार एडवोकेट अरूआ, राजेन्द्र चिंडालिया प्रधान बाल्मीकि मंदिर कमेटी, कर्मबीर आधस मंदिर कमेटी, डॉ. मंगल सिंह, सुभाष गहलोत, श्रीपाल, प्रवीण मौर्या, ऋषि दयाल, रवि लौहोट, संजय पाल जिला उपप्रधान, हरियाणा वाल्मीकि महासभा, हरकेश एडवोकेट, अशोक घुरंडे, नोनी ठेकेदार व अनिल जसाना ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। पूर्व सरपंच संजीव कुमार ने कहा कि हम देश के पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम नायब सैनी और केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए दिल से आभार व्यक्त करते है। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार के पाले में गेंद डाली थी। इस पर फैसला लेने के लिए। हरियाणा सरकार ने कोटे में कोटा को हरी झंडी दी है जिससे अति वचिंतों का भला होगा। हरियाणा प्रांत में अनुसूचित जातियों को जो आरक्षण दिया जा रहा है।

वाल्मीकि समाज ने हरियाणा सरकार की सराहना की

सुविधाओं पर दबंगई से एकाधिकार कायम था। सर्वोच्च न्यायालय ने अति वचिंत समाज की वास्तविक स्थिति को गहनता से जांच कर अति गरीबों के हक में आरक्षण वर्गीकरण का फैसला दिया था ताकि समाज के अंतिम छोर मे बैठे अति वंचित व्यक्ति को समाज की मुख्याधारा में लाया जा सके जिसे हरियाणा सरकार ने सिरे चढ़ाया है।कृपाल ने कहा कि सारा वाल्मीकि समाज हरियाणा सरकार के इस निर्णय की सराहना करता है, इस फैसले से अति गरीबों की तरक्की और खुशहाली का सुगमय रास्ता खुलेगा।जितेन्द्र आर्या ने कहा कि हरियाणा की 36 जातियां जो समाज की मुख्य धारा से बहुत ज्यादा पिछड़ चुकी थी, वह हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का कोटि-कोटि धन्यवाद और आभार प्रकट करती है जिन्होनें हरियाणा में आरक्षण वर्गीकरण को लागू करके अति वंचित समाज को न्याय देने का सर्वप्रथम काम किया है।

कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों की बैठक को किया संबोधित

मंत्री नरबीर सिंह ने कहा गुरुग्राम को स्वच्छ व सुंदर शहर बनाना मेरी प्राथमिकता

गुरुग्राम। हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि गुरुग्राम स्वच्छ व सुंदर शहर बनाना मेरी प्राथमिकता है। शहर को स्वच्छ बनाना व पॉलीथिन-अतिक्रमण-जाम मुक्त शहर के एजेंडे पर हमें आगे बढ़ना होगा। उन्होंने यह बात शनिवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। राव नरबीर सिंह हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री की शपथ ग्रहण करने के उपरांत पहली बार गुरुग्राम में अधिकारियों की बैठक लेने पहुंचे थे। डीसी निशांत कुमार यादव व सीपी विकास अरोड़ा ने कैबिनेट मंत्री का गुरुग्राम आगमन पर स्वागत किया। बैठक में गुरुग्राम शहर के विकास को लेकर अपना विजन और एजेंडा रखते हुए कहा कि सभी अधिकारी दीवाली तक गुरुग्राम शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए कार्य करें।

दोबारा अतिक्रमण हुआ तो संबंधित क्षेत्र के एसएचओ होंगे जवाबदेह

मंत्री सिंह ने शहर में जारी अतिक्रमण मुक्त अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि ऐसा संज्ञान में आया है कि एनफोर्समेंट ड्राइव के उपरन्त वही लोग पुनः उस स्थान पर अतिक्रमण कर रहे हैं। सीपी विकास कुमार अरोड़ा को निर्देश दिए कि निर्धारित स्थान पर एक बार अतिक्रमण हटाने के बाद पुनः वहां कब्जा हुआ तो इसके लिए संबंधित क्षेत्र के एसएचओ जवाबदेह होंगे। जीएमडीए के सीईओ ए. श्रीनिवास, गुरूग्राम ननि आयुक्त नरहरि सिंह बांगड़, मानेसर निगम आयुक्त अशोक गर्ग, नगर निगम गुरूग्राम के अतिरिक्त आयुक्त बलप्रीत सिंह, एडीसी हितेश कुमार मीणा आदि।

टीमों ने सोहना रोड व सेक्टर-27/28 रोड पर हटाया अतिक्रमण

बाजार क्षेत्रों में निगम ने चलाया अतिक्रमण मुक्त अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सड़कों फुटपाथों व बाजार क्षेत्रों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ द्वारा गठित जोनवाईज इनफोर्समैंट टीमें अपने-अपने क्षेत्र में लगातार कार्रवाई कर रही हैं। कार्रवाई के दौरान रेहड़ी-पटरी, फड़ी, टीनशेड नुमा स्ट्रक्चरों, खोखों सहित अन्य प्रकार के अस्थाई व स्थाई अतिक्रमण को हटाया जा रहा है।

इसी कड़ी में सहायक अभियंता कृष्ण कुमार की टीमों ने शनिवार को जोन-3 व जोन-4 क्षेत्रों में अतिक्रमण विरुद्ध अभियान चलाया। टीमों ने एक ओर जहां सेक्टर-27/28 रोड पर कार्रवाई की, वहीं दूसरी ओर सोहना रोड व आसपास के क्षेत्र में भी अतिक्रमण हटाया। इस दौरान टीमों ने रेहड़ी-पटरी, फड़ी, टीनशेड नुमा स्ट्रक्चरों, खोखों सहित अन्य प्रकार के अस्थाई व स्थाई अतिक्रमण पर कार्रवाई की।

अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी

इस दौरान टीमों ने अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी कि वे सडक व फुटपाथों पर अतिक्रमण ना करें अन्यथा उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण के कारण सड़कें तंग हो जाती हैं, जिससे यातायात संचालन बाधित होता है और वाहन चालकों को परेशानी होती है। इसी प्रकार फुटपाथ पर अतिक्रमण होने से पैदल चलने वालों को मजबूरीवश सडक पर चलना पड़ता है, जिससे दुर्घटना होने का भी खतरा बना रहता है। जनहित को ध्यान में रखते हुए अतिक्रमण नहीं करने की हिदायत नगर निगम टीमों द्वारा दी जा रही है।

विधवा महिला को झांसे में लेकर 72 हजार रुपए ठगे

साहिबाबाद। साइबर ठग ने विधवा महिला को झांसे में लेकर खाते में करीब 72 हजार रुपए डलवा लिए। पैसे कटने पर पीड़िता को ठगी का एहसास हुआ। महिला ने पुलिस से मामले की शिकायत की है। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि साइबर ठग ने उन्हें 17 व्हाट्सएप कॉल की थी। इस दौरान उसने उन्हें अपनी बातों के झांसे में फंसाने के बाद उनसे वीडियो कॉल कराया।

वकालत के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर लंदन में हुए सम्मानित

सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट आन रिकॉर्ड विकास वर्मा का एसोसिएशन के सदस्यों ने स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

वकालत के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट आन रिकॉर्ड विकास वर्मा हुए लंदन में सम्मानित होने पर जिला बार एसोसिएशन फरीदाबाद में पूर्व प्रधान संजीव चौधरी एवं महासचिव पवन पाराशर ने किया।

इस मौके पर मुख्य रूप से सीनियर एडवोकेट आरपी वर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. एमपी सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष अरोड़ा, बार काउंसिल के कॉपटिव सदस्य राजेश खटाना एडवोकेट, महेश यादव, निबरास अहमद, रचित गोयल, शशि शर्मा, जिला लीगल सैल के चेयरमैन मनीष वर्मा, दिनेश तोमर, अमित मान अधिवक्ताओं मौजूद थे। संजीव चौधरी ने कहा कि पिछले दिनों लंदन होटल ताज में दो दिवसीय को आयोजित हुई अन्तर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस आफ ज्यूरिसट में बतौर अतिथि सेक्टर-15 निवासी विकास वर्मा (हरियाणा सरकार के पूर्व सहायक एडवोकेट जनरल) सम्मानित हुए। डॉ. साहब ने कहा कि कोविड के दौरान देश में लीगल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 40 से ज़्यादा बेविनार आयोजित किए थे जिसमें सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों एंव सीनियर एडवोकेटस, विधि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने भाग लिया था। विकास वर्मा सुप्रीम में लीगल सर्विस एथोरिटी में अधिकृत अधिवक्ता हैं ।

पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की

महिला की गला कटने से मौत पोस्टमार्टम के लिए शव रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आईएमटी इलाके में स्थित फाइन टर्म नामक कंपनी में आज एक महिला की मशीन की चपेट में आने से गला काटने से दर्दनाक मौत हो गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया। पीड़ित के बेटे मोनू विश्वकर्मा ने बताया कि उनकी मां राजकुमारी विश्वकर्मा पिछले कई महीने से आइएमटी स्थित फाइन टर्म नामक कंपनी में काम करती थी। उसकी मां ने उसे बताया था कि कंपनी में लोहे का काम होता है और जबरन उससे ग्राइंडर चलाने के लिए मशीन पर बैठाया जाता है और उससे जबरन ग्राइंडर चलाया जाता है। मोनू के मुताबिक आज उसकी मां के साथ ग्राइंडर चलाते समय ही कोई घटना घटी, इसके चलते उसकी मां का गला कटा।

कंपनी संचालकों ने उन्हें जानकारी भी नहीं दी और चुपके से उसकी मां के शव को बीके अस्पताल के शव गृह मुर्दा घर में भिजवा रहे थे कि किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा उसे इसकी जानकारी मिली। इसके बाद वह घटना स्थल पर पहुंचा, लेकिन कंपनी के कर्मचारी व अधिकारी कुछ भी बताने को तैयार नहीं है।

मेवाड़ में 'परिचय-2024' कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मचाया धमाल

गदिया बोले- जीवन को अनुशासन में ढालोगे तो जीवन सुखमय और कामयाब बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में शनिवार को परिचय-2024 नाम से आयोजित नवागंतुक स्वागत समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रमों के जरिये खूब धमाल मचाया। रंगारंग कार्यक्रम व संदेशपरक फैशन शो समारोह का मुख्य आकर्षण रहा।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने विद्यार्थियों को कहा कि यही उम्र है, इसमें जितनी मेहनत करके सीख सकते हो, सीख लो, करियर बनाने में यही सब कुछ काम आएगा। बड़े सपने देखो और उसे साकार करो। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन ऐसे जैसे गर्म लोहा। इसे पीटकर जिस शक्ल में ढाल लो, उसी में ढल जाता है। इसलिए खूब तपो, खूब मेहनत करो, खूब पढ़ो, एक दिन मेहनत रंग जरूर लाएगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा सबसे महत्वपूर्ण है अनुशासन। जीवन को अनुशासन में ढालोगे तो जीवन सुखमय और कामयाब बनेगा। अपने गुणों को ध्यान में रखकर अपना लक्ष्य निर्धारित करें और इसे पाने के लिए ईमानदारी से कड़ी मेहनत करें। मेवाड़ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब समां बांधा।

बदरपुर बॉर्डर से तिगांव तक किया जाएगा अभूतपूर्व स्वागत

रोड शो के दौरान होगी हेलीकॉप्टर से फूलों की वर्षा

तिगांव से विधायक राजेश नागर को राज्यमंत्री बनाए जाने से क्षेत्र की जनता बेहद खुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद के तिगांव विधानसभा क्षेत्र से राजेश नागर को हरियाणा सरकार में राज्य मंत्री बनाए जाने से खुशी का माहौल है। यह ऐसा मौका है, जब 47 साल बाद न केवल इलाके के 84 पाल के लाडले को मंत्री पद मिला है, अपितु परिसीमन के 15 साल बाद तिगांव विधानसभा क्षेत्र को पहला मंत्री मिला। जनता के आशीर्वाद से भाजपा में दमदार चेहरा के रूप में उभरे राजेश नागर के स्वागत के लिए इलाके के लोग पलकें बिछाए हुए हैं। साढे 10 बजे चंडीगढ से बदरपुर बॉर्डर पहुंचने पर राज्य मंत्री राजेश नागर का अभूतपूर्व भव्य स्वागत किया जाएगा। जहां से वे डीजे, ढोल नंगाडों के साथ लंबा काफिला के बीच तिगांव तक पहुंचेंगे। इस स्वागत रोड शो के दौरान क्षेत्र की जनता अपने लाड़ले राजेश नागर का भव्य स्वागत करेगी। स्वागत के दौरान बात यह भी रहेगी कि स्वागत रोड शो के दौरान हेलीकॉप्टर से फूलों की वर्षों होती रहेगी।

47 साल बाद 84 पाल को एक बार फिर मंत्री पद का मिला सम्मान

वर्ष 1977 में यहां से 84 पाल के गजराज बहादुर नागर मंत्री रहे। उस समय यह क्षेत्र मेवला महाराजपुर विधानसभा में पड़ता था। इसी विधानसभा से भडाना पाल के महेंद्र प्रताप मंत्री तथा वर्ष 1996 में कृष्णपाल गुर्जर बंसी लाल सरकार में मंत्री रहे। मेवला महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र बडा होने के कारण तिगांव क्षेत्र का समुचित विकास नहीं हो सका। वर्ष 2009 में परिसीमन होने के बाद तिगांव विधानसभा से भाजपा से कृष्णपाल गुर्जर फिर से विधायक बने। इस दौरान विकास कार्यों की अनदेखी से नाराज क्षेत्र की जनता ने वर्ष 2019 में कांग्रेस को नकारते हुए भाजपा के राजेश नागर को विधायक चुना।

राज्यमंत्री बनने से प्रदेश में विकास की उम्मीद जागी

शिक्षित, मृदुभाषी और अत्यंत सरल स्वभाव के धनी राजेश नागर सभी के चेहते बनते चले गए। परिणाम स्वरूप जनता के निरंतर मिले प्यार व आशीर्वाद से वर्ष 2024 के आए चौंकाने वाले चुनाव परिणामों ने कांग्रेस को एक बार फिर पटकनी देते हुए हुए राजेश नागर को दोबारा विधायक चुनकर चंडीगढ भेजा। जहां मुख्यमंत्री नायब सिंह ने राजेश नागर को मंत्री की कुर्सी पर बैठाया और आशीर्वाद दिया। अब राजेश नागर को स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री बनने से क्षेत्र ही नहीं, पूरे प्रदेश में विकास की उम्मीद जगी है। जनता को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में तिगांव विधानसभा का नाम देश व प्रदेश में अलग दिखाई देगा।

साइबर ठगी में संलिप्त बैंक कर्मी सहित दो गिरफ्तार

गुरुग्राम। साइबर क्राइम ईस्ट पुलिस ने साइबर ठगी में संलिप्त बैंक कर्मी सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी स्टॉक मार्केट में इंवेस्टमेंट के नाम पर ठगी करने के मामले में शामिल ठगों को बैंक खाता मुहैया कराते थे। पुलिस इस केस में अब तक आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

दरअसल, साइबर क्राइम ईस्ट पुलिस में बीती 19 जून को एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि जालसाजों ने शेयर मार्केट में इंवेस्टमैंट के नाम पर उससे करीब 1 करोड़ 20 लाख 70 हजार की ठगी कर ली। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। मामले में एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान की की अगुवाई में साइबर क्राइम ईस्ट थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन कुमार की टीम ने मुख्य सिपाही रामप्रसाद के साथ मिलकर दो आरोपियों को गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया।

सम्मेलन में 1500 युवक-युवतियों ने रजिस्ट्रेशन कराया

दो दिवसीय सर्वजातीय परिचय सम्मेलन के पहले दिन 48 जोड़ों ने विवाह के लिए सहमति जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

महाराजा अग्रसेन विवाह समिति फरीदाबाद के 24वें दो दिवसीय सर्वजातीय परिचय सम्मेलन का पहला दिन बड़ी धूमधाम मनाया गया। प्रधान ब्रह्म प्रकाश गोयल ने बताया कि एनसीआर से लगभग 1500 युवक-युवतियों ने रजिस्ट्रेशन कराया। जिसमें डॉक्टर, इंजीनियर, टीचर, व्यापारी व नौकरी करने वाले युवक-युवतियों का परिचय कराया गया। परिचय सम्मेलन के पहले दिन 48 जोड़ों ने आपस में विवाह करने की सहमति जताई।

वहीं सम्मेलन में डॉक्टर, इंजीनियर, अन्य कई प्रकार की प्रोफेशनल डिग्री वाले युवक एवं युवतियां, टीचर, व्यापारी, अपाहिज, पढ़े-लिखे, विकलांग व अनपढ़, नौकरी करने वाले युवक-युवतियों ने अपना परिचय देकर अपने जीवनसाथी को चुनने की गुजारिश की।

दहेज प्रथा को खत्म करने के लिए सराहनीय कदमः अन्य राज्यों से आए हुए युवक-युवती व उनके परिवार वालों को धर्मशाला में रूकने व उनके भोजन की संपूर्ण व्यवस्था समिति द्वारा करवाई गई। ये सर्वजातीय परिचय सम्मेलन दहेज प्रथा को खत्म करने के लिए एक सराहनीय कदम है।

सम्मेलन में ये लोग शामिल हुए

प्रधान ब्रह्मप्रकाश गोयल ने आए हुए सभी अतिथियों परम सानिध्य बीएम जिंदल, डॉ. कौशल बाटला राजनैतिक सचिव केन्द्रीय राज्यमंत्री, मुख्य अतिथि विकास बंसल, समारोह अध्यक्ष राजीव गोयल, स्वागत अध्यक्ष अनिल गुप्ता, अशोक शर्मा, विशिष्ठ अतिथि उमेश अरोड़ा, जेपी अग्रवाल, आरके गोयल, बिट्टू कंसल, दिनेश अग्रवाल, अनिल सिंघल, महेश चन्द मित्तल, राजपाल गर्ग, पंकज सिंगला, विष्णु गोयल, डीके बंसल, मुकेश गर्ग, मनोज अग्रवाल, सतीश गर्ग, सतबीर डागर, मनोज सिंगला आदि का फूल-मालाओं व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। मंच संचालन ब्रह्मप्रकाश गोयल, कन्हैयालाल गर्ग, संजीव कुशवाहा व पवन गर्ग ने किया।

स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, पर्यटन संबंधी योजनाओं का लोकार्पण करेंगे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री रविवार की दोपहर एकदिवसीय दौरे पर काशी आएंगे। इसके मद्देनजर तुलसीपट्टी हरिहरपुर और सिगरा स्टेडियम स्थित उनके दोनों कार्यक्रम स्थल एसपीजी की सीधी निगरानी में रहेंगे। एसपीजी के अधिकारियों का एक दल बाबतपुर एयरपोर्ट पर भी तैनात है।

काशी से देशवासियों को आज मिलेगा दिवाली का तोहफा

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

पीएम नरेंद्र मोदी देश को दीपावली की सौगात देने के लिए रविवार को वाराणसी पहुंचेंगे। तीसरी बार वाराणसी से सांसद और प्रधानमंत्री बनने के बाद काशी को पीएम मोदी विकास की परियोजनाओं की सौगात देंगे। काशी से ही देश को 6,611.18 करोड़ की 23 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करके देशवासियों को सौगात देंगे ।

प्रधानमंत्री स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, धर्म, पर्यटन से रोजगार, आवास, विमानन जैसी कई सुविधाओं का लोकार्पण करके जनता को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री

वाराणसी एयरपोर्ट के विस्तारीकरण व नए टर्मिनल भवन की नींव भी रखेंगे। वह आरजे शंकरा नेत्र चिकित्सालय को आमजन के लिए लोकार्पित करेंगे और सिगरा स्पोर्ट्स स्टेडियम में 20 हजार से अधिक लोगो से संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा संस्कृत विद्यालयों और अस्पतालों में तीमारदारों के लिए शुरू की गई निःशुल्क भोजन व्यवस्था की घोषणा मंच से कर सकते है। कार्यक्रम के अंतर्गत, करीब 1 बजे पीएम वाराणसी पहुंचेंगे और लगभग 6 बजे काशी से रवाना हो जाएंगे। प्रधानमंत्री की अगवानी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करेंगी। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री समेत कई केंद्रीय और कैबिनेट मंत्रियों के मौजूद रहने की भी संभावना है।

आगमान पर ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा से होगा स्वागत

विकास की परियोजनाओं से काशी का कायाकल्प करने वाली भाजपा की डबल इंजन की सरकार एक बार फिर पूर्वांचल समेत देश के अन्य भागों को दीपावली में विकास की सौगात देने जा रही है। भाजपा, काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि प्रधानमत्री के रविवार को काशी आगमान पर उनका स्वागत काशीवासी ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा से करेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी जगह-जगह स्वागत की तैयारी की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाबतपुर इंटरनेशल एयरपोर्ट से हरहुआ-गाजीपुर रिंग रोड स्थित शंकरा नेत्रालय के उद्घाटन के बाद सड़क मार्ग से सिगरा स्थित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स पहुंचकर परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री एक बड़ी जनसभा को सिगरा स्टेडियम में सम्बोधित करेंगे, इसमें 20 हजार से अधिक लोगो के रहने की सम्भावन है। इसमें प्रमुख रूप से खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों, बुद्धजीवियों, प्रबुद्धजनों, जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्त्ता रहेंगे। प्रधानमंत्री अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से जुड़े 90 करोड़ की लागत से बने आधुनिक आर झुनझुनवाला शंकरा नेत्र चिकित्सालय का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा, सिगरा स्टेडियम समेत 380.13 करोड़ की लागत से तैयार14 परियोजनाएं को जनता को समर्पित करेंगे। वहीं, 2,874.17 करोड़ की लागत की 2 महत्पूर्ण योजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे।

खबर संक्षेप

भागलपुर से गिरिराज की हिंदू स्वाभिमान यात्रा शुरू

भागलपुर। बिहार में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सभी सियासी समीकरण

साधने के साथ ही मतदाताओं को लुभाने के लिए भी रैलियों और यात्राओं का दौर जारी है। केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह ने भागलपुर से हिंदू स्वाभिमान यात्रा शुरू की है। यात्रा शुरू करने से पहले उन्होंने पूजा-अर्चना की और समर्थकों को चिर-परिचित अंदाज में संबोधित किया है।

कार्यवाहक डीजीपी को हटाने का दिया आदेश

रांची। चुनाव आयोग ने झारखंड सरकार को अनुराग गुप्ता को कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक के

पद से तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कि कार्यवाहक डीजीपी को कैडर के सबसे वरिष्ठ डीजीपी स्तर के अधिकारी को कार्यभार सौंप देना चाहिए। साथ ही राज्य सरकार को इन निर्देशों की अनुपालन रिपोर्ट देने को कहा गया है।

उपचुनाव को लेकर सीएम योगी ने सौंपी जिम्मेदारियां, बोले-

जीतेंगे सभी नौ सीटें,आवश्यक है लोगों से संवाद व बूथ प्रबंधन

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में 13 नवंबर को होने वाले नौ सीटों के उपचुनावों को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने सीटों के प्रभारी मंत्रियों के साथ लंबी बैठक की। उन्होंने सभी नौ सीटें जीतने की बात कही और पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां भी निर्धारित किया।

प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपमुख्यमंत्री, जिलों के प्रभारी मंत्री और भाजपा संगठन के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उपचुनाव को लेकर व्यापक विचार विमर्श हुआ और रणनीतियां तैयार की गईं। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी 9 सीटों पर उपचुनाव को जीतने के लिए मंत्रियों और पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां भी निर्धारित किया।

खास बातें

- बैठक में दोनों डिप्टी सीएम भी मौजूद रहे
- जिलों के स्थानीय पदाधिकारी के साथ तालमेल बनाने के निर्देश

बूथ स्तर पर सटीक प्रबंधन और निगरानी आवश्यक

सीएम योगी ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक चुनाव प्रबंधन को मजबूती से संभालने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में हर सीट महत्वपूर्ण है और इसके लिए बूथ स्तर पर सटीक प्रबंधन और निगरानी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने नेताओं को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहने और जमीनी स्तर पर लोगों के बीच जाकर चौपाल लगाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि चौपाल के माध्यम से जनता की समस्याओं को समझा जाए और उनका समाधान किया जाए जिससे लोगों का विश्वास पार्टी में बढ़े।

हर सीट पर जीत के लिए पूरी निष्ठा से जुटें कार्यकर्ता

बैठक के दौरान मंत्रियों और पदाधिकारियों के बीच आपसी समन्वय को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया गया। यह भी तय हुआ कि उपचुनाव में पार्टी का कोई भी नेता अपने निर्धारित क्षेत्र में जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में कोई कमी न छोड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि उपचुनाव जीतना केवल चुनावी सफलता नहीं बल्कि जनता के विश्वास की जीत होगी, इसलिए हर सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम किया जाना चाहिए।

लोगों से सीधा संवाद स्थापित करें

यह भी निर्देश दिया कि प्रभारी मंत्री और पदाधिकारी उन जिलों में अधिक समय बिताएं जहां उपचुनाव हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में जाकर लोगों से सीधा संवाद स्थापित करें, उनकी समस्याओं को सुनें और त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। जिलों के स्थानीय पदाधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर चुनावी तैयारियों को और सुदृढ़ किया जाए। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने भी पार्टी की तैयारियों का जायजा लिया इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने भी पार्टी की तैयारियों का जायजा लिया और सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पार्टी सभी 9 सीटों के लिए पूरी तैयारी कर चुकी है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी। चौधरी ने विश्वास जताया कि पार्टी न सिर्फ 9 घोषित सीटों पर विजय प्राप्त करेगी बल्कि जल्द ही दसवीं सीट भी घोषित होगी और वह भी भाजपा के खाते में ही जाएगी।

बुलडोजर एक्शन से पहले दिखा खौफ!

बहराइच में दुकानदार खुद ही हटा रहे अवैध निर्माण

एजेंसी ▶▶ बहराइच

यहां हुई हिंसा के बाद अवैध निर्माण को बुलडोजर से हटाने की तैयारी शुरू हो गई है। लिहाजा पीडब्ल्यूडी ने करीब 23 घरों, जिनमें मुख्य आरोपी अब्दुल का घर भी शामिल है, वहां नोटिस चिपका दिया है। नोटिस में अवैध निर्माण हटाने के लिए 3 दिन का समय दिया गया है। इसके बाद दुकानदारों ने अपनी दुकानें खाली करने के बाद खुद ही दुकानों के अवैध हिस्से को तोड़ना शुरू कर दिया है। यह काम बुलडोजर एक्शन से बचने और तोड़फोड़ के बाद प्रशासन को भुगतान से बचने के लिए किया जा रहा है। बहराइच हिंसा को लेकर पुलिस ने अब तक 31 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

60 फीट की दूरी बनाए रखने के निर्देश

बताया जा रहा है कि कल से अवैध निर्माण को गिराने के लिए बुलडोजर एक्शन हो सकता है। विभाग की तरफ से सरकारी रास्ते पर अतिक्रमण कर जो निर्माण किए गए हैं, उन पर नोटिस चस्पा किया गया है। 3 दिन में सड़क के मध्य से 60 फीट की दूरी पर बनाए गए निर्माण को हटाने के लिए नोटिस लगाया गया है।

राजस्व के माध्यम से खर्च वसूलने का नोटिस चस्पा

नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अगर आपने यह निर्माण जिलाधिकारी बहराइच या पूर्व विभागीय अनुमति से किया है तो उसकी मूल प्रति तत्काल उपलब्ध कराएं या उक्त अवैध निर्माण 3 दिन के अंदर खुद हटा लें। अन्यथा की दशा में अवैध निर्माण पुलिस और प्रशासन के सहयोग से हटवाने की कार्रवाई की जाएगी। इसमें किए गए खर्च को राजस्व के माध्यम से आपसे ही वसूला जाएगा।

पेज एक का शेष

भाजपा ने आठ राज्यों...

निहार रंजन दास, बेहाली से दिगंता घाटोवर और समागुरी से दीप्लु रंजन शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है। असम में तीन सीटों पर उपचुनाव हैं। केरल में भाजपा के राज्य सचिव सी कृष्णकुमार पलक्कड़ विधानसभा क्षेत्र से और के बालाकृष्णन चेलक्कारा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे।

हर फेक धमकी से ...

होता, बल्कि भारी आर्थिक नुकसान का भी कारण बनती है। उड़ानों का डायवर्जन, अतिरिक्त ईंधन खर्च, क्रू मेंबर्स की बदलती शिफ्ट और यात्रियों की देखभाल जैसी व्यवस्थाएं लाखों-करोड़ों का नुकसान कर देती हैं। एक अनुमान के मुताबिक हर एक फर्जी बम धमकी से एयरलाइंस को 3 करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान होता है। एयरलाइंस के वरिष्ठ अधिकारी इन फर्जी बम धमकियों को 'वित्तीय आतंकवाद' मानते हैं। शनिवार को भी 30 बम धमकी कॉल्स मिलीं, जिनमें अकासा की 15 फ्लाइट्स, विस्तार की 7, इंडिगो की 5 और एयर इंडिया एक्सप्रेस की 3 फ्लाइट्स शामिल हैं

पुलिस को किसी गहरी साजिश का अंदेशा: एजेंसियों और दिल्ली पुलिस के सूत्रों के अनुसार, हाल ही में एयरलाइंस को बम होने की धमकी ज्यादातर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए दी जा रही हैं। जांच में सामने आया कि कुछ धमकी भरे पोस्ट्स का आईपी एड्रेस लंदन और जर्मनी के सर्वरों से निकला, जबकि कुछ आईपी एड्रेस भारत के भी पाए गए। दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को ऐसे अकाउंट्स को डिलीट करने के लिए लिखा है लेकिन इसके बावजूद धमकी भरे पोस्ट लगातार आ रहे हैं। पुलिस को आशंका है कि इस सबके पीछे किसी बड़ी साजिश का हाथ हो सकता है। धमकी देने वाले लोग वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) और डार्क वेब ब्राउजर का इस्तेमाल करके कई अकाउंट्स बनाते हैं और फिर उनसे ये पोस्ट किए जाते हैं। दिल्ली पुलिस ने सोमवार से अब तक 10 से ज्यादा सोशल मीडिया अकाउंट्स को डिलीट करवाया है, जिनमें से अधिकतर एक्स पर थे।

सुरक्षा को लेकर...

बीसीएएस के महानिदेशक जुल्फिकार हसन ने आश्वासन दिया है कि एयरपोर्ट और प्लेन में सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। हसन ने एयरलाइंस को आश्वासन दिया कि सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल और एसओपी का पालन किया जा रहा है। बैठक के दौरान बीसीएएस के डीजी जुल्फिकार हसन ने कहा कि भारतीय आसमान बिल्कुल सुरक्षित है। मौजूदा प्रोटोकॉल (स्थिति से निपटने के लिए) मजबूत है और इसका सख्ती से पालन किया जा रहा है। हम यात्रियों को आश्वस्त करते हैं कि उन्हें बिना किसी डर के उड़ान भरनी चाहिए।

एयर इंडिया को 15-20 ...

गया। विमान खुद बाद में बिना यात्रियों के शिकागो पहुंचा। इस पूरी घटना से एयर इंडिया को 15-20 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।

डायवर्जन की...

टन ईंधन जलाता है, जिसकी कीमत लाखों रु. होती है। कई बार उड़ानों के समय में विस्तार के कारण पायलटों और क्रू मेंबर्स को अगली उड़ान के लिए उपलब्ध नहीं किया जा सकता, जिससे ऑपरेशनल खर्च और बढ़ जाता है।

सिंगापुर व ऑस्ट्रेलिया...

विवियन बालाकृष्णन के साथ मुलाकात होगी। भारतीय शिक्षा मंत्री एशिया में पहले पायदान पर मौजूद सिंगापुर के राष्ट्रीय विश्वविद्यालय का दौरा भी करेंगे। कृत्रिम मेधा को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम एकीकरण पर चर्चा के लिए वह एक स्थानीय माध्यमिक विद्यालय भी जाएंगे। इसके अलावा उनकी शिक्षाविदों, आईआईटी और आईआईएम के पूर्व छात्रों के प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों से भी मुलाकात तय है।

23 से होगा ऑस्ट्रेलिया का दौरा: मंत्रालय ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया में केंद्रीय शिक्षा मंत्री तीन दिनों तक रहेंगे। इसमें 23 अक्टूबर को मेलबर्न में उनकी सांसद और शिक्षा मंत्री जेसन क्लेयर से मुलाकात होगी। ऑस्ट्रेलिया के अंतरराष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन में प्रधान का भाषण होगा। साथ ही वह साउथ मेलबर्न में मौजूद प्राइमरी स्कूल का दौरा करेंगे। जो सीखने के एकीकृत दृष्टिकोण के लिए जाना जाता है। 25 अक्टूबर को शिक्षा मंत्री ग्रेनविले साउथ क्रिएटिव एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स हाई स्कूल भी जाएंगे। इसके अलावा उनकी ऑस्ट्रेलियाई शोध विवि, ग्रुप ऑफ ऐट द्वारा आयोजित भारतीय शोध छात्रों के साथ चर्चा का कार्यक्रम भी है।

विंध्य के लिए 'गेम चेंजर'...

प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताया है। रीवा एयरपोर्ट को अगले 50 सालों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

यह जिले सीधे जुड़ जाएंगे: इस एयरपोर्ट के शुरू हो जाने से रीवा से मऊगंज, सीधी, सतना, मैहर जिले सीधे रूप से जुड़ जाएंगे। रीवा की आबादी करीब 15 लाख, मऊगंज की 8 लाख, सीधी की 12 लाख, सिंगरौली की 12 लाख और सतना जिले की आबादी 18 लाख है। इन जिलों की जनता को रीवा एयरपोर्ट बनने से सीधा फायदा होगा।

डीपीआर बनाने वालों...

के छात्रों से कहें कि इस तरह की डीपीआर को चेक कराएं, उनका अनुभव भी बढ़ेगा और क्रॉस चेक भी होगा। केंद्रीय मंत्री गडकरी शनिवार को भोपाल में शुरू हो रहे दो दिनी आईआरसी सेमीनार में बोल रहे थे। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि विभाग का मंत्री होने के नाते अच्छे कार्यों का क्रेडिट तो उन्हें मिलता है, पर जब सड़कों पर गड्ढे होते हैं, तो उन्हें डिस्क्रेडिट भी झेलना पड़ता है। गडकरी ने सोशल मीडिया पर आलोचनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि लोग बिना सोच-विचार के उन्हें निशाना बनाते हैं।

टॉवर को थोड़ा सरका देते तो 400 करोड़ बच जाते: गडकरी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि एक बार वे बेंगलुरू से चेन्नई एक्सप्रेस-वे का हवाई निरीक्षण कर रहे थे। उनके साथ सतना के एक पांडे इंजीनियर थे। उनसे मैंने कहा कि पांडे जी आपने आईआईटी पास किया है, क्या समझ में नहीं आता कि टॉवर को थोड़ा सरका देते तो 400 करोड़ बच जाते। इस पर पांडे ने सहमति जताई और कहा कि साहब आप सही हैं, यह डीपीआर बनाने वालों की गलती है। उन्होंने कहा कि माफ करना यदि डीपीआर बनाने वालों में से कोई यहां बैठा हो, पर डीपीआर में ऐसा नहीं होना चाहिए।

इंजीनियर सड़कों की गुणवत्ता भी सुनिश्चित करें: केंद्रीय मंत्री गडकरी ने सड़कों की स्थिति और निर्माण प्रक्रिया में सुधार के लिए कई सुझाव दिए। उन्होंने उपस्थित इंजीनियर्स को भी जागरूक किया कि उनकी जिम्मेदारी सिर्फ काम करना नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी भूमिका को समझना भी है। उनका उद्देश्य केवल सड़कों का निर्माण करना नहीं, बल्कि उस निर्माण की गुणवत्ता को भी सुनिश्चित करना है, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि यह ध्यान रखे कि क्वालिटी के साथ कंप्रोमाइज नहीं हो, चूंकि यह अपने देश की संपत्ति है।

गांवों को जोड़ने का कार्य सबसे पहले पटवा जी ने किया था: गडकरी ने कहा कि गांवों का जोड़ने का कार्य सबसे पहले पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री रहे सुंदरलाल पटवा ने की थी। हालांकि, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करीब साढ़े तीन लाख गांवों को जोड़ने का काम अटल बिहारी बाजपेयी सरकार में हुआ। पर शुरूआत पटवा जी ने की थी। उन्होंने वैकल्पिक ऊर्जा के स्रोत के रूप में उपयोग करने आदि का भी सुझाव दिया।

विजया किशोर रहाटकर...

अधिनियम की धारा-3 के तहत विजया की नियुक्ति तीन साल तक या 65 वर्ष की आयु तक (दोनों में से जो भी पहले हो) प्रभावी रहेगी। वह एनसीडब्ल्यू की नौवीं अध्यक्ष होंगी और उनके कार्यकाल की तत्काल शुरुआत होगी। इसे लेकर घोषणा भारत के गजट में प्रकाशित की जाएगी। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए गए उनके योगदान को देखते हुए उन्हें कई पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जा चुका है। इसमें नेशनल लॉ अवार्ड और राष्ट्रीय साहित्यिक परिषद से सावित्रीबाई फुले पुरस्कार शामिल हैं। इसके अलावा डॉ. अर्चना मजूमदार को आयोग का सदस्य बनाया गया है।

दोस्तों के साथ डांस स्टेप की रील

जाल के भीतर गिरने से सिर, धड़ से हुआ अलग

एजेंसी ▶▶ आगरा।

यूपी के आगरा में रील बनाने के चक्कर में एक युवक रीयल लाइफ से हाथ धो बैठा। दरअसल एक युवक पहली मंजिल दोस्तों की मदद से डांस स्टेप की रील बना रहा था। इस दौरान जाल को हटाते ही उसका पैर फिसल गया और जाल में फंस गया। जिससे उसका सिर, धड़ से अलग हो गया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। उधर, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। वहीं, इस घटना से क्षेत्र में सनसनी मच गई।

ये घटना नमक की मंडी का है। जहां जौहरी प्लाजा में काम करने वाल एक युवक शनिवार को दोस्तों के साथ पहली मंजिल पर डांस स्टेप की रील बना रहा था। इस दौरान वहां लगे जाली को हटाते ही उसका पैर फिसल गया जिससे वह जाल में ही फंस गया। हालांकि जब तक उसके साथी मदद करते तब तक उसका सिर, धड़ से अलग हो चुका था। जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इससे हड़कंप मच गया। युवकों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में ले लिया। वहीं, ये पूरी घटना एक सीसीटीवी में कैद हो गई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

नीतीश ने मनीष वर्मा को सौंपा टास्क

समता पार्टी के जमाने के सिपाहियों को खोज रही जेडीयू

एजेंसी ▶▶ पटना।

बिहार में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) को मजबूत करने में जुट गए हैं। जेडीयू अब समता पार्टी के जमाने के पुराने कार्यकर्ताओं को खोज रही है। सीएम नीतीश ने अपने खास नेता जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष वर्मा को यह जिम्मा सौंपा है। जेडीयू को उम्मीद है कि पुराने नेताओं को जोड़ने से फिर से जोड़ने से संगठन को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी।

मनीष वर्मा ने शनिवार को कहा कि 1994 में समता पार्टी का उदय हुआ था। जेडीयू की उत्पत्ति इसी पार्टी से हुई। बिहार उस समय मंडल आयोग की सिफारिशें लागू होने के बाद सामाजिक क्रांति के शिखर पर था। मगर, उस दौर में राज्य अराजकता, भ्रष्टाचार और चौतरफा कुशासन से जूझ रहा था। हम उस समय आंदोलन में शामिल हुए लोगों को सम्मान देने के लिए उन्हें फिर से जोड़ रहे हैं।

जौनपुर का दूल्हा, लाहौर की दुल्हन

भाजपा नेता के बेटे की पाकिस्तानी लड़की के साथ हुआ ऑनलाइन निकाह सुर्खियों में

एजेंसी ▶▶ जौनपुर

भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्ते भले ही ठीक न हों, लेकिन दोनों देशों के लोगों के संबंध अभी भी मजबूत हैं। दरअसल जौनपुर में कुछ ऐसा ही देखने को मिला, जहां एक भाजपा नेता के बेटे की शादी पाकिस्तान के लाहौर में तय हुई थी। हालांकि, ऐन मौके पर वीजा न मिलने के कारण आखिरकार ऑनलाइन निकाह कराया गया।

जौनपुर की ये ऑनलाइन शादी सुर्खियों में है। निकाह के दौरान दोनों तरफ के रिश्तेदार मौजूद थे। एक ओर जहां जौनपुर में दूल्हे के यहां

सैकड़ों बाराती थे तो वहीं लाहौर में भी दुल्हन के यहां रिश्तेदारों को हुजूम उमड़ा था। दोनों का ऑनलाइन निकाह होने के बाद दुल्हन को अब वीजा इंतजार है। उम्मीद है की जल्द ही वह भारत अपने पति के पास आ जाएगी।

यह मामला जिले के मखदूमशाह अढहन का है। भाजपा सभासद सहसीन शाहिद ने एक साल पहले अपने बड़े बेटे मोहम्मद अब्बास की शादी अपने पाकिस्तानी रिश्तेदार अंदलीप जहरा से तय कर दी। शादी के लिए सहसीन शाहीद ने वीजा के लिए अप्लाई किया था। लेकिन शादी की तारीख भी नजदीक आ गई और वीजा भी नहीं मिल पाया। इस बीच पाकिस्तान में लड़की की मां राना यास्मीन जैदी की तबीयत खराब हो गई उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया। ऐसे हालात में भाजपा नेता सहसीन शाहिद ने लाहौर फोन कर ऑनलाइन शादी कराने का फैसला लिया और आखिरकार शुक्रवार की रात तहसीन शाहिद इमामबाड़ा कल्लू मरहूम में बारात लेकर पहुंचे। जहां टीवी स्क्रीन पर सभी के सामने दोनों मुल्कों के मौलवियों ने ऑनलाइन निकाह कराया।



मुस्कुराहट एक ऐसी शारीरिक गतिविधि है, जो ना केवल हमारे शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, इससे हमारे जीवन में खुशी फैलती है। हम टेंशनफ्री होते हैं और हमारे सोशल सर्कल में हमारी इमेज भी पॉजिटिव बनती है। मजे की बात है, यह खूबी हम सभी के पास होती है तो फिर झिझक कैसी? आइए हम भी मुस्कुराएं, आप भी मुस्कुराइए।

स्माइल प्लीज...
लाइफ बनेगी हेल्दी-हैप्पी

कवर स्टोरी / लोकमित्र गौतम

एक मुस्कुराहट आपके लाखों बिगड़े काम बना सकती है। एक मुस्कुराहट आपके भीतर अनगिनत सपने जगा सकती है। गुस्से से जल भुन रहे किसी व्यक्ति को एक हल्की सी मुस्कुराहट पानी-पानी कर सकती है। यह सिर्फ भावुक कवियों या दार्शनिकों के उदार आख्यान नहीं हैं। विज्ञान भी इन बातों के साथ अपनी सहमति जता चुका है कि मुस्कुराहट इंसान की बहुत बड़ी ताकत है। सिर्फ ताकत ही नहीं है, मुस्कुराने के अनगिनत फायदे भी हैं, चाहे हम उन फायदों को जानें या ना जानें।

तनाव-गुस्सा हो जाए गायब: आप बहुत तनाव या गुस्से में हों और किसी वजह से आप में हल्की सी मुस्कुराहट तैर जाए, तो समझिए कि आपका 50 फीसदी तनाव तो मुस्कुराहट के तैरने के साथ ही गायब हो जाएगा। दरअसल, एक छोटी से छोटी मुस्कुराहट भी हमारे न्यूरोपेप्टाइड्स के स्राव सक्रिय कर देती है और इससे तुरंत डोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर का तंत्र भी झनझना जाता है, जिस कारण ना सिर्फ तुरंत हमारा मूड बेहतर होता है बल्कि हम कहीं ज्यादा चैतन्य और सक्रिय हो जाते हैं, जिससे हमारा व्यवहार ज्यादा सकारात्मक और आत्मीय हो जाता है। मुस्कुराहट सिर्फ हमारा तनाव ही कम नहीं करती बल्कि हमारे शरीर का रक्तसंचार भी बेहतर करती है। क्योंकि इससे हमारे शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है। अगर हमारी मुस्कुराहट स्वाभाविक या प्राकृतिक नहीं है बल्कि कोशिशन है, तो इसके भी हमें फायदे मिलते हैं। विज्ञान साबित कर चुका है कि मुस्कराने से हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। इससे हमारे काम करने का ढंग प्रभावी हो जाता है। मुस्कुराहट हमारे शरीर में किसी भी किस्म के दर्द को कम या खत्म करती है, क्योंकि मुस्कुराने से हमारा शरीर एंडोर्फिन जैसे प्राकृतिक दर्द निवारक रिलीज करता है। हम यह भी ना भूलें कि मनोवैज्ञानिक ही नहीं ब्यूटी एक्सपर्ट भी इस बात को तथ्यात्मक रूप से मान चुके हैं कि मुस्कुराने से हम खूबसूरत दिखते हैं। मुस्कुराने से कुरूप से कुरूप व्यक्ति भी खूबसूरत नजर आता है।

मूड बन जाए बेहतर: समझने वाले को इशारा काफी है कि अगर स्वस्थ रहना चाहते हैं, जीवन में सकारात्मक रहना चाहते हैं तो जितना हो सके मुस्कुराहट का दामन थामे रहें। क्योंकि मुस्कुराहट हमारे मूड और स्वास्थ्य को हमेशा बेहतर बनाती है। यह किसी एक मनोवैज्ञानिक या शरीर वैज्ञानिक का दावा नहीं है बल्कि लाखों वैज्ञानिकों की लंबे समय तक की गई समीक्षाओं का निष्कर्ष है। सच पूछा जाए तो मुस्कुराहट किसी शख्स की सबसे बड़ी ताकत होती है।

दूसरों को मिलती है खुशी: मुस्कुराहट सिर्फ खुद को ही अनगिनत फायदे नहीं देती बल्कि यह दूसरों को भी मालामाल करती है। मुस्कुराने से सिर्फ आपका ही दिन नहीं बनता बल्कि यह दूसरों का भी दिन बना सकती है। निश्चित रूप से मुस्कुराहट एक ऐसी अनैच्छिक प्रतिक्रिया है, जो हमें खुशी देती है। अगर हम जान-बूझकर या कहें किसी नाटक के तहत भी मुस्कुराते हैं, तो उस मुस्कुराहट के भी नकारात्मक नतीजे नहीं निकलते बल्कि उससे भी फायदा ही होता है। मुस्कुराहट एक ऐसा संक्रामक प्रभाव है कि अगर हमारे इर्द-गिर्द कोई मुस्कुराता है, तो उसका भी हम सबको फायदा मिलता है यानी मुस्कुराने वाला और जिसके लिए मुस्कुराया जाए, सिर्फ उसे ही नहीं, अगर हम मुस्कुराने वालों के इर्द-गिर्द भी मौजूद हों, तो हमें भी उस मौजूदगी का लाभ होता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मुस्कुराना हम सभी की रोजमर्रा की जिंदगी में कितना फायदेमंद है।

जीते हैं लंबी जिंदगी: मुस्कुराहट के अनगिनत फायदे हैं, चाहे इसे जिस तरीके से विश्लेषित किया जाए। चाहे जैविक आधार पर देखा जाए, चाहे सामाजिक आधार पर समझा जाए और चाहे करियर या कारोबार में सफलता के तौर पर व्यक्त किया जाए। अगर हम जैविक रूप में देखें तो पाते हैं कि जिन लोगों को बात-बात पर मुस्कुराने और ज्यादातर मौकों पर खुश रहने की आदत होती है, वे ऐसे किसी भी व्यक्ति से ज्यादा जीते हैं, गुस्सा जिनकी नाक पर बैठा होता है और जो जिंदगी में ज्यादातर समय दुखी रहते हैं, छोटी सी बात पर परेशान हो जाते हैं, डल हो जाते हैं। ऐसे लोगों के मुकाबले जिंदगी को मुस्कुराकर गुजारने वाले चुनौतियों का मुस्कुराकर मुकाबला करने वाले लोग कहीं ज्यादा जीते हैं और इसका बहुत साधारण सा कारण है। जब हम मुस्कुराते हैं या हमारे सामने मौजूद कोई शख्स मुस्कुराता है तो उसकी मुस्कुराहट से या हमारी अपनी मुस्कुराहट से हमारा मूड बदल जाता है और हम लंबे समय तक सकारात्मक रहते हैं।

निखरती है सोशल इमेज: खुश होना, सकारात्मक रहना, स्वस्थ जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसलिए मुस्कुराने वाले लोग लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन पाते हैं। अगर हम दिन में कम से कम एक बार मुस्कुरा लें तो हमारे दिन भर का काफी हद तक तनाव खत्म हो जाता है। चेहरे की भाव भंगिमाएं, खूबसूरत और सकारात्मक हो जाती हैं, जिस कारण हम जिससे मिलते हैं, उसे तो अच्छा लगता ही है, हमें भी अच्छा लगता है, क्योंकि हम जिससे मिलते हैं, वह व्यक्ति हमसे अच्छा व्यवहार करता है। दिन भर में एक या दो बार भी अगर हम दिल से मुस्कुरा लें, तो हमारी सारी थकान खत्म हो जाती है। हम अभिभूत से दिखने लगते हैं। इससे हमारी सोशल इमेज निखरती है। लब्बोलुआब यह कि मुस्कुराना हमारी हमारी सफलता, हमारी खुशी का सबसे बड़ा सबूत होती है। *

मुस्कुराहट के प्रकार

वैसे मुस्कुराहटें तीन तरह की होती हैं। पहली तरह कि मुस्कुराहट एक ऐसी सौम्य मुस्कुराहट होती है, जो स्वीकृति, खुशी, संतोष और अनगिनत दूसरे सकारात्मक भावों को व्यक्त करती है। दूसरे किस्म की मुस्कुराहट वह होती है, जिससे हमें बल मिलता है, भरोसा मिलता है, अपनापन महसूस होता है, करुणा और सामाजिक जुड़ाव की उम्मीद बंधती है। लेकिन एक वर्चस्व की मुस्कान भी होती है या इसे चाहें तो हम प्रभुत्व की मुस्कुराहट भी कह सकते हैं। भगवान कृष्ण जब दुर्योधन की बड़ी-बड़ी डींगों पर हल्के से मुस्कुरा देते हैं, तो वह मुस्कुराहट दुर्योधन के सारे दावों पर पानी फेरना होता है। यह प्रभुत्व की मुस्कुराहट है। इस मुस्कुराहट से हम दूसरे को खारिज करते हैं, अपनी श्रेष्ठता दर्ज करते हैं और कभी-कभी ऐसी मुस्कुराहट से हम अपने अंदर की घृणा को भी व्यक्त करते हैं।

युवा पीढ़ी समझती है वैवाहिक बंधन की महत्ता

विवाह का बंधन, ऐसा जुड़ाव है, जो दो इंसानों, परिवारों को ही नहीं जोड़ता, सामाजिक संस्कारों को भी आगे बढ़ाता है। आज की युवा पीढ़ी इस बंधन की महत्ता को अच्छी तरह समझती है। इस जुड़ाव को प्रगाढ़ बनाने में करवा चौथ जैसे पर्व बड़ी भूमिका निभाते हैं।

करवा चौथ विशेष

रिलेशनशिप

डॉ. मोनिका शर्मा

एक स्त्री-पुरुष के मन-जीवन का गठजोड़ शादी का रिश्ता, समाज की बुनियाद को मजबूती देता है। भविष्य की पीढ़ियों का आधार और पुरानी पीढ़ी को थामे रखने वाला सहारा बनता है। हमारे देश में विवाह संस्कार को पूरे समाज की ही बुनियाद माना जाता है। यही कारण है कि डिजिटल जुड़ाव से लेकर दुनियावी बदलाव तक, शादी से जुड़े बहुत से रंगों को नहीं बदल सके हैं। अच्छी बात यह है कि बहुत से युवा आज भी परंपरागत रीति-रिवाज से ना केवल शादी करने में बल्कि उसे निभाने में भी विश्वास रखते हैं। करवा चौथ जैसे पर्व, पति-पत्नी के मनोभावों के जुड़े रहने की भावना को और प्रगाढ़ करते हैं।

बरकरार है जिम्मेदारी का भाव: दुनिया के हर समाज में युवा पीढ़ी सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों की वाहक होती है। ट्रेडिशनल रंग-ढंग लिए इन वैल्यूज को उनकी शादी-शुदा जिंदगी अगली पीढ़ी तक लेकर जाती है। दो इंसानों का आपसी स्नेह, संस्कारों की धरोहर भी सहेजता है। सुखद है कि युवा पीढ़ी अब परिवार की महत्ता समझ रही है। कमोबेश हर मोर्चे पर लाइफस्टाइल से जुड़े बदलावों को जीने वाली नई पीढ़ी में पारिवारिक जीवन की अहमियत समझने का भाव भी साफ दिखता है। हमारी परंपरागत और सांस्कृतिक जीवनशैली से जुड़े भाव-चाव को संवारते-संभालते युवा, परिवार तंत्र को बनाए रखने से जुड़े विश्वास को बल देते हैं। दुनिया के हर हिस्से में ही शादी-शुदा जीवन में आ रहे अलगाव और बिखराव से बचने के लिए जज्बाती बंधनों को बनाए रखने की सोच दुनिया भर में सराही जाती है। प्रोफेशनल, पर्सनल, रिश्ते-नातों और मनोभावों से जुड़ी हर जद्दोजहद के बीच भी यंग जनरेशन का विवाह के संबंध में भरोसा बने रहना, पूरे समाज के लिए सुखद है। कुछ समय पहले सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी से जुड़े पब्लिक फाउंडेशन-ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी सर्वेक्षण में सामाजिक-आर्थिक मुद्दों की एक श्रंखला को कवर करने वाली स्टडीज में सामने आया था कि हमारे यहां बड़ी संख्या में युवा परंपरागत ढंग से वैवाहिक बंधन में बंध रहे हैं। शादी डॉट कॉम द्वारा करवाया गया एक अध्ययन भी बताता है कि भारत में शादी को इमोशनल और फाइनेंशियल स्टेबिलिटी से जोड़कर देखे जाने की सोच है। जीवन भर के साथ में ठहराव और लगाव के मायने समझने वाले युवा आज भी परिवार और जीवनसाथी के प्रति जिम्मेदारी का भाव रखते हैं। यही सोच शादी के बंधन में बिखराव नहीं आने देती है।

साथ बने रहने की सोच: हमारे देश में आज भी डाइवोर्स का प्रतिशत बहुत कम है। भारत में तलाक की दर अब भी दुनिया की तुलना में केवल 1 प्रतिशत है। आज भी परिजन हों या खुद यंग कपल्स, छोटी-मोटी उलझनों को रिश्ता टूटने का कारण नहीं बनने देते। साथ रहते-जीते हुए सब कुछ सहज और मनचाहा नहीं हो सकता, यंग जनरेशन की ऐसी समझ वाकई सुखद है। दुनिया के हर हिस्से में बढ़ रहे डाइवोर्स केसेस के बीच भारत में बड़ी संख्या में युवक और युवतियां वैवाहिक संबंधों को लेकर बहुत सकारात्मक सोच रखते हैं। यह सोच उनके घर-परिवार से जुड़े रहने की सोच का ही एक पहलू है। फैमिली से जुड़े रहने से ना केवल समय के साथ बढ़ती उलझनों को सुलझाने में पैरेंट्स की सलाह-समझाइश मिलती है बल्कि शादी-शुदा जिंदगी में सम्मानजनक व्यवहार को भी बल मिलता है। इससे पारिवारिक माहौल में बहुत पॉजिटिव बदलाव आ रहे हैं। एक ओर लव मैरिज से जुड़े बच्चों के फैसले अभिभावक खुशी-खुशी स्वीकार करने लगे हैं तो दूसरी और बहुत से बच्चे भी लाइफ पार्टनर को लेकर पैरेंट्स के चुनाव को अहमियत देते हैं। यह शेयरिंग-केयरिंग का पहलू पूरे फैमिली सिस्टम को थामने वाला है।

जीवन संवारने वाला भरोसा: कुछ समय पहले स्टैटिस्टिक्स ब्रेन रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा किए गए एक अध्ययन में सामने आया था कि अरेंज मैरिज में डाइवोर्स की दर सिर्फ 6 प्रतिशत है। इसी आंकड़े के रेफरेंस देते हुए भारत के 60 प्रतिशत युवाओं ने खुद को अरेंज मैरिज के पक्ष में बताया। सुखद यह है कि ट्रेडिशनल लाइफस्टाइल से जुड़ी यह सोच युवाओं को आज के दौर में मन और शरीर से जुड़ी बहुत सी परेशानियों से भी बचाने वाली है। सार्थक बदलाव के साथ इस भाव और विश्वास की बुनियाद को पक्का करने वाले करवा चौथ जैसे पर्व भी मन के मेल को और बढ़ाने वाले ही हैं। अपने परिवार और साथी की कुशल कामना से जुड़े ऐसे त्योहार, थोड़ा ठहर कर यह सोचने का परिवेश बनाते हैं कि हमारे समाज में शादी सिर्फ दो लोगों का नहीं, दो परिवारों का गठजोड़ है। इससे आपसी भावनात्मक संबंधों में प्रगाढ़ता आती है, समय के साथ बढ़ती जाती है। *

दोहे

केदार शर्मा 'निरीह'

प्रियतम का यूं साथ हो...



धरती पर रस बरसता, कर तम का अवसान।
मन तम को हर लीजिए, हर करके अज्ञान।।
जल बिच खिलती कुमुदनी, चढ़ती ज्यों परवान।
प्रियतम का यूं साथ हो, मांग रही वरदान।।
धरती की कर परिक्रमा, करा नेह का भान।
मेरे प्रियतम संग मैं, करती हूं गुणगान।।
भावों की जलधार से, अर्घ्य का कर दान।
किरण आपकी उतर कर, हरे मनस अज्ञान।।
जीवन झरने सा बहे, प्रियतम के संग-साथ।
छाया हो या धूप हो, रहे हाथ में हाथ।।
सारस संगी सारसी, जैसे आठों याम।
हरिन संग में हरिप्रिया, रमा संग ज्यों राम।।
गिरिजा का ज्यों संग है, गिरिजापति के साथ।
ऐसे साजन साथ दें, सुनिए तारक नाथ।।
युगों युगों से दे रहे, धरती को अवदान।
विनती तारक नाथ से, दें सुहाग सम्मान।।

लघुकथाएं

वचन

प्रवीण को वह करवा चौथ आज भी याद है। जब पत्नी अस्पताल में भर्ती थी। उसके पैर में फ्रेक्चर हो गया था। वह शाम को अपने बिस्तर पर उदास लेटी हुई थी। प्रवीण ने कहा, 'तुम्हारा ऑपरेशन सफल हो गया है फिर क्यों चेहरा लटका रखा है? सुख-दुख तो जीवन में आते-जाते रहते हैं। इसी को ही तो जीवन कहते हैं।'

पत्नी दुखी मन से बोली, 'मुझे अपनी चिंता नहीं है।'

'तो किसकी चिंता है?' प्रवीण ने पूछा।

पत्नी की आंखें नम हो आईं, बोली, 'कल करवा चौथ है और मैं आपकी लंबी उम्र के लिए उपवास भी नहीं रख सकूंगी। बस यही चिंता सता रही है। ईश्वर ने मेरे साथ कितना बुरा किया है।' 'अरे ईश्वर को क्यों कोसती हो...तुम्हें याद है, जब अपनी शादी के फेरे हुए थे तो पंडित जी ने एक-दूसरे का साथ देने के लिए सात वचन करवाए थे। उस समय मैंने भी कहा था, मैं हमेशा तुम्हारे सुख-दुख में सदा साथ रहूंगा। आज शायद वो वचन निभाने का समय आ गया है।' प्रवीण ने पत्नी की हिम्मत बंधाई। पत्नी चौंकी, 'वचन...! करवा चौथ पर कौन-सा वचन निभाओगे?'

'जब तुम मेरी दीर्घायु की कामना करने के लिए पिछले तीस बरसों से करवा चौथ का व्रत करती आई हो... तो कल मैं...।' प्रवीण कुछ और कहता, इससे पहले पत्नी बीच में ही बोली, 'तो कल मैं का क्या मतलब...?' 'कल मैं तुम्हारी दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य की मन्नत के साथ करवा चौथ का व्रत रखूंगा और तुम्हारे दर्शन करके ही अन्न-जल ग्रहण करूंगा।' प्रवीण पत्नी का हाथ अपने हाथों में लेकर बोला।

यह सुनकर पत्नी के आंखों में आंसू छलक आए। *

– गोविंद भारद्वाज

सम्मान

आज आकाश जी खुशी से फूले नहीं समा रहे थे, उनके बेटे अमित ने आईआईटी प्रवेश परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान जो प्राप्त किया था।

आकाश जी बैंक में वरिष्ठ प्रबंधक हैं। उनकी पत्नी प्रभा घरेलू महिला हैं। वह सुबह से ही घर सजाने में व्यस्त थीं। आज मीडिया वाले अमित का इंटरव्यू लेने आने वाले थे। 'मां आप भी तैयार हो जाएं, मीडिया वाले आपसे भी बात करेंगे।' अमित अपनी मां के गले में प्यार से हाथ डालते हुए बोला।

'इन्हें तैयार-वैयार होने की कोई जरूरत नहीं है।' एकाएक आकाश जी बीच में ही बोल पड़े, फिर वह प्रभा की ओर मुखातिब हुए, 'और हां, तुम उन लोगों के सामने आना भी मत। तुम्हें पढ़ाई-लिखाई की बात कहां समझ में आती है। मीडिया वालों के सामने कोई ऊंटपटांग जवाब दे दिया तो भद्द पिट जाएगी।'

आकाश जी की बात सुनकर प्रभा का सारा उत्साह ठंडा पड़ गया। पहली बार उन्हें अपने पति की बात शूल की तरह चुभी थी। ऐसा भी नहीं था कि अनपढ़ होने का तंज उन्होंने पहली बार सहा हो, या इससे पहले कभी उन्हें बच्चों की परवरिश को लेकर पति ने कोई टिप्पणी ना की हो।

तभी दरवाजे की घंटी बजी। मीडिया वाले आ गए थे। आकाश जी आदर के साथ उन लोगों को अंदर लाए। अमित के इंटरव्यू का सिलसिला शुरू हुआ। कई सवाल पूछे जाने के बाद अचानक एक रिपोर्टर की नजर पर्दे की आड़ में से झांक रही किसी महिला पर पड़ी। उसने बरबस अमित से पूछ लिया, 'वे शायद आपकी माता जी हैं, उन्हें तो बुलाइए जरा।'

'अरे, नहीं-नहीं, वो तो हमारी रिश्तेदार हैं। अमित की मां तो मंदिर गई हुई हैं।' आकाश जी ने साफ-साफ झूठ बोल दिया। 'नहीं, यह मेरी मां हैं, पापा झूठ बोल रहे हैं। दरअसल, मेरी मां कम पढ़ी-लिखी हैं, इसलिए पापा उन्हें कभी किसी से नहीं मिलवाते, लेकिन मेरी मां मेरी प्रेरणा हैं। आज तक मैंने जो भी मुकाम हासिल किया है, वह सिर्फ और सिर्फ अपनी मां की वजह से प्राप्त किया है। अगर मां मेरा साथ ना देतीं तो मैं कब का हार मान चुका होता। जब भी मेरी लगन-मेहनत में कमी होती, मां ही मुझे संभालतीं। मेरी मां के विश्वास ने ही मुझे मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और आज मैं इतनी बड़ी सक्सेस पा सका हूं।' कह कर अमित अपनी मां का हाथ पकड़ कर बैठक में ले आया। उसने मां को अपने पापा के पास वाली कुर्सी पर बैठा दिया।

प्रभा की आंखें खुशी से छलक आई थीं। आज उसके बेटे ने उन्हें बहुत बड़ा सम्मान दिलाया था। *

–शीला श्रीवास्तव

पत्रिका चर्चा / विज्ञान भूषण

इंद्रप्रस्थ भारती का रामदरश मिश्र विशेषांक

अनेक विधाओं के लेखन में सिद्धहस्त, कई पुरस्कारों से सम्मानित सात-आठ दशकों से निरंतर रचनारत वयोवृद्ध साहित्यकार रामदरश मिश्र का यह जन्मशती वर्ष चल रहा है। इस अवसर पर उन पर केंद्रित इंद्रप्रस्थ भारती पत्रिका का जुलाई-अगस्त अंक, विशेषांक के रूप में प्रकाशित होकर आया है। यह अंक ना केवल पठनीय अपितु संग्रहणीय भी बन पड़ा है क्योंकि इसमें हम ना केवल रामदरश जी की रचनाशीलता के विभिन्न आयामों से परिचित हो सकते हैं, उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को कई लेखकों के नजरिए से समझ भी सकते हैं। पत्रिका के पहले खंड में वरिष्ठ लेखक प्रकाश मनु और ओम निश्चल ने भरपूर भावुकता से मिश्र जी के साथ अपनी स्मृतियों को साझा किया है तो उनकी पुत्री स्मिता मिश्र की अनुभूतियां भी मार्मिक हैं। दूसरे खंड में मिश्रजी के रचना संसार का एक झरोखा खुलता है। इसमें उनकी कुछ कहानियां, कुछ कविताएं, आत्मकथा के अंश, डायरी के अंश और निबंध पढ़ सकते हैं तो तीसरे खंड में प्रेम जनमेजय, पल्लव, नीलम चतुर्वेदी, वेदमित्र शुक्ल और केशव मोहन पांडे समेत एक दर्जन से अधिक लेखकों ने रामदरश जी की बहुविध रचनाशीलता की महत्ता को रेखांकित किया है। *



पत्रिका: इंद्रप्रस्थ भारती (जुलाई-अगस्त 2024, रामदरश मिश्र जन्मशती विशेषांक), संपादक: संजय कुमार गर्ग, मूल्य: 75 रुपए, प्रकाशक: हिंदी अकादमी, दिल्ली

कार्यकर्ताओं को राष्ट्रहित में काम करने की नई ऊर्जा प्रदान करेगा सक्रिय सदस्यता अभियानः मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद पार्टी के सक्रिय सदस्य बने।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को सक्रिय सदस्य बनाया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रदेश एवं जिला सदस्यता टोली ने वीडी शर्मा व संगठन महामंत्री हितानंद को सक्रिय सदस्यता ग्रहण कराई।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी ने डॉ. यादव को दिलाई भाजपा की सक्रिय सदस्यता

भाजपा प्रदेश एवं जिला सदस्यता टोली ने शर्मा व हितानंद को सक्रिय सदस्यता ग्रहण कराई

मध्यप्रदेश में सक्रिय सदस्यता अभियान का विधिवत शुभारंभ

सदस्य बनने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सक्रिय सदस्यता अभियान कार्यकर्ताओं को राष्ट्रहित में कार्य करने की नई ऊर्जा प्रदान करेगा। साथ ही साधारण सदस्यता अभियान की तरह मध्यप्रदेश सक्रिय सदस्यता अभियान में भी इतिहास बनाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि शुक्रवार से मध्यप्रदेश में सक्रिय सदस्यता अभियान का विधिवत शुभारंभ हो गया है।

अब मध्यप्रदेश के सभी मंडलों में कार्यकर्ता बनेंगे सक्रिय सदस्यः सबनानी

भाजपा सदस्ता प्रभारी भगवानदास सबनानी ने कहा कि शनिवार को प्रदेश के सभी मंडलों में कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में सक्रिय सदस्य बनकर इतिहास बनाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल, वरिष्ठ नेता शैलेन्द्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, ग्वालियर संभाग के प्रभारी विजय दुबे, जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, जिला महामंत्री रविन्द्र यति उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

एमएसपी पर भ्रामक समाचार, होगी कार्रवाई

भोपाल। सोयाबीन पर न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने के संबंध में भ्रामक समाचार फैलाने वालों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसान कल्याण तथा कृषि विकास के सचिव कृषि एम. सेल्वेंद्रन ने फर्जी पत्र वायरल करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए पुलिस को पत्र लिखा है। सेल्वेंद्रन ने बताया कि मप्र सरकार केंद्र सरकार से प्राप्त अनुमति अनुसार वर्ष 2024-25 के लिए सोयाबीन की उपार्जन निर्धारित दर 4892 रुपए प्रति क्विंटल से ही करेगी। उन्होंने बताया कि फर्जी पत्र में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के प्रमुख सचिव एस. सेल्वेंद्रन के हस्ताक्षर से वर्ष 2024-25 विपणन खरीफ फसल सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य को बढ़ाकर 5789 रुपए प्रति क्विंटल करने का जिक्र है, जो पूर्णतः फर्जी और भ्रामक है।

शुक्ला की सदस्य के रूप में हुई नियुक्ति

भोपाल। राज्य शासन ने मुकेश कुमार शुक्ला को मप्र प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग में सदस्य पद पर आगामी आदेश तक नियुक्त किया है। राज्य शासन की ओर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं।

ऑर्गेनिक फूड से खास बनाएं त्यौहार

भोपाल। तेजी से बढ़ती बीमारियों से स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ती जा रही हैं, इन बीमारियों के बढ़ने का एक मुख्य कारण खाने में पोषण की कमी और फसलों की अधिक से अधिक पैदावार के लिए हानिकारक रसायनों का बढ़ता प्रयोग है। 'मंगलम ऑर्गेनिक फूड्स' ऑर्गेनिक फूड्स ने 450 से अधिक प्रोडक्ट्स पेश किए हैं, जिसमें खाने-पीने के शौकीनों के लिए भारत की सबसे बड़ी हेल्दी स्नैक्स की रेंज से लेकर पारंपरिक तरीके से तैयार किये गए घी और शहद तक शामिल हैं।

दिवाली के बाद हो सकेंगे अतिशेष के आदेश

भोपाल। राजधानी में ही करीब एक सैकड़ा अतिशेष शिक्षकों पर फैसला अटका हुआ है। शिक्षक संगठनों के विरोध के बाद विभाग ने शिक्षकों के दावे-आपत्ति बुलाए हैं। अब जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) के स्तर पर दस्तावेजों का परीक्षण किया जा रहा है। डीईओ ये दस्तावेज विकासखंड शिक्षा अधिकारी और संबंधित संकुल प्राचार्य को भेजने शुरू कर दिए हैं। ये अधिकारी दस्तावेजों का परीक्षण कर और अपनी टीप दर्ज कर डीईओ के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत करेंगे और डीईओ संभागीय समिति के समक्ष प्रस्तुत होंगे। हालांकि दीवाली के अवकाश के चलते अब इन मामलों में निर्णय दीवाली के बाद किया जाएगा।

अयोध्या में रामलला के मंदिर में उपयोग में लाए गए मध्यप्रदेश के मंडला के पत्थरः सीएम

माइनिंग कॉन्क्लेव में मिले 20 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र खनिज संपदा से समृद्ध राज्य है। इस संपदा के दोहन के लिए प्रयास बढ़ाते हुए खनिज क्षेत्र में नए निवेश को पूरा प्रोत्साहन दिया जाएगा। खनन क्षेत्र के उद्यमियों को राज्य सरकार सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करेगी। प्रदेश की खनिज संपदा का दोहन करते हुए उत्पाद भी प्रदेश में ही हो, ऐसे प्रयास किए जाएं। ऐसा नहीं हो कि उत्पाद एक रुपए का हो और उसी से बाहर बनकर आया सामान 5 रुपए का। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को 2 दिवसीय माइनिंग कॉन्क्लेव के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में सम्पन्न कॉन्क्लेव में विभिन्न 11 औद्योगिक संस्थानों की ओर से 19,650 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इस मौके पर एमओआईएल (केंद्र सरकार का उपक्रम) और मप्र राज्य खनिज निगम लिमिटेड के मध्य खनिज ब्लॉक से संबंधित संयुक्त उद्यम समझौता हस्ताक्षरित भी हुआ। मुख्यमंत्री ने इस कॉन्क्लेव को सफल आयोजन बताते हुए कहा कि प्रदेश के खनिज राजस्व में भी 5 गुना वृद्धि का लक्ष्य आने वाले समय में प्राप्त किया जाएगा। उद्यमियों के साथ भू-गर्भ शास्त्री, वैज्ञानिक, खनिज विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, भारत सरकार के खनिज मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के अधिकारी कॉन्क्लेव में शामिल हुए हैं।

खनिज क्षेत्र में नए निवेश को पूरा प्रोत्साहन दिया जाएगाः डॉ. यादव

हीरे के बाद अब सोना भी निकालेगा प्रदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि निश्चित ही यह गर्व का विषय है कि मंडला जिले में खनन से प्राप्त पत्थर का उपयोग अयोध्या में श्रीरामलला मंदिर के गर्भ गृह में लगाने का सौभाग्य मध्यप्रदेश को मिला। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को अनुपम चतुर्वेदी और किशोर ने इस पत्थर का नमूना भेंट किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। प्रदर्शनी स्थल पर एनसीएल नॉर्दन कोल-फील्ड्स लिमिटेड, नवाधर सोल्यूशन्स, मार्गसॉफ्ट टेक्नोलॉजिस, बालाजी सोल्यूशन्स, प्रोपल इंडस्ट्रीज, दौलतराम इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील लिमिटेड, टेरेक्स इंडिया प्रायवेट लिमिटेड, ऐरो लिमिटेड, रेलटेल कॉर्पोरेशन, फॉर्च्यून स्टोन्स लिमिटेड, महेश्वर माईनिंग लिमिटेड, इंजीयिटेक कंसलटेंट, रामनिक पॉवर एंड एलॉयस प्रायवेट लिमिटेड, कार्तिकेय एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग सर्विसेज प्रायवेट लिमिटेड के स्टॉल के साथ ही जीएसआई और मप्र के खनिज संसाधन विभाग के स्टॉल भी देखे।

माइनिंग कॉन्क्लेव में प्रमुख निवेश प्रस्ताव

फर्म/कम्पनी का नाम	प्रोजेक्ट का विवरण	स्थान
ल्यूगांग इंडिया, नई दिल्ली	माइनिंग उपकरण निर्माण इकाई	250 करोड़
इंडियन रेयर अर्थस, मुंबई	रेयर मेटल्स क्लस्टर की स्थापना	अचारपुर, जिला भोपाल
द कमोडिटी हब, गुरुग्राम हरियाणा	कॉपर, रॉकफास्फेट तथा सिलीकॉन बेनीफिकेशन प्लांट, निवेश 2000 करोड़	बालाघाट एवं खरगौन
बजरंग पावर एंड इस्पात लिमिटेड, रायपुर छत्तीसगढ़	इंट्रीगेटेड स्टील प्लांट, निवेश 1000 करोड़	उमरिया
श्री व्रिज आयरन एवं स्टील लिमि रायपुर	इंट्रीगेटेड स्टील प्लांट, निवेश 1000 करोड़	कोतमा शहडोल
बैर्री अलायज, कोलकाता	फेरो अलायज इकाई, निवेश 400 करोड़	----------
इन्विनायर पेट्रोडाइन लिमिटेड	कोल बेड मीथेन और कोल गैसीफिकेशन, 5000 करोड़	बैतूल और छिंदवाड़ा
डालमिया सीमेंट, नई दिल्ली	सीमेंट प्लांट की स्थापना, निवेश 3000 करोड़	सतना
जेके सीमेंट	पन्ना जिले में स्थापित सीमेंट प्लांट का विस्तारीकरण, निवेश 2500 करोड़	पन्ना
सिंगरौली एवं शहडोल जिले में आवंटित कोल ब्लॉक,	निवेश 1000 करोड़	सिंगरौली एवं शहडोल
अंबुजा सीमेंट अहमदाबाद, गुजरात	सीमेंट प्लांट की स्थापना निवेश 3000 करोड़	रीवा
सागर स्टोन इंडस्ट्रीज, जबलपुर	फोस्फोराईट से खाद विनिर्माण इकाई, निवेश 500 करोड़	छतरपुर
	कुल -- 19650	

मुख्यमंत्री ने खनिज क्षेत्र के उद्यमियों से वन-टू-वन बातचीत की

खनिज क्षेत्र को पूर्ण सहयोग देगी मप्र सरकार बुनियादी सुविधाएं और जरूरी रियायतें मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माइनिंग कॉन्क्लेव के समापन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सागर स्टोन इंडस्ट्रीज के नितिन शर्मा, कैप्टन स्टील के बैरी अलॉयज, मैंगनीज ओर इंडिया लिमिटेड (एमओआईएल) अजीत कुमार सक्सेना, इंडियन रेयर अर्थस मुंबई के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपेन्द्र सिंह ने भेंट कर मप्र में निवेश के प्रस्तावों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने खनिज क्षेत्र के उद्यमियों से वन-टू-वन बातचीत की।

उन्होंने कहा कि मप्र सरकार निवेश के प्रति गंभीर ही नहीं, संवेदनशील और प्रतिबद्ध भी है। सभी तरह के उद्योगों के लिए बुनियादी सुविधाएं एवं अन्य आवश्यक रियायतें प्रदान की जा रही हैं। इस नाते खनिज क्षेत्र को भी पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि अगले 25-30 वर्षों तक विश्व में भारत का दबदबा रहेगा। विश्व में भारत को एक ब्राइट स्पॉट की तरह देखा जा रहा है। भारत स्टार्ट-अप के क्षेत्र में बहुत बड़ी ताकत बन चुका है।

यूएसए और चीन के बाद स्टार्ट-अप के क्षेत्र में भारत तीसरा बड़ा देश है। यूनीकॉर्न के क्षेत्र में दूसरी बड़ी शक्ति है। पीएम गति शक्ति पोर्टल पर कई विभागों के डेटा को डिजिटाइज कर डाला गया है। इससे कई कार्य कम समय में आसानी से किए जा सकते हैं। अगले 25 सालों में देश की इकोनॉमी 30 ट्रीलियन की होगी तथा देश की जनसंख्या 163 करोड़ होगी। प्रति व्यक्ति आय 18 से 19 हजार डॉलर होगी। मप्र देश का तेजी से विकसित होता राज्य है। प्रदेश मिनरल रिसोर्सेस में तो नम्बर वन है ही, यहां पानी, कोयला एवं अन्य प्राकृतिक संसाधनों की भी प्रचुरता है।

सामरिक खनिज की उपलब्धता विदेशों से आयात पर निर्भर

भारत सरकार, खान मंत्रालय के संचालक अंशु पाण्डे ने बताया कि भारत में सामरिक एवं क्रिटिकल खनिज की उपलब्धता विदेशों से आयात पर निर्भर है। भारत सरकार की ओर से सामरिक एवं क्रिटिकल खनिज के लिए अधिनियम एवं नियमों में प्रावधान किए गए हैं। एरिओ कम्पनी के जीएम पीयूष राणा ने डीमिस्टीफाइंग फ्यूचरिस्टिक माइनिंग-द गेम चेंजिंग इम्पेक्ट ऑफ एआई एण्ड ड्रोन्स विषय पर जानकारी देते हुए बताया कि ड्रोन टेक्नालॉजी को अपना कर माइनिंग सेक्टर में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया जा सकता है। इससे बहुत कम समय में बहुत बड़े स्तर पर निरीक्षण, परीक्षण एवं मेजरमेंट सहित अन्य कई कार्य किए जा सकते हैं।

पूर्वानुमति लिए जाने के नियमों और प्रावधानों की जानकारी दी

अपर मुख्य सचिव वन अशोक वर्णवाल ने वन क्षेत्र में खनिजों के सर्वेक्षण तथा खनिज पट्टे के लिए वन विभाग की पूर्वानुमति लिए जाने के नियमों और प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने वन अनुमति प्राप्त करने के लिए औपचारिकताओं की जानकारी दी। प्रमुख सचिव खनिज साधन संजय कुमार शुक्ला ने प्रदेश में खनिज की उपलब्धता, उत्पादन एवं खनिज आधारित उद्यो ग की संभावना के संबंध में बताया। प्रमुख सचिव पर्यावरण गुलशन बामरा ने बताया कि पर्यावरण संतुलन के साथ खनिजों का खनन आवश्यक है।

सीएम ने प्रदेश के कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान दिए दिशा-निर्देश

अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएः मुख्यमंत्री साय

▶▶ कानून और व्यवस्था बहाल रखना चाहिए, पुलिस त्वरित कार्रवाई करे और चौकन्नी रहे

▶▶ नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि में पुलिस की गश्त नियमित रूप से होनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पुलिस की पेट्रोलिंग होना चाहिए

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री निवास में प्रदेश में कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री साय ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि हर हाल में कानून और व्यवस्था बहाल रखना चाहिए। पुलिस त्वरित कार्रवाई करे और चौकन्ना रहे। सीएम साय ने कहा कि स्थानीय स्तर पर होने वाली घटनाओं पर पुलिस की पैनी नजर होनी चाहिए और इन घटनाओं के संभावित परिणाम पर भी विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपराधों को रोकने के लिए नशे के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाया जाए। गांजा, अवैध शराब, ड्रग्स की तस्करी पर मुस्तैदी से कार्यवाही हो। उन्होंने कहा कि नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि में पुलिस की गश्त नियमित रूप से होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस के आला अफसर भी अनिवार्य रूप से पेट्रोलिंग करें। रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, हवाई अड्डों के साथ ही संवेदनशील इलाकों में नियमित रूप से पुलिस की पेट्रोलिंग होती रहनी चाहिए। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शॉपिंग मॉल, दुकानों, होटलों आदि रात्रि के समय पर निर्धारित समय पर बंद होनी चाहिए। बियर बार एवं होटल निर्धारित समय पर बंद हो ऐसे होटल जहां शराब की अवैध बिक्री की शिकायत मिलती है उन पर सख्त कार्रवाई की जाए। सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि सायबर क्राइम को रोकने के लिए तत्परता से प्रभावी कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव गृह मनोज कुमार पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत सहित गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

सुशील श्रीवास्तव भाजपा के प्रदेश सह संयोजक नियुक्त!

नई दिल्ली। दिल्ली में वरिष्ठ पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता एवं सांस्कृतिकर्मी सुशील श्रीवास्तव को

दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ में दिल्ली प्रदेश का सह संयोजक नियुक्त किया गया ! यह नियुक्ति सर्व प्रकोष्ठ प्रभारी श्री अशोक ठाकुर, प्रदेश सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी श्री गजेन्द्र सोलंकी एवं प्रदेश सांस्कृतिक प्रकोष्ठ संयोजिका डॉक्टर सुकृति माथुर द्वारा नियुक्त किया गया ! इस नियुक्ति पर जसवंत सोनकर, प्रेम कुमार, विजय कुमार, राकेश श्रीवास्तव, मुकेश पाण्डेय एवं दिव्या स्मृति ने बधाई दी एवं इस स्नेह और सम्मान के लिए सुशील श्रीवास्तव ने प्रदेश संयोजिका डॉक्टर सुकृति माथुर को धन्यवाद दिया !

ऑक्सीजन सिलेंडर की चोरी करने वाले दस लोग गिरफ्तार

दुर्ग। दुर्ग में जामुल थाना पुलिस ने ऑक्सीजन सिलेंडर की चोरी करने वाले गिरोह के 10 लोगो को गिरफ्तार किया है। वहीं, दो अन्य आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। जिनकी तलाश में पुलिस जुटी है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 103 ऑक्सीजन सिलेंडर बरामद किए हैं। जामुल थाना प्रभारी कपिल देव पांडेय ने बताया कि प्रार्थी ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी जामुल में ऑक्सीजन सिलेंडर रिफलिंग की कंपनी है। जहां से पिछले कई महीने से लगातार ऑक्सीजन सिलेंडर चोरी हो रहे हैं।

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री Pramod kumar, सपुत्र श्री Babu Ram निवासी House No.-40 Block-I, Adhyapak Nagar Nangloi Nilothi west Delhi-110041 ने अपने बेटे Saurabh Rathore व उसकी पत्नी Smt. Mamta, को गलत आचरण, दुर्व्यवहार के कारण अपनी सम्पूर्ण चल व अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है और उनसे अपने सारे सम्बध विच्छेद कर लिए हैं यदि कोई व्यक्ति उनसे किसी भी प्रकार का लेन-देन व व्यवहार करेगा वह व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा मेरे उपरोक्त मुवक्किल की किसी भी तरह की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

VIKRAM SINGH PANWAR ADVOCATE

पीड़िता को नहीं मुहैया करवाई सुरक्षाः पटवारी

भोपाल। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने खंडवा में पेट्रोल डालकर जलाई गई छेड़छाड़ मामले में पीड़िता की मौत के मामले में प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सीएम डॉ. मोहन यादव को संबोधित करते हुए सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि यह सामान्य नहीं सरकारी हत्या है। साथ ही कहा कि आपकी पुलिस ने न समय रहते कार्रवाई की और न ही पीड़िता को सुरक्षा मुहैया कराई, तभी तो आरोपियों ने दुस्साहस किया और पीड़िता को पेट्रोल डालकर जला दिया। यह जंगलराज की पराकाष्ठा है।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के मोहंदी की घटना, चार जवान घायल

नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट की घटना में दो जवान शहीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणपुर

नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के मोहंदी में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया है। इस ब्लास्ट में आईटीबीपी यानी इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस के चार जवान घायल हो गए, जिनमें से दो जवान बलिदान हो गए। अन्य दो की हालत सामान्य है। घायलों को प्राथमिक इलाज के लिए रायपुर एयर लिफ्ट किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, नारायणपुर जिले के ओरछा, मोंडी एवं एरठभट्टी से तिब्बत सीमा सुरक्षा बल, सीमा सुरक्षा बल एवं जिला रिजर्व पुलिस बल की संयुक्त पार्टी नक्सली अभियान के लिए धुरबेड़ा की ओर रवाना हुए थे। वापसी के दौरान दोपहर ग्राम कोडलियर के पास जंगल में बारूदी सुरंग के चपेट में आने से तिब्बत सीमा सुरक्षा बल के दो जवान अमर पनवार (36) महाराष्ट्र और के राजेश (36) आंध्रप्रदेश के रहने वाले हैं। घायल जवानों को बेहतर इलाज के रायपुर रवाना किया गया।

ब्लास्ट में आईटीबीपी यानी इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस के चार जवान घायल हुए थे, जिनमें दो शहीद

उत्तर रेलवे

शुद्धि-पत्र (निविदा सूचना)

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण / रोड सुरक्षा प्रोजेक्ट, उत्तर रेलवे, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

1	**कार्य का पूरा नाम :** सड़क सुरक्षा परियोजना इकाई (आरएसपीयू) नई दिल्ली के तहत उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल में दिल्ली जंक्शन स्टेशन यार्ड में आरओबी नंबर 1 (पुल डफरिन), आरओबी नंबर 5 (पुल मिठाई) और आरओबी नंबर 6 (पुल बंगश) के पहुंच भाग सहित तीन (03) रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का पुनर्निर्माण
2	**लगभग कार्य की लागत :** रु. 1.07,29,78,348.82
3	**कार्य समाप्ति की अवधि :** 18 (अठारह) माह
4	**बयाना राशि :** रु. 55,14,900/- (पचपन लाख चौदह हजार नौ सौ मात्र)
5	**रेलवे पर निविदा दस्तावेज की बिक्री/उपलब्धता :** वेबसाइट निविदा दस्तावेज़ IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर 18.10.2024 से 11.11.2024, 11.30 बजे तक उपलब्ध होंगे।
6	**निविदाएं अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय :** निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाईट पर 11.11.2024, 11.30 बजे तक अपलोड किए जा सकते हैं।
7	**निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** 11.11.2024 प्रातः 11.30 बजे के पश्चात।

सं.: 05/W/09/2024/WA/Dy.CE/C/RSP दिनांक: 18.10.2024 3250/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

भारत और कनाडा के रिश्ते सबसे खराब दौर में है। खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर की कनाडा में हत्या के बाद कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो द्वारा कनाडाई संसद में भारत पर हत्या में हाथ के बेबुनियाद आरोप लगाने के बाद से दोनों देशों के संबंध खराब होते गए हैं। पीएम ट्रूडो बार बार भारत पर आरोप मढ़ रहे हैं और कोई सबूत नहीं दे रहे हैं। कनाडा के इस रवैये को भारत ने गंभीरता से लिया है व कनाडा को दो टूक संदेश दिया है कि मनगढ़ंत आरोप लगाना बंद करे और भारत में वांछित आतंकियों के खिलाफ एक्शन ले। अनेक मौके पर भारत ने जता दिया है कि भारत में वांछित खलिस्तानी आतंकियों के प्रति कनाडा का ढुलमुल रवैया वैश्विक नियमों के अनुरूप नहीं है, लेकिन कनाडा में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी वस्तुतः सिखों की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थन पर ही सत्तासीन हुई है। अगले वर्ष अक्टूबर में कनाडा में आम चुनाव होने हैं और कनाडा के सिख समुदाय का आमतौर पर जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी का समर्थक क़रार दिया जाता है। इसी कारण ट्रूडो सिख वोट बैंक की खातिर खालिस्तान समर्थक राजनीतिक लीडरों का तुष्टीकरण करने में जुटी हुई है। सवाल यह भी है कि घरेलू राजनीति के चलते किसी दूसरे मुल्क पर आरोप नहीं लगाया जा सकता। भारत व कनाडा के बिगड़ते संबंध का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...

भारत-कनाडा के बिगड़ते ताल्लुकात

कूटनीति
प्रभात कुमार राय
विदेश मामलों के जानकार

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने पार्लियामेंट में इल्ज़ाम आयाद किया था कि हरदीप सिंह निज्जर के कत्ल में भारत सरकार की प्रत्यक्ष भूमिका रही है। हालांकि ट्रूडो वस्तुतः भारत के विरुद्ध अपने इस संगीन इल्जाम के समर्थन में कोई ठोस सबूत अभी तक पेश नहीं कर सके हैं। कनाडा के विपक्ष के नेता पियरे पॉलिवेयर ने इस मामले को सुलझाने में ट्रूडो सरकार को एकदम नाकाम करार दिया है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से कनाडा के लोगों के सामने भारत के विरुद्ध लगाए गए इल्जाम के विषय में सबूत पेश करने की मांग की है। सरगना हरदीप सिंह निज्जर के कत्ल के इल्जाम को लेकर भारत और कनाडा के मध्य एक तल्ख विवाद उत्पन्न हो गया है।

कनाडा में खालिस्तान समर्थक सरगना हरदीप सिंह निज्जर के कत्ल के विषय में एक तहकीकात संचालित की जा रही है। विगत वर्ष प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा कनाडा की पार्लियामेंट में इल्ज़ाम आयाद किया गया था कि हरदीप सिंह निज्जर के कत्ल में भारत सरकार की प्रत्यक्ष भूमिका रही है। हालांकि प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो वस्तुतः भारत के विरुद्ध अपने इस संगीन इल्जाम के समर्थन में कोई ठोस सबूत अभी तक पेश नहीं कर सके हैं। कनाडा के विपक्ष के नेता पियरे पॉलिवेयर ने इस मामले को सुलझाने में ट्रूडो सरकार को एकदम नाकाम करार दिया है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से कनाडा के लोगों के सामने भारत के विरुद्ध लगाए गए इल्जाम के विषय में सबूत पेश करने की मांग की है। सरगना हरदीप सिंह निज्जर के कत्ल के इल्जाम को लेकर भारत और कनाडा के मध्य एक तल्ख विवाद उत्पन्न हो गया है। इस गहन विवाद के कारण ही दोनों देशों के मध्य कूटनीतिक तनाव निरंतर चल रहा है।

छह राजनयिक मुल्क से निष्कासित

उल्लेखनीय है कि कनाडा सरकार ने भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा तथा अन्य राजनयिकों पर जून 2023 में खालिस्तान समर्थक सरगना हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले से संबद्ध होने का संगीन इल्जाम आयाद किया है। भारत और कनाडा के मध्य कूटनीतिक ताल्लुक टूट जाने के कगार तक आ पहुंचे हैं। कनाडा की जस्टिन ट्रूडो हुकूमत ने कनाडा में तैनात भारत के छह राजनयिकों को अपने मुल्क से निष्कासित करने का निर्णय लिया। कनाडा से निष्कासित किए जाने वाले राजनयिकों में भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा भी शामिल हैं। हालांकि भारत सरकार ने कनाडा के इल्ज़ाम को एकदम अस्वीकार करते हुए दावा पेश किया कि उसने खुद ही अपने राजनयिकों को भारत वापस बुला लिया है। इधर भारत सरकार ने भी सख्त जवाबी कार्यवाही करते हुए कनाडा के छह राजनयिकों को भारत से निकाल दिए जाने का आदेश जारी कर दिया। भारत सरकार द्वारा निष्कासित किए गए राजनयिकों में कनाडा के कार्यकारी उच्चायुक्त स्टीवर्ट रॉस व्हीलर भी शामिल हैं। स्मरण कीजिए सन् 1980 का दशक जबकि सन 1982 में खालिस्तानी सरगना तलविंदर परमार ने दो पुलिस अधिकारियों का पंजाब में कत्ल कर दिया था। कत्ल अंजाम देने के बाद में वह फरार होकर कनाडा पहुंच गया था। उस वक्त कनाडा के प्रधानमंत्री पियरे ट्रूडो थे और भारत में इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं।

इंदिरा गांधी ने पियरे ट्रूडो से गुजारिश की थी कि कनाडा सरकार द्वारा तलविंदर परमार को गिरफ्तार करके भारत को सौंप दिया जाए। दुर्भाग्य से इंदिरा गांधी की गुजारिश को कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री पियरे ट्रूडो ने ठुकरा दिया था।

सन् 1985 में एयर इंडिया के विमान कनिष्क ने मांट्रियल से मुंबई के लिए उड़ान भरी और कनिष्क विमान आयरलैंड के समुद्र तट पर बम विस्फोट से विध्वंस हो गया था। इस बम विस्फोट विध्वंस में विमान के 329 यात्री हलाक कर दिए गए। इन विमान यात्रियों में अधिकतर यात्री कनाडा के नागरिक थे। कनिष्क विमान के विध्वंस की तहकीकात के दौरान प्रमुख साजिश कर्ता के रूप में खालिस्तानी सरगना तलविंदर परमार का नाम सबसे पहले सामने आया था। तलविंदर परमार बाद में कनाडा से फ़रार होकर जर्मनी भाग गया। सन 1983 में जर्मन पुलिस ने उसको गिरफ्तार किया। जर्मनी से भारत उसका प्रत्यर्पण संभव नहीं हो सका और जर्मनी ने तलविंदर परमार को कनाडा को सौंप दिया। कनाडा से फ़रार होकर तलविंदर सिंह आखिरकार पाकिस्तान पहुंच गया।

कनाडा में आठ लाख सिख नागरिक

26 जनवरी 1982 को खालिस्तान सरगना सुरजन सिंह गिल ने तथाकथित खालिस्तान हुकूमत का एक दफ्तर भी कनाडा में खोला था। दुर्भाग्य से कनाडा सरकार ने तथाकथित खालिस्तानी हुकूमत को प्रतिबंधित नहीं किया। इस तथाकथित खालिस्तानी हुकूमत ने पासपोर्ट जारी किए और अपनी करंसी भी जारी की। हालांकि कनाडा में बसने वाले भारतीय मूल के तकरीबन तीस लाख नागरिकों में लगभग आठ लाख सिख नागरिक हैं। इन आठ लाख सिखों का तथाकथित खालिस्तान हुकूमत को कदाचित समर्थन नहीं हासिल हुआ। खालिस्तान सरगनाओं द्वारा बब्बर खालसा और वर्ल्ड सिख ऑर्गेनाइजेशन की स्थापना कनाडा में ही अंजाम दी गई थी। दुर्भाग्य से जो ऐतिहासिक गलतियां कनाडा की लिबरल पार्टी के तत्कालीन प्रधानमंत्री पियरे ट्रूडो ने अंजाम दी थी, वैसी ही गंभीर गलतियां आज उनके साहबजादे प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भी बाकायदा दोहरा रहे हैं।

सिख यूथ फेडरेशन का समर्थन

इन सभी तथ्यों से एकदम स्पष्ट हो जाता है कि खालिस्तान समर्थक सरगनाओं को शरण देने का कुकृत्य वस्तुतः कनाडा सरकार सन 1980 के दशक से ही अंजाम देती रही है। सन् 1990 में कनाडा की लिबरल पार्टी को कनाडा की सिख यूथ फेडरेशन द्वारा प्रबल समर्थन प्रदान किया गया। सन् 2006 में लिबरल पार्टी को पराजित करके कंजर्वेटिव पार्टी के स्टीफन हार्पर प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए। पियरे ट्रूडो के प्रधानमंत्री काल के दौरान कनाडा और भारत के बिगड़ गए संबंधों में स्टीफन हार्पर के शुरुआती कार्यकाल में गुणात्मक सुधार आया। सन् 2007 में खालिस्तानी आतंकवादी सरगना तलविंदर परमार के समर्थकों द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में खालिस्तानी आतंकवादी तलविंदर परमार को एक हीरो के तौर पर पेश किया गया था। दुर्भाग्य से खालिस्तान समर्थक और भारत विरोधी रैली में कंजर्वेटिव पार्टी और लिबरल पार्टी के लीडर विद्यमान रहे। इसी प्रस्थान बिंदु से भारत और कनाडा के कूटनीतिक संबंधों में फिर से तल्खी आनी शुरू हो गई। सन् 2015 में जस्टिन ट्रूडो प्रधानमंत्री पद पर आसीन हुए और उन्होंने अपनी कैबिनेट में चार सिख मंत्रियों को भी शामिल किया क्योंकि उनकी लिबरल पार्टी कनाडा के सिखों की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थन और सहायता से ही सत्तासीन हुई थी। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हरजीत सिंह सज्जन को कनाडा का रक्षा मंत्री बनाया। हरजीत सिंह सज्जन वस्तुतः खालिस्तान का सशक्त समर्थक रहा है। इसीलिए पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने हरजीत सिंह सज्जन से मिलने से इनकार कर दिया था, जबकि वह पंजाब के सरकारी दौरे पर भारत आया था। जी-20 शिखर सम्मेलन में सन 2018 में जस्टिन ट्रूडो हिंदुस्तान के दौरे पर आए थे और स्टेट मिनिस्टर गजेंद्र सिंह शेखावत ने उनका हवाई अड्डे पर स्वागत किया था।

खालिस्तानी आतंकवाद के खतरे का उल्लेख

सन् 2018 में कनाडा की राष्ट्रीय सुरक्षा रिपोर्ट में पहली बार खालिस्तानी आतंकवाद के खतरे का बाकायदा उल्लेख किया गया। इस रिपोर्ट के पेश किए जाने के बाद खालिस्तान समर्थकों ने जस्टिन ट्रूडो की पार्टी के लीडरों को यह धमकी दी कि उनको सिखों की किसी भी रैली और सभा में शिरकत नहीं करने दी जाएगी। अगले वर्ष से राष्ट्रीय सुरक्षा रिपोर्ट में खालिस्तानी आतंकवाद का कोई भी उल्लेख नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1979 में दुर्दान्त खालिस्तान सरगना जरनैल सिंह भिंडरावाले की कयादत में पंजाब में पृथकतावादी बगावत का आगाज हुआ था। आखिरकार वर्ष 1993 तक भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पंजाब में खालिस्तानी बगावत का संपूर्ण खात्मा कर दिया गया था। किंतु कुछ खालिस्तानी सरगनाओं ने भारत से फरार होकर पाकिस्तान, कनाडा, इंग्लैंड और अमेरिका में बकायदा शरण ले ली। कनाडा की सिख आबादी में यकीनन खालिस्तानी बगावत के समर्थक राजनीतिक लीडर भी विद्यमान रहे हैं। पाकिस्तान, कनाडा, इंग्लैंड और अमेरिका में सक्रिय खालिस्तानी सरगनाओं की निरंतर कोशिश रही है कि पंजाब में फिर से आतंकवाद को पुनर्जन्म दिया जाए और फिर उसका नृशंस विस्तार किया जाए। उल्लेखनीय है कि पंजाब में सन् 1979 से प्रारंभ हुए खालिस्तानी आतंकवाद के दौर में सन् 1993 तक तकरीबन 14 वर्षों के दौरान पचास हजार से ज्यादा लोग हलाक़ कर दिए गए थे। आज के दौर में खालिस्तानी सरगना कनाडा, अमेरिका, इंग्लैंड और पाकिस्तान में सक्रिय होकर नृशंस ऐतिहासिक दौर को फिर से दोहराने की तैयारी में जुट हुए हैं। वैश्विक आतंकवाद को समाप्त करने की दुहाई देने वाले अमेरिका, इंग्लैंड और कनाडा खुले आम खालिस्तानी आतंकवादियों को प्रश्रय प्रदान कर रहे हैं और प्रोत्साहन दे रहे हैं। भारत द्वारा एक सूची कनाडा की हुकूमत के समक्ष पेश की गई है, जिसके तहत भारत में मोस्ट वांटेड खालिस्तानी आतंकवादियों के नाम हैं, जिनको कनाडा में शरण दी गई है। कनाडा सरकार ने इन आतंकवादी सरगनाओं के विरुद्ध कोई कार्यवाही अंजाम नहीं दी है।

राजनीतिक तुष्टिकरण में जुटी ट्रूडो सरकार

कनाडा में दरअसल प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी वस्तुतः सिखों की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थन पर ही सत्तासीन हुई है। अगले वर्ष अक्टूबर माह में कनाडा में आम चुनाव होने हैं और कनाडा के सिख समुदाय का आमतौर पर जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी पार्टी का समर्थक क़रार दिया जाता है। इसी कारण जस्टिन ट्रूडो वस्तुतः सिख वोट बैंक की खातिर खालिस्तान समर्थक राजनीतिक लीडरों का तुष्टीकरण करने में जुटी हुई है। राजनीतिक तुष्टिकरण के मामले में लिबरल और कंजरवेटिव पार्टी के लीडर ही जिम्मेदार रहे हैं। गौरतलब है कि जस्टिन ट्रूडो जब वर्ष 2015 में पहली बार कनाडा के पीएम बने तो उन्होंने मज़ाकिया लहज़े में ये कहा था कि भारत की मोदी सरकार से ज़्यादा उनकी कैबिनेट में सिख मंत्री हैं। उस समय ट्रूडो ने कैबिनेट में चार सिखों को शामिल किया था। ये कनाडा की राजनीति के इतिहास में पहली बार हुआ था। फ़िलहाल प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के संसद में दिए एक बयान के बाद भारत के साथ कनाडा के रिश्ते गंभीर संकट में पहुंचते दिख रहे हैं। कनाडा के साथ भारत के रिश्तों में खालिस्तान की वजह से संबंधों में उतार-चढ़ाव पहले भी आते रहे हैं, लेकिन इससे पहले कभी ये इतना आगे नहीं बढ़े थे कि संसद में तनाव का ज़िक्र हो। भारत सरकार लंबे समय से कनाडा को खालिस्तानी अलगाववादियों पर कार्रवाई करने के लिए कहती रही है। हालांकि, जब-जब कनाडा के सिखों के बीच ट्रूडो की लोकप्रियता की बात होती है, तो सवाल खालिस्तान समर्थकों पर उनके नरम रुख़ को लेकर भी किए जाते हैं। भारत का मानना है कि ट्रूडो सरकार अपने वोट बैंक की राजनीति को ध्यान में रखते हुए खालिस्तान पर नरम है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी ये दावा कर चुके हैं।

एससीओ मंच से भी आतंक पर कड़ा संदेश

दो टूक
अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ स्तंभकार

इजरायल-लेबनान और रूस-यूक्रेन संघर्ष के बीच पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में संपन्न संघाई को-ऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के जरिए भारत ने एक बार फिर आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता को जाहिर किया है। सम्मेलन में शामिल भारत के विदेशमंत्री एस जयशंकर ने बिना नाम लिए मेजबान देश पाकिस्तान और उसके आका चीन को आड़े हाथों लेते हुए दो टूक कहा कि आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ के खतरे तीन बड़ी चुनौतियां हैं जिसके कारण व्यापार और कनेक्टविटी में समस्या उत्पन्न हो रही है।

उन्होंने एक ईमानदार बातचीत की पहल की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि अगर दोस्ती कमतर पड़ रही है और एक अच्छे पड़ोसी के धर्म निभाए जाने की कमी है तो ऐसे में खुद के भीतर झांकने की जरूरत है। हर किसी की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना जरूरी है। गौर करें तो विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने एससीओ के मंच से इशारे-इशारे में ही पाकिस्तान और चीन दोनों को चेता दिया कि वे पड़ोसी होने का धर्म नहीं निभा रहे हैं और इस क्षेत्र में तनाव के लिए मुख्य रूप से वे जिम्मेदार भी हैं।

चीन की पहल को समर्थन नहीं

विदेशमंत्री जयशंकर ने चीन की महत्वाकांक्षी 'वन बेल्ट वन रोड' पहल का समर्थन करने से भी इनकार कर दिया। जानना आवश्यक है कि इस परियोजना में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा शामिल है जो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के हिस्से से होकर गुजरता है जिसे लेकर भारत की गहरी आपत्ति है। अब भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के तमाम देश भी चीन के इस प्रोजेक्ट की जमकर आलोचना कर रहे हैं। इसलिए कि इसमें शामिल अधिकांश देश चीनी कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं। भारत के इस विरोध से चीन की खीझ बढ़ गई है। विदेशमंत्री एस जयशंकर ने चीन की मंशा पर पानी फेरकर उसे घुटनों पर ला दिया है। पाकिस्तान की भी कोशिश थी कि एससीओ के जरिए माहौल को अनुकूल बना भारत से वार्ता के जरिए नजदीकियां बढ़ाई जाए। लेकिन विदेशमंत्री ने पाकिस्तान जाने से पहले ही भारत के पुराने रुख कि टेरर और टॉक साथ-साथ नहीं चल सकते पर अडिग रहने का फैसला कर लिया था। पाकिस्तान एससीओ की मेजबानी करके बहुत उत्साहित है और अब उसकी कोशिश विश्व बिरादरी में अपनी छवि सुधारने की होगी। लेकिन उसे समझना होगा कि जब तक वह आतंकवाद को प्रश्रय देना बंद नहीं करेगा उसकी छवि सुधरने वाली नहीं है। रही बात एससीओ के भविष्य की तो यह काफी कुछ इस बात पर निर्भर रहेगा कि भारत को लेकर पाकिस्तान और चीन का रवैया क्या रहता है। वैसे हर बार की तरह इस बार भी एससीओ शिखर सम्मेलन से उम्मीद किया जाना चाहिए कि इस सम्मेलन से क्षेत्रीय सुरक्षा की चुनौतियों से निपटने के अलावा आर्थिक विकास को गति देने, व्यापार, निवेश, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य सुविधाओं, कृषि, सूचना एवं संचार प्रौद्यागिकी के क्षेत्र में विस्तार को नया आयाम मिलेगा। जाहिर है कि यह क्षेत्र एक बहुत बड़ा उपभोक्ता बाजार है

जिसमें भारत की भूमिका का लगातार विस्तार हो रहा है। एससीओ में भारत की प्रभावी भूमिका से इस क्षेत्र में उभर रही आतंकी गतिविधियों अंतरराष्ट्रीय खतरों, अवैध ड्रग कारोबार, जैसी चुनौतियों से निपटने और सदस्य देशों को गोलबंद करना आसान होगा। एससीओ में भारत की सहभागिता पर नजर दौड़ाएं तो 2018 में चीन के तटीय शहर किंगदाओ में संपन्न एससीओ के शिखर सम्मेलन में पहली बार शिरकत करने का मौका मिला। इससे पहले बतौर पर्यवेक्षक की भूमिका में ही था। कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में संपन्न सम्मेलन में भारत की स्थायी सदस्यता पर मुहर लगी और महज पांच वर्षों में भारत ने अपनी धारदार भूमिका से एससीओ के चरित्र को बदल दिया।

आधी आबादी का प्रतिनिधित्व

आज की तारीख में यह संगठन विश्व की तकरीबन आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। चूंकि इस संगठन ने संयुक्त राष्ट्र संघ के अलावा यूरोपिय संघ, आसियान, कॉमनवेल्थ और इस्लामिक सहयोग संगठन से भी संबंध स्थापित किए हैं, इस नाते भारत की भूमिका और अधिक व्यापक हो जाती है। गौर करें तो अभी तक एससीओ पर चीन का वर्चस्व रहा है। लेकिन अब भारत की अर्थव्यवस्था चीन के मुकाबले तेजी से आगे बढ़ रही है। ऐसे में संगठन में भारत की भूमिका और स्वीकार्यता दोनों बढ़ी हैं। इस कारण चीन के व्यापक प्रभाव में कमी और दृष्टिकोण में बदलाव आ रहा है। एससीओ के दबाव के कारण चीन आतंकिस्तान बन चुके पाकिस्तान को प्रश्रय तो दे रहा है लेकिन उसे शर्मसार भी होना पड़ रहा है। चूंकि एससीओ के सदस्य देशों की भारत से अति निकटता है, ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता को लेकर चीन के रुख में बदलाव आ सकता है।

मिल सकती है स्थायी सदस्यता

ऐसा इसलिए कि संघाई सहयोग संगठन के सभी सदस्य देश मसलन रूस, कजाखिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन कर चुके हैं। अगर चीन समर्थन करता है तो भारत को स्थायी सदस्यता मिल सकती है। लेकिन सच्चाई यह है कि चीन कभी नहीं चाहेगा कि भारत को स्थाई सदस्यता मिले। संघाई सहयोग संगठन के इतिहास में जाएं तो अप्रैल, 1996 में शंघाई में हुई एक बैठक में चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और ताजिकिस्तान आपस में एकदूसरे के नस्लीय और धार्मिक तनावों से निपटने के लिए सहयोग करने को राजी हुए। तब इस संगठन को शंघाई फाइव कहा गया। शंघाई फाइव के साथ उज्बेकिस्तान के आने के बाद इस समूह को शंघाई सहयोग संगठन कहा गया। यह संगठन एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है। इसका कार्यालय बीजिंग में है और क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी संरचना ताशकंद में है।

भारत की भूमिका की सराहना

राज्य प्रमुखों की परिषद इस संगठन का सर्वोच्च निकाय है जिसकी प्रतिवर्ष बैठक होती है। इसके अलावा शासन प्रमुखों की परिषद (एचजीसी) की वार्षिक बैठक होती है। 2005 में कजाकिस्तान के आस्ताना में भारत के प्रतिनिधियों ने पहली बार शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में भाग लिया और सितंबर 2014 में एससीओ की सदस्यता के लिए आवेदन किया। अच्छी बात है कि भारत ने एससीओ की सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत हर सम्मेलन में यूरेशियाई धरती के लोगों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहरायी। जिस तरह भारतीय विदेशमंत्री ने इस्लामाबाद सम्मेलन के जरिए अपनी बात को दमखम से रखा और आपसी सहयोग बढ़ाने का मंत्र दिया, उससे दुनिया भर में भारत की भूमिका की सराहना हो रही है।

अब विश्व में भारत 'सॉफ्ट स्टेट' नहीं

विदेश नीति
शंभू भद्रा
वरिष्ठ पत्रकार

अगर कहा जाय कि भारत और कनाडा के आपसी संबंध अब तक सबसे खराब दौर में हैं तो, गलत नहीं होगा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की राजनीति दोनों देशों के परस्पर संबंध पर हावी हो रही है। यह पहली बार नहीं जब रिश्ते तल्ख हुए हैं। पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में भी मौजूदा प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के पिता पियरे ट्रूडो जब कनाडा के पीएम थे, तब भी संबंध खराब हुए थे। भारत के मुताबिक, जस्टिन ट्रूडो अपनी सिख वोट बैंक राजनीति के लिए कनाडा में भारत विरोधी तत्वों, भारत के वांछित अपराधियों और खालिस्तानी अलगाववादियों को लेकर आंख मूंदे हुए हैं। इतना ही नहीं, एक आतंकवादी निज्जर की हत्या में भारत के हाथ के आरोप ट्रूडो सरकार लगा रही है, जबकि कोई सबूत कनाडा सरकार के पास नहीं है। खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की 18 जून, 2023 को कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया राज्य में एक गुरुद्वारे के पार्किंग एरिया में कुछ नकाबपोश बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। भारत के 26 वांछितों की सूची कनाडा को दी गई, लेकिन ट्रूडो सरकार ने उस दिशा में कोई काम नहीं किया।

आतंकवाद वैश्विक खतरा

पचास के दशक के बाद से भारत व कनाडा के मधुर संबंध बने हैं। ऐसे में 21वीं सदी में जहां विश्व के सामने आतंकवाद थ्रेट है, उसमें अगर कनाडा पिक एंड चूज की नीति के तहत भारत विरोधी आतंकी तत्वों के प्रति नागरिकता व मानवाधिकार के बहाने बचना चाहेगा तो इससे ट्रूडो सरकार आतंकवाद को बढ़ावा देते ही दिखेंगी। अच्छा और बुरा आतंकवाद की नीति के चलते ही पाकिस्तान दुनिया में अलग-थलग पड़ा। आज विश्व में पाक की पहचान आतंकवाद को पनाह वाले मुल्क की है। कनाडा भी कुछ उसी राह पर जाता दिख रहा है। हाल के दशक में वैश्विक स्तर पर हुई आतंकी घटनाओं से यूरोप, अमेरिका बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, एशिया सबसे अधिक प्रभावित है। भारत पिछले चार दशक से सीमा पार आतंकवाद से पीड़ित है। किसी भी देश में आतंकवाद व अलगाववाद को बढ़ावा देने वाले लोगों व गुटों को अगर दूसरे देश पनाह देते हैं, तो यह वैश्विक अपराध ही है। संयुक्त राष्ट्र भी मानता है कि आज आतंकवाद वैश्विक संकट है, इससे सभी मुल्क मिलकर ही लड़ सकते हैं। कनाडा किसी भी रूप में भारत विरोधी आतंकी व अलगाववादी अभियानों को शह दे, यह भारत को बर्दाश्त नहीं है। इस मुद्दे पर भारत कनाडा से आर-पार की कूटनीतिक लड़ाई भी लड़ सकता है। अब भारत सॉफ्ट स्टेट नहीं है, दुश्मनों के खिलाफ एक्शन लेने वाला मुल्क है और अपनी एकता व अखंडता की रक्षा करने में सक्षम है।

कनाडा की कारस्तानी

खालिस्तान प्रेम में न सिर्फ कनाडा ने भारतीयों की जान ली है, बल्कि दुनिया के कई नागरिकों की भी जान ली है। 23 जून 1985 को कनिष्क विमान में सवार 86 बच्चों समेत 329 लोगों को निशाना बनाया गया। आरोप खालिस्तानी आतंकवादियों पर लगे और इसे ऑपरेशन ब्लू स्टार का जवाब

माना गया, मगर मानव अधिकारों का ढिंढोरा पीटने वाला कनाडा अब तक इस घटना में न तो किसी आरोपी को सजा दिलवा सका और न ही इसकी जांच पूरी कर सका। भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इस तरह के आतंकवादी खतरे की चेतावनी कनाडा के तत्कालीन पीएम और जस्टिन ट्रूडो के पिता पियरे ट्रूडो को खुद भी दी थी। मगर उन्होंने इस मामले को अनदेखा किया और इसका नतीजा पूरी दुनिया ने देखा।

पंजाब में खालिस्तान को लेकर बढ़ती आतंकवादी घटनाओं का दौर था। कनाडा इसे बढ़ावा दे रहा था। पाकिस्तान इसके पीछे था। भारत कनाडा को इस मामले से दूर रहने और उसकी अखंडता का सम्मान करने को कह रहा था, मगर कनाडा अपने ही अहंकार में मस्त था। धीरे-धीरे भारत में खालिस्तान की मांग दम तोड़ती गई। तब कनाडा और पाकिस्तान भगोड़ों और अपराधियों की शरणस्थली बन गए। वर्ष 2023 के मार्च में, कनाडा में भारतीय दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों के बाहर खालिस्तान-समर्थकों द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शनों के चलते भारत ने कनाडाई उच्चायुक्त को तलब किया था। उसी वक्त पंजाब में भी खालिस्तान-समर्थक अमृतपाल सिंह के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जा रही थी।

मोदी व ट्रूडो वार्ता

नई दिल्ली में आयोजित हुए जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भी भारत ने साफ़ संकेत दिए थे कि कनाडा की धरती पर खालिस्तान-समर्थकों की गतिविधियों के ख़िलाफ़ कनाडा की प्रतिक्रिया से भारत असंतुष्ट है। द्विपक्षीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'कनाडा में चरमपंथियों की भारत-विरोधी गतिविधियां जारी रहने' को लेकर भारत की चिंताओं के बारे में जस्टिन ट्रूडो को जानकारी दी थी। उधर, जस्टिन ट्रूडो ने कहा था, 'उन्होंने खालिस्तान चरमपंथ और 'विदेशी हस्तक्षेप' को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कई बार चर्चा की है। कनाडा हिंसा को रोकने के साथ-साथ नफरत को दूर भी करेगा।'

जब ट्रूडो ने लगाए आरोप

सितंबर 2023 में कनाडा ने भारत पर खालिस्तानी आतंकवादी की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया और जवाबी कार्रवाई में नई दिल्ली के इंटेलिजेंस चीफ को निष्कासित कर दिया। कनाडा के इस कूटनीतिक कदम से ओटावा और दिल्ली के बीच संबंधों में पहले से भी ज्यादा खटास आ गई। जनवरी 2024 में एक बार फिर कनाडा ने भारत को एक 'विदेशी खतरा' बताया और कहा कि वह संभावित रूप से उनके चुनावों में हस्तक्षेप कर सकता है। भारत ने कनाडा के चुनाव में हस्तक्षेप के आरोप को खारिज कर दिया। भारत ने कहा कि कनाडा ही हमारे आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है। अप्रैल 2024 में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालिस्तानी समर्थक नारेबाजी का भारत ने कड़ा विरोध जताया। साथ ही कनाडा के राजदूत को तलब किया। **कनाडा को नुकसान** : भारत और कनाडा के बीच तनावपूर्ण संबंधों के चलते छात्रों के आव्रजन, व्यापार संबंधों और कनाडा की इंडो-पैसिफिक रणनीति पर प्रभाव जरूर पड़ेगा। कनाडा में भारतीय छात्र कम जाएंगे या नहीं जाएंगे। इससे कनाडाई यूनिवर्सिटी को आर्थिक नुकसान होगा। ट्रेड भी प्रभावित होगा। दाल का आयात भारत ने बंद कर दिया है। भारत और कनाडा के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर करने के लिए बातचीत भी रोक दी गई है। अमेरिका ने भारत को इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) में और इजरायल व यूएई के साथ गठित आई2यू2 ब्लॉक के संस्थापक सदस्य के रूप में शामिल किया। कनाडा को क्वाड, इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क और आई2यू2 ब्लॉक में शामिल नहीं किया गया।

पीएम ने की नेशनल लर्निंग वीक की शुरुआत

सिविल सर्वेंट्स को विकास की दिशा में नई प्रेरणा मिलेगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कर्मयोगी सप्ताह नेशनल लर्निंग वीक का शुभारंभ किया। 25 अक्टूबर तक चलने वाला यह इवेंट सुबह 10.30 बजे नई दिल्ली के डॉ. आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में शुरू हुआ।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को 2024 को कर्मयोगी सप्ताह नेशनल लर्निंग वीक का शुभारंभ किया। 25 अक्टूबर तक चलने वाला यह इवेंट सुबह 10.30 बजे नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में शुरू हुआ। इसमें 30 लाख से ज्यादा सिविल सर्वेंट हिस्सा लेंगे। यह आयोजन सिविल सर्वेंट्स को विकास की दिशा में नई प्रेरणा प्रदान करेगा।

पर्सनल और ऑर्गेनाइजेशनल स्किल डेवलपमेंट को नई दिशा मिलेगी

सितंबर 2020 से शुरू हुए मिशन कर्मयोगी का मकसद सिविल सर्वेंट्स के लिए पर्सनल और ऑर्गनाइजेशनल स्किल डेवलपमेंट को नई दिशा देना है। इस दौरान, हर कर्मयोगी 4 घंटे की लर्निंग में हिस्सा लेगा। इसका लक्ष्य एक सरकार का संदेश देना, सभी को राष्ट्रीय लक्ष्यों के साथ जोड़ना और आजीवन लर्निंग को बढ़ावा देना है।

30 लाख से ज्यादा सिविल सर्वेंट हुए शामिल

मिशन कर्मयोगी का लक्ष्य

मिशन कर्मयोगी के तहत आयोजित लर्निंग वीक का उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को कुशल बनाना है, ताकि देश की कुशलतापूर्वक सेवा करने की उनकी क्षमता में वृद्धि हो। स्किल बेस्ड लर्निंग के जरिए यह पहल एक गतिशील और भविष्य के लिए तैयार वर्कफोर्स बनाने, भारत के विकास को बढ़ावा देने और शासन को बदलने पर केंद्रित है।

4 साल पहले हुई शुरुआत

मिशन कर्मयोगी की शुरुआत सितंबर 2020 में हुई थी और तब से इसमें उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इसमें वैश्विक परिप्रेक्ष्य के साथ भारतीय लोकाचार में निहित भविष्य के अनुकूल सिविल सेवा की कल्पना की गई है। इस दौरान, मंत्रालय, विभाग और संगठन क्षेत्र-विशिष्ट दक्षताओं को बढ़ाने के लिए सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित करते हैं।

कैसे पूरे होंगे लर्निंग के 4 घंटे

प्रतिभागी आईजीओटी मॉड्यूल और मशहूर व्यक्तियों के वेबिनार, व्याख्यान/मास्टर क्लास के जरिए ये घंटे पूरे कर सकते हैं। कार्यक्रम के वक्ता अपने क्षेत्रों से जुड़े विषयों पर जानकारी देंगे। साथ ही सिविल सर्वेंट्स को असरदार तरीके से नागरिक-केंद्रित सेवा वितरण की दिशा में काम करने में मदद करेंगे। इस दौरान, मंत्रालय, विभाग और संगठन डोमेन स्पेसिफिक कैपेसिटी को बढ़ाने के लिए सेमिनार और वर्कशॉप भी आयोजित करेंगे।

अंबिकापुर के मां महामाया एयरपोर्ट का लोकार्पण आज

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुलल सरगुजा जिले की बहुप्रतीक्षित मांगों में एक अंबिकापुर को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ने की मांग अब पूरी हो जाएीग। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उड्यन मंत्री राममोहन नायडू वर्चुअल माध्यम से अम्बिकापुर के मां महामाया एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। एयरपोर्ट के उद्घाटन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सहित अन्य मंत्री भी उपस्थित होंगे। उद्घाटन की तैयारी जोरों-शोरों से चल रही है। दरअसल 2014 में देश में प्रधान मंत्री नकी नेतृत्व वाली सरकार ने जैसे ही देश की कमान अपने हाथों में संभाली, वैसे ही आम आदमी को हवाई चप्पल से हवाई जहाज का सफर करने को लेकर केंद्र सरकार ने उड़ान योजना बनाई, जिसके तहत देश के कई ऐसे एरोड्रम जो वास्तव में हैं तो, लेकिन उनकी उपयोगिता शुन्य के समान थी, उन्हें नए सिरे से संवारने और नया स्वरूप देने के लिए उड़ान योजना के तहत केंद्र सरकार ने अरबों का बजट स्वीकृत किया था।

खबर संक्षेप

नाबालिग के साथ 7 माह में 8 लोगों ने किया रेप

थानगढ़ । गुजरात से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें एक 17 साल की बच्ची के साथ पिछले 7 महीनों में 8से अधिक लोगों ने दुष्कर्म किया। लड़की को कथित तौर पर कई स्थानों पर ले जाया गया और उसका यौन उत्पीड़न किया गया। पीड़िता की मां ने थानगढ़ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अपहरण और यौन उत्पीड़न के मामले में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। अपहरण 15 अक्टूबर को किया गया था।

मुथ्यलम्मा में प्रदर्शन लोगों पर भांजी लाठियां

हैदराबाद। यहां के श्री मुथ्यलम्मा देवी मंदिर में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। मंदिर में मूर्ति पर तोड़े जाने के खिलाफ लोग विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे। कई लोग श्री मुथ्यलम्मा देवी मंदिर में एकत्र हुए थे। यह घटना 14 अक्टूबर की सुबह की है। जब मंदिर में मूर्ति तोड़े जाने की घटना सामने आई थी। जिसके बाद तनाव पैदा हो गया था। लोगों में आक्रोश और विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। यहां मूर्ति खंडित करने के कारण लोग आक्रोशित हैं।

शबाना आजमी को उत्कृष्टता पुरस्कार

मुंबई। 'मामी मुंबई फिल्म महोत्सव-2024' की शुरुआत फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया की फिल्म 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' की स्क्रीनिंग से हुई। इसमें जानी-मानी अभिनेत्री शबाना आजमी को 'सिनेमा में उत्कृष्टता पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। 'मुंबई एकेडमी ऑफ मूविंग इमेज' द्वारा महोत्सव का आगाज रीगल सिनेमा में हुआ। यह 24 तक रीगल सिनेमा और जुहू पीवीआर में आयोजित है।

कोरियोग्राफर डिसूजा और पत्नी पर केस दर्ज

मुंबई। ठाणे जिले में प्रसिद्ध कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा, उनकी पत्नी लिजेल सहित 7 के खिलाफ एक डांस मंडली ने 11.96 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने शनिवार को य बताया कि एक 26 वर्षीय डांसर की शिकायत पर 16 अक्टूबर को मीरा रोड पुलिस थाने में रेमो, उनकी पत्नी और अन्य आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 465 (जालसाजी), 420 (धोखाधड़ी) और अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। इसमें कई साथी भी हैं।

आरजी कर मेडिकल कॉलेज में दुष्कर्म और हत्या का मामला

आमरण अनशन स्थल पर डॉक्टरों से मिले सीएस और ममता ने की अनशन खत्म करने की अपील

▶ सीएम बेनर्जी ने कहा- सोमवार को वे मुलाकात करेंगी, डॉक्टर्स ने 21 अक्टूबर तक तय की समय सीमा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के विरोध में आमरण अनशन कर रहे जूनियर डॉक्टरों से पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत और गृह सचिव नंदिनी चक्रबर्ती ने मुलाकात की। इस दौरान पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने जूनियर डॉक्टरों से फोन पर बात की। उन्होंने जूनियर डॉक्टरों से आमरण अनशन खत्म करने की अपील की। साथ ही कहा वह सोमवार को उनसे मुलाकात करेंगी। दरअसल जूनियर डॉक्टर की हत्या के विरोध में आमरण अनशन कर रहे 6 चिकित्सकों को हालत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका है। मौजूदा समय में एस्पलेनेड क्षेत्र में अनशन कर रहे 8 चिकित्सकों ने राज्य सरकार ने 21 अक्टूबर तक मांगों पर गौर करने की मांग की है।

22 तक मागें पूरी नहीं की तो राज्यभर में करेंगे हड़ताल

एक चिकित्सक ने कहा कि अगर उनकी मांगें 22 अक्टूबर तक पूरी नहीं हुईं तो वे पूरे राज्य भर में हड़ताल करेंगे। हम चाहते हैं कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हमारे साथ बैठकर बात करें और हमारी सभी मांगों को पूरा करें। प्रदर्शनकारी चिकित्सकों के साथ ही कई कलाकारों ने सांकेतिक भूख हड़ताल की।

6 चिकित्सक अस्पताल में भर्ती कराए गए

चिकित्सकों ने महारैली की योजना बनाई

आंदोलन कर रहे चिकित्सकों ने रविवार को अपनी मांगों को लेकर एक महारैली की योजना बनाई है। इसमें वह स्वास्थ्य सचिव एनएस निगम को हटाने की भी मांग करेंगे। इसके अलावा चिकित्सकों ने राज्य सरकार से सभी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में केंद्रीयकृत रेफरल प्रणाली स्थापित करने, बेड रिक्ति नियंत्रण सिस्टम और कार्यस्थलों पर सीसीटीवी, ऑन कॉल ड्यूटी, वॉशरूम बनवाने के लिए टास्क फोर्स का गठन करने की मांग की है।

सीएम ममता ने की फोन पर बात, मांगा समय

वहीं मुख्य सचिव के आमरण अनशन स्थल पर पहुंचने के दौरान सीएम ममता बेनर्जी ने आंदोलनकारी डॉक्टरों से फोन पर बात की। सीएम ने डॉक्टरों से अनशन खत्म करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर किसी को विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है, लेकिन इससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए। सीएम ने कहा कि आपकी अधिकतर मांगों को पूरा कर दिया गया है, शेष मांगों को पूरा करने के लिए तीन से चार महीने का समय दीजिए।

सरकार के साथ बातचीत करें डॉक्टर्स

सीएम ने डॉक्टरों से कहा कि मांगों से हम असहमत नहीं हैं। बातचीत के लिए सरकार के साथ बैठने का आपसे अनुरोध है। प्रदर्शन समाप्त कर दीजिए। कुछ मांगों को पूरा करने के लिए नीतिगत फैसले की जरूरत है। साथ ही कहा कि यह स्वीकार नहीं है कि सरकार को निर्देशित किया जाए कि क्या करना चाहिए।

मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

पुलिस थाने पर किया हमला गोलीबारी की, जलाए 3 घर

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर में एक बार फिर कुकी और मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष के बीच हिंसा की घटना सामने आई है। ताजा घटना जिरीबाम जिले में हुई। जहां बोरोबेकेरा पुलिस स्टेशन पर हमला करने के बाद सुबह करीब साढ़े पांच बजे गोलीबारी शुरू हो गई। पुलिस ने एक बयान में कहा है कि संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने तीन मैतेई घरों को जला दिया। विस्फोटकों से घर भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उग्रवादियों ने आधुनिक हथियारों से तड़के करीब पांच बजे बोरोबेकरा पुलिस थाने के तहत आने वाले एक गांव को निशाना बनाया। उन्होंने बताया कि उग्रवादियों ने बमबारी भी की। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और पुलिस कर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की और दोनों ओर से भारी गोलीबारी हुई।

हमले में बम का इस्तेमाल किया गया

पुलिस ने ताजा बयान में कहा कि संदिग्ध कुकी आतंकवादियों द्वारा बोरोबेकेरा पुलिस स्टेशन पर हमला करने के बाद सुबह करीब साढ़े पांच बजे गोलीबारी शुरू हो गई। बोरोबेकेरा जिरीबाम के मुख्यालय से लगभग 30 किमी दूर स्थित है। हमले में बम का इस्तेमाल किया गया। ये हमला ऐसे वक्त में हुआ है जब कुछ दिन पहले मणिपुर में शांति बहाल को लेकर दिल्ली में मैतेई, कुकी-ज़ो-हमार और नागा समुदायों के विधायकों द्वारा शांति वार्ता शुरू की गई थी।

पुलिस कर्मियों ने की जवाबी कार्रवाई

अधिकारी ने आगे बताया कि सीआरपीएफ और पुलिस कर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद दोनों के बीच भारी गोलीबारी हुई। अतिरिक्त सुरक्षा बलों को घटनास्थल पर भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है. हिंसा भड़कने के बाद सुरक्षा बलों द्वारा बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा रहा है।

बोरोबेक्रा में किए कई हमले

जिरीबाम शहर से करीब 30 किलोमीटर दूर स्थित बोरोबेक्रा घने जंगलों और पहाड़ी इलाकों से घिरा हुआ है। पिछले साल मई में राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद इस इलाके में कई ऐसे हमले हुए हैं। कुछ दिनों पहले ही नई दिल्ली में मैतेई और कुकी समुदायों के विधायकों के बीच चल रहे संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान निकालने के लिए बातचीत हुई थी।

संपन्न हुआ भारत और अन्य भागीदार देशों के बीच जारी 'मालाबार' युद्धाभ्यास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच विशाखापट्टनम में जारी नौसैन्य युद्धाभ्यास 'मालाबार-2024' समाप्त हो गया है। इसमें भारत के अलावा अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान की नौसेनाएं अपने जंगी बेड़े के साथ शामिल हुई थीं।

नौसेना ने शनिवार को बताया कि 8 अक्टूबर से देश के पूर्वी तट पर इस सैन्य अभ्यास की शुरुआत की गई थी। इसमें बंदरगाह और समुद्री जैसे दो चरण आयोजित किए गए। पहला बंदरगाह चरण 14 अक्टूबर को समाप्त हो गया था और उसके बाद अब समुद्री चरण भी संपन्न हो गया है। जिसमें चारों नौसेनाओं के युद्धपोत, हेलिकॉप्टर, लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमान और पनडुब्बी की एक साथ भागीदारी देखी गई। सभी ने सतह, उप-सतह और वायु युद्ध के क्षेत्र में जटिल और उन्नत अभ्यासों में हिस्सा लिया।

समुद्री चरण में हुई गतिविधियां

नौसेना ने बताया कि युद्धाभ्यास के इस चरण में सतह से हथियार फायरिंग, एंटी एयर शूट, वायु रक्षा अभ्यास, पनडुब्बी रोधी युद्धाभ्यास, जहाज से चलने वाले हेलिकॉप्टरों के व्यापक संचालन, टैंकरों से ईंधन भरने और समुद्री मार्गों पर अवैध गतिविधियों को रोकने और नियंत्रित करने वाली कार्रवाईयों सहित समुद्री युद्ध कौशल के विकास से संबंधित अभ्यास शामिल थे।

बेहतर होगी समुद्री समझ और सहयोग

युद्धाभ्यास का यह चरण एक ऐसे समय पूरा हुआ। जब विश्व बढ़ती हुई जटिल समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से जूझ रहा है। उस दौरान मालाबार ने क्षेत्र में समझ, सहयोग और जुड़ाव को बेहतर करने की दिशा में भाग लेने वाले देशों की कटिबद्धता के लिए एक प्रमाण के रूप में काम किया है। युद्धाभ्यास के समापन समारोह में इस चरण के परिचालन पहलुओं की समीक्षा की गई। सभी भागीदार नौसेनाओं के अनुभव और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा कर आपस में बातचीत के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

हरियाणा के पंचकूला में भीषण एक्सीडेंट

खाई में गिरी बेकाबू स्कूल बस ड्राइवर समेत 15 बच्चे घायल

एजेंसी ▶▶ पंचकूला

हरियाणा के पंचकूला से एक दुखद घटना सामने आई है, जहां बच्चों को ले जा रही एक स्कूल बस का भीषण एक्सीडेंट हो गया, जिसके परिणामस्वरूप 15 बच्चे घायल हो गए हैं। यह दुर्घटना टिक्कर ताल रोड पर थल गांव के पास हुई, जब पंजाब के मलेरकोटला के ननकाना साहिब स्कूल के बच्चे और स्टाफ सदस्य भ्रमण के लिए मोरनी हिल्स जा रहे थे। इस दौरान बस चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे बस खाई में गिर गई, जिससे चीख-पुकार मच गई। बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचा। चालक भी घायल है।

तमिल राज्यगान पर विवाद

राज्यपाल यदि पद पर बने रहना चाहते हैं तो विभाजनकारी ताकतों से मुक्त रहना चाहिए

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में एक बार फिर सियासी पारा चरम पर है। यहां राज्यगान में द्रविड़ शब्द छूटने पर हंगामा हो गया है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने राज्यपाल आरएन रवि पर गंभीर आरोप लगाए। इस पर राज्यपाल ने सफाई भी दी। राज्यपाल के बयान के सीएम ने एक बार फिर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि यदि आर एन रवि राज्यपाल बने रहना चाहते हैं तो उन्हें खुद को विभाजनकारी ताकतों से मुक्त कर लेना चाहिए और संवैधानिक मानदंडों के अनुसार कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए।

गलती से द्रविड़ शब्द छूट गया

मामला दूरदर्शन के हिंदी महोत्सव समापन समारोह से जुड़ा है। इस समारोह में 'तमिल थाई वाज्थु' गाया जा रहा था। इस दौरान गलती से गीत से द्रविड़ शब्द छूट गया, जिसके बाद सीएम एमके स्टालिन ने इसे तमिल भाषा का अपमान बताया। स्टालिन ने कहा कि राज्यपाल को 'द्रविड़ियाई एलर्जी' है और केंद्र सरकार को तुरंत उन्हें पद से हटाना चाहिए। हालांकि, इसके बाद राज्यपाल ने सफाई दी थी। वहीं, दूरदर्शन केंद्र ने इस पर स्पष्टीकरण देते हुए माफी मांगी है।

कृषिमंत्री चौहान ने राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन-रबी अभियान 2024 का किया शुभारंभ

उर्वरकों पर निर्भरता कम करने जैविक-प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पिछले कृषि सत्रों के दौरान फसल प्रदर्शन की समीक्षा और आकलन करने तथा रबी सत्र के लिए फसल-विशिष्ट लक्ष्यों को निर्धारित करने के उद्देश्य से शनिवार को नई दिल्ली के पूसा परिसर में राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन-रबी अभियान 2024 का उद्घाटन किया। सम्मेलन का उद्देश्य सभी हितधारकों के बीच नवोन्मेषी कृषि प्रथाओं और डिजिटल पहलों पर चर्चा को बढ़ावा देना था, ताकि आवश्यक कृषि इनपुट्स की सुगम आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके और उन्नत तकनीकों को अपनाने का समर्थन किया जा सके, जिससे फसल उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि हो सके ।

उत्पादन लागत को कम करना और किसानों को उचित मूल्य प्रदान करना हमारा लक्ष्य

चौहान ने कहा कि हमें उत्पादकता बढ़ाने और रसायनों और उर्वरकों पर निर्भरता कम करने के लिए जैविक और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ना चाहिए। लक्ष्य है प्रति हेक्टेयर उपज बढ़ाना, जबकि उत्पादन लागत को कम करना और किसानों को उचित मूल्य प्रदान करना। परिवहन लागत को कम करने के लिए एक समिति का गठन किया गया है, ताकि खरीद मूल्य और बिक्री मूल्य के बीच के अंतर को कम किया जा सके। राज्यों को केंद्र के साथ मिलकर कृषि-जलवायु परिस्थितियों के आधार पर उत्पादन बढ़ाने पर काम करना चाहिए, ताकि भारत विश्व का सबसे बड़ा खाद्य भंडार बन सके। 2024-25 में खाद्यान्न उत्पादन का राष्ट्रीय लक्ष्य 341.55 मिलियन टन होगा।

उन्होंने आश्वासन दिया कि भारत सरकार मंत्रियों और राज्य प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए हर सुझाव पर सहयोगी रूप से काम करेगी। सम्मेलन मेंरामनाथ ठाकुर, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री ने राज्यों से अनुरोध किया कि वे बाढ़ और चक्रवात के कारण फसल क्षति से प्रभावित किसानों की सहायता के लिए तुरंत कार्रवाई करें। वरिष्ठ अधिकारियों और शोधकर्ताओं को बाजार में कृषि इनपुट्स की गुणवत्ता का आकलन करना चाहिए। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने देश में दालों और तेल बीजों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लिए लगातार काम करने वाले शोध संगठनों के प्रति आभार व्यक्त किया। इसमें बताया गया कि देश में खाद्य तेल की बढ़ती मांग को पूरा करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए, सरकार का लक्ष्य 2022-23 में 39.2 एमएमटी से 2030-31 में 69.7 एमएमटी तक तेल बीजों के उत्पादन को बढ़ाना है, खेती के अंतर्गत क्षेत्र को मौजूदा 29 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 33 लाख हेक्टेयर करना और 2030-31 तक प्रति हेक्टेयर उपज को 1353 किलोग्राम से 2112 किलोग्राम तक बढ़ाना है।

मल्टीकैप फंड निवेश का बेहतरीन विकल्प

एक साल में 56% तक रिटर्न

● शेयर बाजार में गिरावट के बावजूद भी बढ़िया रिटर्न देने में अव्वल ● म्यूचुअल फंड के जरिये संतुलित निवेश करने से नहीं होती परेशानी ● लंबी अवधि का निवेश कभी भी धोखा नहीं देता, लक्ष्य तक पहुंचाता है

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

शेयर बाजार में उथल पुथल के बावजूद मल्टीकैप फंड निवेश का बेहतरीन विकल्प बनकर उभर रहे हैं और निवेशकों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। मल्टीकैप फंडों ने एक साल में 56% तक का रिटर्न दिया है। इससे एसआईपी के जरिये निवेश करने वालों को बड़ा लाभ मिल रहा है। इन फंडों में निवेश के लिए जरूरी है थोड़ा सा संयम के साथ निवेश किया जाए और अपने वित्तीय लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए धीरे-धीरे एसआईपी के जरिये पैसे लगाएं। इससे आसानी निवेश को बढ़ा पाएंगे। मल्टीकैप फंड बिकवाली के दौर में ग्रोथ पर रहे हैं। पिछले छह कारोबारी दिनों में निवेशकों के करीब 20 लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो चुके हैं। ऐसे में रिटेल इनवेस्टर्स परेशान हैं। हां, जिन्होंने म्यूचुअल फंड में निवेश किया और संतुलित निवेश करने वाले फंड में पैसे लगाए हैं, वे बेफिक्र हैं। चूंकि कहा भी गया है कि लंबी अवधि का निवेश कभी भी धोखा नहीं देता और आसानी से निवेश के लक्ष्य तक पहुंचा सकता है। इसलिए बाजार के जानकार सुझाव देते हैं कि लंबी अवधि के निवेश का लक्ष्य बनाएं।

मल्टी कैप फंड क्या हैं

मल्टी-कैप फंड एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक में निवेश करती है। मल्टी-कैप फंड में, कुल एसेट का न्यूनतम 75% इक्विटी और इक्विटी से संबंधित इंस्ट्रूमेंट में इन्वेस्ट करना आवश्यक है। इसके अलावा, ये फंड लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक में कम से कम 25% इन्वेस्ट करने की उम्मीद है।

मल्टी कैप फंड कैसे काम करते हैं

मल्टी-कैप फंड में मार्केट कैपिटलाइज़ेशन में कंपनियों के स्टॉक में इन्वेस्ट करने की सुविधा होती है, जब तक वे ऊपर उल्लिखित 25% शर्तों को बनाए रखते हैं। हालांकि, प्रत्येक पूंजीकरण में निवे श का वितरण फंड मैनेजर की रणनीति पर निर्भर करता है। इक्विटी जोखिम भरा होता है, लेकिन उनके भीतर, जोखिम की मात्रा अलग-अलग होती है। व्यापक स्टॉक मार्केट के आधार पर, फंड मैनेजर रिटर्न को अधिकतम करने के लिए होल्डिंग को एडजस्ट कर सकता है।

संतुलित निवेश कहां

पर्सनल फाइनेंस के जानकारों का कहना है कि संतुलित निवेश के लिए मल्टीकैप फंड एक बेहतर साधन हो सकता है। यह एक ऐसी स्कीम है जो सभी मार्केट कैप मतलब कि लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉलकैप में निवेश करती है। बाजार की गिरावट में जहां लार्ज कैप शेयर सुरक्षा प्रदान करते हैं वहीं मिड और स्मॉल कैप शेयर फायदा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कोई भी एक मार्केट कैप लगातार बेहतर प्रदर्शन नहीं कर सकता है। इसलिए निवेशकों को एसेट अलोकेशन के तहत सभी मार्केट कैप में निवेश करना चाहिए।

डायवर्सिफिकेशन का फायदा

निवेश गुरुओं का कहना है कि आपके गुलदस्ते में हर तरह के फूल होने चाहिए। बस, इसी सिद्धांत पर मल्टीकैप फंड चलता है। उनका जोखिम और रिटर्न एक बाजार पर केंद्रित होने के बजाय पूरे बाजारा पूंजीकरण पर केंद्रित होता है। आप भी देखिए कि हर बाजार का रिटर्न अलग रहा है। सालाना आधार पर साल 2023 में निफ्टी 100 टीआरआई का रिटर्न 21 फीसदी रहा है जबकि निफ्टी मिडकैप 150 टीआरआई का रिटर्न 45 फीसदी रहा है। निफ्टी स्मॉलकैप 250 टीआरआी का भी रिटर्न 49 पर्सेंट रहा है। मल्टीकैप में एक जाना माना नाम एक्सिस म्यूचुअल फंड है। इस फंड ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक निवेशकों को लगातार बेहतर फायदा दिया है।

किस फंड हाउस का कितना रिटर्न

हम यहां मल्टीकैप के वैसे फंडों का जिक्र कर रहे हैं, जिन्होंने बीते एक साल में 50 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। इनमें एक्सिस के मल्टीकैप ने सर्वाधिक 56.02 फीसदी का रिटर्न दिया है। कोटक मल्टीकैप की स्कीम ने 52.83 फीसदी, एचएसबीसी की स्कीम ने 51.90 फीसदी और एलआईसी मल्टीकैप की स्कीम ने 51.37 फीसदी का रिटर्न दिया है। अगर किसी निवेशक ने इन फंडों में एक साल पहले एक लाख रुपये का निवेश किया होता तो एक ही साल में वह रकम अब 1.56 लाख रुपये हो गई होती।

कहां होता है निवेश

मल्टीकैप फंड लार्जकैप, मिडकैप,स्मॉलकैप और डायनॉमिक में 25-25 फीसदी का निवेश करता है। आपको पता ही होगा कि लार्जकैप फंड बड़ी कंपनियों में निवेश करता है। मिडकैप फंड मिडकैप कंपनियों के अवसरों को पकड़ता है, जबकि स्मॉलकैप उभरते हुए अवसरों में निवेश करता है। अगर एक्सिस म्यूचुअल फंड के मल्टीकैप की बात करें तो इसने सर्वाधिक निवेश वित्तीय सेवाओं, ऑटोमोबाइल और उसके कलपुर्जे, कैपिटल गुड्स, हेल्थकेयर, आईटी, रियल्टी और कंज्यूमर ड्यूरेबल में किया है। यह सभी ऐसे सेक्टर हैं जो बाजार के हर माहौल में निवेशकों को सुरक्षा देने के साथ साथ उनके निवेश पर अच्छा रिटर्न देते हैं।

मल्टी-कैप फंड के प्रकार

लार्ज-कैप-फोकस्ड फंड

इन फंड में, फंड मैनेजर लार्ज कैप फंड को अधिक वेटेज देता है जो समग्र पोर्टफोलियो को अधिक स्थिरता प्रदान करने की संभावना होती है। यह फंड मैनेजर को मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक के मिश्रण में शेष कॉर्पस को निवेश करने के लिए लीवे देता है, जिनमें अच्छे विकास के अवसर और रिटर्न प्रदान करने की क्षमता होती है।

मिड-कैप स्मॉल-कैप फोकस्ड फंड

इन फंड में, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक के लिए वेटेज दिया जाता है। इस प्रकार, ये फंड मिड-कैप्स और स्मॉल कैप फंड से अधिक आक्रामक दृष्टिकोण का उपयोग करते हैं, लार्ज-कैप स्टॉक से जोखिम भरा हो सकता है लेकिन बेहतर रिटर्न प्रदान करने की क्षमता रखते हैं।

कोई विशिष्ट फोकस नहीं

इन प्रकार के मल्टी-कैप फंड प्रत्येक मार्केट कैप में आवश्यक न्यूनतम निवेश करने के अलावा किसी विशेष मार्केट कैप पर ध्यान नहीं केंद्रित करते हैं। लार्ज-कैप्स, मिड-कैप्स और स्मॉल-कैप्स के बीच का वेटेज फंड मैनेजर की स्ट्रेटेजी, स्टॉक वैल्यूएशन और मार्केट की कुल स्थितियों के आधार पर अलग-अलग हो सकता है।

पीपीएफ में 15 की बजाय 20 साल तक करें निवेश मिलेगा बढ़िया लाभ

- फिर हर महीने 40 हजार रुपये होगी अर्निंग
- अकाउंट में 66 लाख बना रहेगा बैलेंस
- पोस्ट ऑफिस की स्मॉल सेविंग्स स्कीम पब्लिक प्रोविडेंट फंड को मैच्योरिटी यानी 15 साल बाद एक्सटेंड करने की भी सुविधा है
- इस अकाउंट को एक बार में 5 साल के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है

मनी मंत्रा
बिजनेस डेस्क

अगर आप भी निवेश कर बुढ़ापे में सिक्योर होना चाहते हैं तो पोस्ट ऑफिस की स्मॉल सेविंग्स स्कीम पब्लिक प्रोविडेंट फंड को मैच्योरिटी यानी 15 साल बाद एक्सटेंड करने की भी सुविधा है। इस अकाउंट को एक बार में 5 साल के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है यानी आप इसे 5 साल-5 साल के लिए एक्सटेंड कर सकते हैं। इससे आपका अच्छा लाभ मिलेगा। अगर आप मौजूदा ब्याज दर पर 20 साल तक पीपीएफ अकाउंट को निवेश के साथ जारी रखते हैं तो इसके जरिए 66 लाख रुपये फंड जुटा सकते हैं। अगर आप चाहें तो 20 साल बाद यह 66 लाख पूरी तरह सुरक्षित रखते हुए इसी अकाउंट से आप मंथली 40 हजार रुपये या सालाना 4.73 लाख रुपये इनकम कर सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको इसकी पूरी जानकारी देंगे।

- एक वित्त वर्ष में मैक्सिमम डिपॉजिट : 1.50 लाख रुपये
- ब्याज दर : 7.1 फीसदी सालाना
- 15 साल में कुल जमा : 22,50,000 रुपये
- 15 साल बाद कुल फंड : 40,68,209 रुपये
- 20 साल में कुल जमा : 30,00,000 रुपये
- 20 साल बाद कुल फंड : 66,58,288 रुपये

कैसे खुलेगा पीपीएफ अकाउंट

कैसे खुलेगा पीपीएफ अकाउंट कोई भी भारतीय नागरिक पोस्ट ऑफिस में यह अकाउंट अपने या अपने बच्चे के नाम पर खोल सकता है। इसके लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों प्रक्रियाएं उपलब्ध हैं. इसके लिए जरूरी डॉक्युमेंट ये हैं। किसी व्यक्ति की पहचान को सत्यापित करने वाले केवाईसी दस्तावेज, जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एड्रेस प्रूफ, नॉमिनी की घोषणा के लिए फॉर्म पासपोर्ट साइज फोटो की जरूरत होगी।

एक्सटेंड करने पर कैसे मिलता है ब्याज

15 साल की मैच्योरिटी के बाद पीपीएफ को एक बार में 5 साल के लिए एक्सटेंड कर सकते हैं। 5 साल बाद फिर इसे 5 साल के लिए एक्सटेंड कर सकते हैं। अगर आप 15 साल की मैच्योरिटी के बाद निवेश किए स्कीम को एक्सटेंड करते हैं तो 15 साल बाद क्लोजिंग बैलेंस पर 7.1 फीसदी सालाना ब्याज मिलता रहेगा। वहीं अगर निवेश के साथ इसे एक्सटेंड करते हैं तो स्कीम में उसी तरह से ब्याज पर ब्याज जुड़ेगा, जैसे मैच्योरिटी के पहले। जब आप निवेश के साथ स्कीम को 5 साल के लिए एक्सटेंड करते हैं तो एक साल में 60 फीसदी तक रकम निकाल सकते हैं।

पीपीएफ : 15+5 साल के लिए निवेश

पीपीएफ में मैच्योरिटी तक यानी 15 साल तक हर फाइनेंशियल ईयर में अधिकतम जमा करें तो मौजूदा ब्याज दर के हिसाब से कुल 40,68,209 रुपये का फंड जुटाया जा सकता है, लेकिन अगर इसे आगे 5 साल के लिए बढ़ाते हैं तो 20 साल बाद आपके पास करीब 66 लाख रुपये का फंड होगा। पीपीएफ अकाउंट को आप 15 साल के लिए एक बार में 5 साल- 5 साल के लिए बढ़ा सकते हैं। यानी निवेश जारी रखने के साथ 20 साल की बजाय 25 साल भी अकाउंट एक्सटेंड हो सकता है। 25 साल तक अकाउंट जारी रखने पर आपके पास 1 करोड़ रुपये का फंड होगा। इस क्लोजिंग बैलेंस पर अगले 5 साल आप हर महीने 60 हजार रुपये इनकम कर सकते हैं।

20 साल बाद ऐसे होगी मंथली इनकम

ऊपर कैलकुलेशन में साफ है कि पीपीएफ अकाउंट 5 साल के लिए एक्सटेंड करने पर आप करीब 66.50 लाख रुपये फंड बना सकते हैं। अगर आप इसके बाद बिना कुछ निवेश किए इस अकाउंट से मंथली इनकम चाहते हैं तो इसके लिए खास नियम है। यहां एक्सटेंड करने का ही नियम आपके काम आएगा। 20 साल बाद आपको फिर 5 साल के लिए यह अकाउंट एक्सटेंड करना होगा, लेकिन बिना कुछ निवेश किए। अगर आप स्कीम को बिना कुछ निवेश किए 5 साल के लिए एक्सटेंड किया है तो आपको क्लोजिंग बैलेंस पर सालाना ब्याज मिलेगा। वहीं हर साल एक बार आप पूरी रकम का कितना फीसदी भी निकाल सकते हैं। यह 100 फीसदी तक हो सकता है। यहां 66.58 लाख रुपये के क्लोजिंग बैलेंस पर 7.1 फीसदी सालाना ब्याज मिलेगा। यह एक साल में 4,72,738 रुपये होगा। आप एक साल में एक बार में इस पूरी ब्याज की रकम को निकाल सकते हैं। इसे 12 महीनों में बांट दें तो करीब 39,395 रुपये महीना होगा। वहीं इस निकासी पर कोई टैक्स भी नहीं लगेगा। खास बात यह है कि आपका 66.58 लाख रुपये का बैलेंस सुरक्षित बना रहेगा।

एक साल में 65% से ज्यादा मुनाफा देने वाली म्यूचुअल फंड की स्कीम

- लॉन्ग टर्म एसआईपी रिटर्न में भी रही चैंपियन
- म्यूचुअल फंड की इक्विटी स्कीम भी स्टॉक मार्केट की तरह दे रही रिटर्न
- इन स्कीमों में निवेशकों ने कमाया बढ़िया मुनाफा
- छोटे से अमाउंट से भी बना दिया करोड़ों का फंड
- लंबी अवधि में भी रिटर्न देने का ट्रैक रिकॉर्ड मजबूत

जानकारी
बिजनेस डेस्क

एक साल के लिए आप कहीं पैसा लगाएं और आपको 65 से 85 फीसदी रिटर्न मिल जाए। आप सोच रहे होंगे कि ऐसा तो स्टॉक मार्केट में ही पॉसिबल है, लेकिन अब म्यूचुअल फंड की इक्विटी स्कीम भी स्टॉक मार्केट की ही तरह रिटर्न देने लगी हैं। बाजार में ऐसे कई इक्विटी म्यूचुअल फंड हैं, जिनमें सिर्फ 1 साल में 65 फीसदी से ज्यादा रिटर्न मिल गया है। वहीं, इसका लंबी अवधि में भी रिटर्न देने का ट्रैक रिकॉर्ड मजबूत है। तभी तो इन स्कीम ने 5 साल की एसआईपी का रिटर्न चेक करें तो ये चैंपियन साबित होती हैं। ऐसे फंडों में पैसा लगाने से निवेशकों को अच्छा रिटर्न मिल सकता है और वे अपने छोटे से अमाउंट को को बढ़िया फंड में तबदील कर सकते हैं। हालांकि कहा भी गया है कि शेयर बाजार का रिटर्न रिस्क के अधीन होता है, लेकिन कुछ म्युचुअल फंडों ने बढ़िया रिटर्न देकर निवेशकों को रिझाया है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे ऐसे ही कुछ फंड जो 1 साल का रिटर्न 65 फीसदी या इससे ज्यादा दे रहे हैं।

इन फंडों का रिटर्न रहा बेहतर

सीपीएसई ईटीएफ

- 1 साल में रिटर्न : 85.71%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 48.65%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 19,24,588 रुपये

मोतीलाल ओसवाल मिडकैप फंड

- 1 साल में रिटर्न : 72.56%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 42.86%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 16,89,128 रुपये

एलआईसी एमएफ इंफ्रास्ट्रक्चर फंड

- 1 साल में रिटर्न : 68.39%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 39.01%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 15,46,959 रुपये

बंधन इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड

- 1 साल में रिटर्न : 66.42%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 41.57%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 16,40,280 रुपये

निप्पॉन इंडिया निफ्टी नेक्स्ट 50 जूनियर बीईएस एफओएफ

- 1 साल में रिटर्न : 66.35%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 28%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 11,94,003 रुपये

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल निफ्टी नेक्स्ट 50 ईटीएफ

- 1 साल में रिटर्न : 66.11%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 28.21%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 12,01,786 रुपये

यूटीआई निफ्टी नेक्स्ट 50 ईटीएफ

- 1 साल में रिटर्न : 66.09%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 28.22%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 12,01,860 रुपये

एसबीआई निफ्टी नेक्स्ट 50 ईटीएफ

- 1 साल में रिटर्न : 66.06%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 28.13%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 11,99,536 रुपये

निप्पॉन इंडिया ईटीएफ निफ्टी नेक्स्ट 50 जूनियर बीईएस

- 1 साल में रिटर्न : 66%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 28.08%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 11,98,042 रुपये

डीएसपी निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स फंड

- 1 साल में रिटर्न : 65.68%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 27.93%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 11,93,855 रुपये

स्टॉक मार्केट से सेफ है म्यूचुअल फंड

म्यूचुअल फंड में निवेश, सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश की तुलना में एक सुरक्षित विकल्प माना जाता है। इक्विटी म्यूचुअल फंड में भी स्टॉक मार्केट की तरह ही अलग-अलग कैटेगरी हैं। मसलन लार्जकैप, मिडकैप या स्मॉलकैप फंड। जो निवेशक सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश का रिस्क नहीं लेना चाहते हैं, लेकिन ज्यादा रिटर्न की इच्छा रखते हैं, उनके लिए म्यूचुअल फंड बेहतर है। असल में किसी म्यूचुअल फंड स्कीम में अलग अलग कंपनियों के स्टॉक शामिल होते हैं। वहीं कुछ स्कीम में अलग अलग सेक्टर से अलग अलग स्टॉक निवेश के लिए चुने जाते हैं. इससे पोर्टफोलियो डायवर्सिफाइड हो जाता है।

रिटर्न मिलने के चांस क्यों ज्यादा

म्यूचुअल फंड में काबिल और अनुभवी फंड मैनेजर की देखरेख में निवेश किया जाता है। फंड मैनेजर अपनी स्टडी या रिसर्च के आधार पर किसी म्यूचुअल फंड के पोर्टफोलियो में शेयरों को शामिल करता है। उनका ध्यान मजबूत ग्रोथ वाली और मुनाफा कमाने वाली कंपनियों पर होता है, ताकि इसका फायदा स्टॉक में ग्रोथ के रूप में मिले।

(डिस्क्लेमर : किसी भी इक्विटी फंड में पुराना रिटर्न आगे भी जारी रहेगा या नहीं, इसकी गारंटी नहीं है। यह भविष्य में कायम भी रह सकता है और नहीं भी। बाजार में जोखिम होती है, इसलिए निवेश के पहले एक्सपर्ट की सलाह लें।)

सितंबर में एसआईपी के जरिये नई ऊंचाई पर पहुंचा निवेश

- एसआईपी एयूएम ने भी नाया नया रिकॉर्ड
- एएमएफआई की रिपोर्ट में दावा, सितंबर 2024 में 27 नई म्यूचुअल फंड स्कीम्स लॉन्च हुईं -म्यूचुअल फंड फोलियो और रिटेल फोलियो भी नई ऊंचाई पर पहुंचे
- निवेशकों ने जमकर पैसा कमाया, आगे भी बढ़त जारी रहने के आसार
- म्यूचुअल फंड एसआईपी ने सितंबर 2024 में बनाया नया कीर्तिमान

जानकारी
बिजनेस डेस्क

बाजार में निवेश के लिए कई स्कीमें मौजूद हैं, जो लोगों को लुभाती रहती हैं। लेकिन एसआईपी के जरिये निवेश करना और लंबी अवधी के लिए किया गया निवेश कभी भी आपको रुसवा नहीं करता। लक्ष्य तय कर निवेश करने से कभी नुकसान नहीं होता। हालांकि निवेश करने से पहले अपनी रिस्क क्षमता को भी देख लेना चाहिए। इस बार सितंबर माह को देखा जाए तो एसआईपी के जरिये किया गया निवेश नई ऊंचाई पर पहुंचा और निवेशकों ने बढ़िया रिटर्न बटोरा है। जानकारों को कहना है कि सितंबर में करीब 27 नई म्यूचुअल फंड स्कीम्स लॉन्च हुईं हैं। जो बढ़िया रिटर्न दे सकती हैं। सितंबर 2024 में म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री ने कई नए रिकॉर्ड बनाए हैं। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, एसआईपी (सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) में कंट्रीब्यूशन और एयूएम (एसेट्स अंडर मैनेजमेंट) दोनों ही अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गए हैं।

इसलिए सितंबर रहा खास

इसके अलावा सितंबर 2024 इसलिए भी खास रहा है कि इस साल इस माह में कुल मिलाकर 27 नई म्यूचुअल फंड स्कीम्स लॉन्च हुईं, जो सभी ओपन-एंडेड कैटेगरी में थीं। इन स्कीम्स ने कुल 14,575 करोड़ रुपये जुटाए। इससे साफ संकेत मिलते हैं कि म्यूचुअल फंड निवेशकों के बीच लगातार पॉपुलर बने हुए हैं और लोग इन्हें बेहतर इन्वेस्टमेंट ऑप्शन के तौर पर बड़े पैमाने पर अपना रहे हैं। जानकारों का कहना है कि लंबे समय तक एसआईपी के जरिये किया गया निवेश बढ़िया मुनाफा दे सकता है, यदि धैर्य रखा जाए तो यह निवेश का एक बेहतर ऑप्शन है।

सितंबर 2024 में एसआईपी कंट्रीब्यूशन और एयूएम का रिकॉर्ड

सितंबर 2024 के आंकड़ों के अनुसार, एसआईपी के जरिए निवेशकों ने 24,508.73 करोड़ रुपये का योगदान दिया, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। अगस्त 2024 में यह योगदान 23,547.34 करोड़ रुपये था, जिससे सितंबर में यह योगदान लगभग 4% बढ़ा है। इसके अलावा, एसआईपी एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) ने भी एक नया रिकॉर्ड बनाया और 13,81,703.94 करोड़ रुपये तक जा पहुंचा, जो अगस्त 2024 में 13,38,944.73 करोड़ रुपये था। इस तरह से आंकड़े दर्शाते हैं कि एसआईपी के जरिये निवेश लोगों के लिए अहम और बढ़िया रिटर्न देने वाला साबित होते जा रहा है।

म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की कुल संपत्ति

सितंबर 2024 में म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का कुल नेट एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 67,09,259.24 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो अगस्त 2024 में 66,70,305.14 करोड़ रुपये था। इसके साथ ही, 43 महीनों से लगातार इक्विटी में सकारात्मक इनफ्लो देखने को मिल रहा है, जो मार्च 2021 से चला आ रहा है।

म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के एसआईपी से जुड़े आंकड़े

- सितंबर में एसआईपी कंट्रीब्यूशन: 24,508.73 करोड़ रुपये
- सितंबर में एसआईपी एयूएम : 13,81,703.94 करोड़ रुपये
- सितंबर में एसआईपी अकाउंट्स की संख्या: 9,87,44,171 (अगस्त में 9,61,36,329 थी)
- सितंबर में नए एसआईपी रजिस्ट्रेशन: 66,38,857

म्यूचुअल फंड फोलियो और रिटेल एयूएम

- सितंबर में म्यूचुअल फंड फोलियो की संख्या: 21,05,15,684 (अब तक की सबसे ज्यादा)
- सितंबर में रिटेल एमएफ फोलियो: 16,81,61,366
- सितंबर में रिटेल एयूएम : 40,44,098 करोड़ रुपये

म्यूचुअल फंड्स वेल्थ क्रिएशन का भरोसेमंद जरिया

जानकारों का कहना है कि सितंबर 2024 के आंकड़े म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की स्थिरता और बढ़ते विश्वास को दर्शाते हैं। एसआईपी के जरिए निवेशकों का लगातार निवेश करना यह दिखाता है कि म्यूचुअल फंड्स लंबी अवधि के लिए वेल्थ क्रिएशन का एक भरोसेमंद साधन बन गए हैं। कुल मिलाकर सितंबर का महीना म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के लिए काफी बढ़िया रहा है। एसआईपी के जरिए निवेश में लोगों का भरोसा और बढ़ा है, और इंडस्ट्री ने नए रिकॉर्ड बनाए हैं। अगर आप भी म्यूचुअल फंड्स के जरिए अपने फाइनेंशियल टार्गेट हासिल करना चाहते हैं, तो एसआईपी के जरिये अनुशासित ढंग से लंबी अवधि के लिए निवेश की रणनीति पर अमल कर सकते हैं।

क्रिकेट : भारतीय टीम की दूसरी पारी 462 रन पर सिमटी

भारत ने न्यूजीलैंड को दिया 107 रन का लक्ष्य, सरफराज का पहला टेस्ट शतक

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

सरफराज खान (150) और ऋषभ पंत (99) ने चौथे विकेट के लिए 177 रन की साझेदारी की। इससे भारत ने न्यूजीलैंड को 107 रनों का टारगेट दिया। भारत की दूसरी पारी 462 रन पर सिमट गई। 81वें ओवर में दूसरी नई गेंद आने पर भारतीय टीम ने 54 रन के अंदर अंतिम सात विकेट गंवा दिए। टीम इंडिया की पहली पारी के 46 रन के जवाब में कीवी टीम ने 402 रन बनाए थे। सरफराज ने अपने चौथे टेस्ट में कॅरियर का पहला शतक जड़कर रिकॉर्ड बना दिया। सरफराज ने अपनी 195 गेंद की पारी में 18 चौके और तीन छक्के लगाए जबकि पंत ने 105 गेंद की पारी में नौ चौके और पांच छक्के जड़े। न्यूजीलैंड ने लक्ष्य का पीछा करना शुरू किया ही था कि पहले ओवर के दौरान खराब रोशनी के कारण अंपायरों ने मैच को रोक दिया। इसके बाद तेज बारिश होने लगी और दिन के खेल को समाप्त घोषित कर दिया गया। टीम अब तक चार गेंद की अपनी दूसरी पारी में खाता नहीं खोल सकी। क्रीज पर उसके दोनों सलामी बल्लेबाज टॉम लाथम और डेवोन कोन्वे मौजूद हैं।

पहली पारी में शून्य दूसरी में जड़ा शतक

भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान ने शनिवार को अपने टेस्ट कॅरियर का पहला शतक जड़ा। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू करने वाले सरफराज ने घरेलू क्रिकेट में अपनी शानदार फॉर्म को दूसरी पारी में बरकरार रखा। पहली पारी में सरफराज तीन गेंद खेलकर खाता खोले बिना आउट हुए थे। ऐसा 22वीं बार हुआ है जब कोई भारतीय बल्लेबाज किसी टेस्ट की पहली पारी में खाता खोले बिना आउट होने के बाद दूसरी पारी में शतक लगाने में सफल रहा है। हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट में गिल ने भी ऐसा किया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ एक टेस्ट मैच में शून्य और शतक लगाने वाले सरफराज दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं। उनसे पहले 2014 में शिखर धवन ऐसा कर चुके हैं।

7वें शतक से चूके पंत

ऋषभ पंत और सरफराज खान के बीच चौथे विकेट के लिए 177 रनों की पार्टनरशिप हुई। पंत अपने टेस्ट करियर का 7वां शतक लगाने के बेहद करीब थे, तभी विलियम ओ'रूर्के की गेंद ने उन्हें बोल्ड कर दिया। शानदार फॉर्म में चल रहे ऋषभ पंत ने 94.29 की स्ट्राइक रेट से 105 गेंदों पर 99 रन बनाए।

99 पर आउट विकेटकीपर

खिलाड़ी	खिलाफ	वर्ष
ब्रेंडन मैकुलम	श्रीलंका	2005
एमएस धोनी	इंग्लैंड	2012
जॉनी बेयरस्टो	द.अफ्रीका	2017
ऋषभ पंत	न्यूजीलैंड	2024

पंत 7वीं बार नर्वस नाइंटीज

रन	खिलाफ	वर्ष
99	न्यूजीलैंड	2024
93	बांग्लादेश	2022
96	श्रीलंका	2022
91	इंग्लैंड	2021
97	ऑस्ट्रेलिया	2021
92	वेस्टइंडीज	2018
92	वेस्टइंडीज	2018

भारत के लिए सेंचुरी

सेंचुरी	खिलाड़ी	वर्ष
पहली	लाला अमरनाथ	1933
50वीं	पोली उमरीगर	1961
100वीं	सुनील गावस्कर	1977
150वीं	सुनील गावस्कर	1983
200वीं	अजहरुद्दीन	1990
250वीं	सचिन तेंदुलकर	1998
300वीं	सचिन तेंदुलकर	2002
350वीं	वीवीएस लक्ष्मण	2007
400वीं	राहुल द्रविड़	2010
450वीं	अजिंक्य रहाणे	2015
500वीं	विराट कोहली	2018
550वीं	सरफराज खान	2024*

स्कोर बोर्ड

भारत दूसरी पारी	रन	गेंद	4	6
यशस्वी स्टं. ब्लंडल बो पटेल	35	52	6	0
रोहित शर्मा बो पटेल	52	63	8	1
कोहली का ब्लंडल बो फिलिप्स	70	102	8	1
सरफराज का पटेल बो साउथी	150	195	18	3
ऋषभ पंत बो ओ'राउरकी	99	105	9	5
राहुल का ब्लंडेल बो ओ'राउरकी	12	16	2	0
जडेजा का यंग बो ओ'राउरकी	05	15	1	0
रविचंद्रन अश्विन पगबाधा हेनरी	15	24	1	0
कुलदीप यादव नाबाद	06	20	0	0
बुमराह का ब्लंडेल बो हेनरी	00	04	0	0
सिराज का साउथी बो हेनरी	00	02	0	0

अतिरिक्त : 04, कुल : 99.3 ओवर में 462/10
गेंदबाजी : साउथी 15-2-53-1 , हेनरी 24.3-3-102-3 , ओ'राउरकी 21-4-92-3 , पटेल 18-3-100-2, फिलिप्स 15-2-69-1, रविंद्र 6-0-30-0.

वालाडोलिड ने ला लिगा में अलावेस को 3-2 से हराया

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

रियल वालाडोलिड ने दूसरे हाफ में चार मिनट के अंदर दो गोल की मदद को शुक्रवार को यहां ला लिगा फुटबॉल मैच में अलावेस के खिलाफ 3-2 से जीत दर्ज की। स्पेन की शीर्ष घरेलू लीग में मौजूदा सत्र में यह टीम की दूसरी जीत है। वालाडोलिड 10 मैचों में आठ अंक के साथ तालिका में 18वें स्थान पर पहुंच गया। अलावेस 10 मैचों में 10 अंकों के साथ उससे चार स्थान ऊपर है। टोनी मार्टिनेज ने मैच के पांचवें मिनट में ही गोल कर अपने घरेलू मैदान पर अलावेस को बढ़त दिला दी। मामादोउ सयेला ने इसके 11 मिनट के बाद पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया। वालाडोलिड ने दूसरे हाफ में चार मिनट के अंदर दो गोल कर अपनी बढ़त मजबूत कर ली। सेलिम अमल्लाह ने 72 मिनट में पेनल्टी पर गोल किया जिसके बाद अनुर मोहम्मद तुहामी ने सयेला की मदद से गोल कर टीम का दबदबा बना दिया। किके गार्सा ने आखिरी क्षणों में गोल कर अलावेस की वापसी कराने की कोशिश की लेकिन इससे सिर्फ हार का अंतर ही कम हुआ।

रिचर्ड्स, गावस्कर और पोलक आईएमएल में

मुंबई। पूर्व महान खिलाड़ी विवियन रिचर्ड्स, सुनील गावस्कर और शॉन पोलक को शनिवार को इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) टूर्नामेंट के संचालन परिषद का सदस्य घोषित किया गया। भारतीय दिग्गज सचिन तेंदुलकर और वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा सहित पूर्व खिलाड़ियों की भागीदारी वाले छह देशों के इस टी20 टूर्नामेंट का उद्घाटन सत्र 17 नवंबर से आठ दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। आईएमएल ने कहा, 'यह त्रिमूर्ति आईएमएल की रणनीतिक दिशा, नियमों और संचालन की देखरेख करेगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि यह लीग एक प्रमुख मंच बना रहे।'

खबर संक्षेप

तवांग मैराथन की तैयारियां जोरों पर

ईटानगर। भारतीय सेना और अरुणाचल प्रदेश सरकार की संयुक्त मेजबानी में 24 अक्टूबर को आयोजित होने वाले तवांग अंतरराष्ट्रीय मैराथन के दूसरे सत्र की तैयारियां जोरों पर हैं। रक्षा प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने कहा कि ऊंचाई वाले स्थल पर आयोजित होने वाले इस मैराथन को 'क्वीन ऑफ हाई-एल्टीट्यूड रन' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि यह सीमावर्ती शहर तवांग में नागरिक-सैन्य सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।

फाइनल में अंपायरिंग करेंगी परेरा-क्लेयर

दुबई। निमाली परेरा और क्लेयर पोलोसाक को रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के खिताबी मुकाबले की अंपायरिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

दोनों पहली बार आईसीसी महिला टी20 विश्व कप फाइनल में अंपायरिंग करेंगी।एना हैरिस तीसरे अंपायर की भूमिका निभाएंगी जबकि जैकलीन विलियम्स चौथे अंपायर की भूमिका में होंगी। जीएस लक्ष्मी को मैच रैफरी नियुक्त किया गया है।

किशन की भारत ए टीम में वापसी की संभावना

नई दिल्ली। इस साल की शुरुआत में भारतीय क्रिकेट बोर्ड के केंद्रीय अनुबंध से बाहर किए जाने वाले विकेटकीपर इशान किशन के भारत ए टीम में वापसी करने की काफी संभावना है।

किशन को घरेलू क्रिकेट पर आईपीएल को प्राथमिकता देने के कारण बीसीसीआई ने केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया था। किशन इस सत्र में घरेलू क्रिकेट में वापसी पर झारखंड का नेतृत्व कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो चार दिवसीय 'टेस्ट' के अलावा वह सीनियर टीम के साथ एक 'इंट्रा-स्क्वाड' अभ्यास मैच में भाग लेने के लिए तैयार हैं।

भारत की जूनियर पुरुष टीम ने जापान को 4-2 से हराया

सुल्तान जोहोर कप

एजेंसी ▶▶| जोहोर

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को यहां जापान को 4-2 से हराकर सुल्तान जोहोर कप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भारत के लिए आमिर अली (12वें मिनट), गुरजोत सिंह (36वें), आनंद सौरभ कुशवाह (44वें) और अंकित पाल (47वें) ने जबकि जापान के लिए त्सुबासा तनाका (26वें) और राकुसी यामानाका (57वें) ने गोल किए।

भारत के पूर्व गोलकीपर और जूनियर टीम के कोच पीआर श्रीजेश अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन से बेहद संतुष्ट नजर आ रहे थे। यह मैच शुरू से ही काफी रोमांचक रहा। भारत ने आक्रामक खेल दिखाया और वह शुरू से ही गोल करने के मौके बनाने की कोशिश करता रहा। भारतीय प्रयासों को तब सफलता मिली जब मैच के 12वें मिनट में आमिर अली ने जापान के रक्षकों को छकाकर मैदानी गोल करके भारत का खाता खोला। जापान ने वापसी करने के लिए अच्छे प्रयास किया और वह तब इसमें सफल रहा जब 26वें मिनट में त्सुबासा तनाका ने बराबरी का गोल किया।

भारतीय टीम ने दूसरे हॉफ में दागे 3 गोल

मध्यांतर तक दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर थी लेकिन इसके बाद भारतीय टीम अधिक आक्रामक हो गई। गुरजोत ने मध्यांतर के छह मिनट बाद मैदानी गोल करके भारत को फिर से बढ़त दिला दी। भारत को इसके कुछ मिनट बाद दिलराज सिंह के शानदार खेल से पेनल्टी कार्नर मिला जिसे आनंद सौरभ कुशवाह ने अपने ताकतवर ड्रैगफ्लिक से गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। भारत ने अंतिम क्वार्टर में भी एक गोल किया। अंकित पाल ने 47वें मिनट में मिले पेनल्टी कार्नर पर रिबाउंड से यह गोल करके भारत की जीत सुनिश्चित की। राकुसी यामानाका ने अंतिम हूटर बजने से तीन मिनट पहले जापान के लिए दूसरा गोल किया लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए।

मौजूदा जिमनास्टों में जुनून की कमी : दीपा

नई दिल्ली। भारत की दिग्गज जिमनास्ट दीपा करमाकर ने मौजूदा पीढ़ी के ज्यादातर खिलाड़ियों में जुनून की कमी पर निराशा जातते हुए उनसे वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उत्साह के साथ जिमनास्टिक को अपनाने की सलाह दी। दीपा ने इस महीने की सात तारीख को संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने कहा, 'दीपा में जुनून था, प्रणति के साथ भी ऐसा ही है। मैं मौजूदा पीढ़ी में यह जुनून ज्यादा नहीं देख रही हूं।'

भुल्लर ने बढ़त बनाई एशियाई टूर पर रिकॉर्ड 12वीं जीत के करीब

बैंकॉक (थाईलैंड)। (भाषा) भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने शनिवार को यहां ब्लैक माउंटेन चैम्पियनशिप के तीसरे दौर में बिना बोगी किये 66 का कार्ड खेला जिससे वह अपने 12वें एशियाई टूर खिताब के लिए अच्छी स्थिति में बने हुए हैं। भुल्लर ने पिछले दो दौर में 65 और 66 के कार्ड खेले थे। उनका कुल स्कोर 19 अंडर है जिससे वह अमेरिका के जॉन कैटलिन (65) से दो शॉट की बढ़त बनाये हैं। भुल्लर ने अभी तक तीन दौर में 21 बर्डी लगाई हैं और दो बोगी की हैं। अन्य भारतीयों में खालिन जोशी (73) नौ अंडर से संयुक्त 39वें स्थान पर बने हुए हैं जबकि करणदीप कोचर (73) संयुक्त 65वें स्थान पर बने हुए हैं।

एशियाई महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 1 से 10 दिसंबर तक

एशियाई हैंडबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत एक से 10 दिसंबर तक पहली बार एशियाई महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा जिसका आयोजन इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। टूर्नामेंट के 20वें चरण का आयोजन पहले कजाखस्तान के अल्माटी में होना था लेकिन अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण इसका स्थल बदलना पड़ा। भारत के अलावा ईरान, दक्षिण कोरिया, चीन, जापान, कजाखस्तान, हांगकांग और सिंगापुर टूर्नामेंट में भाग लेने वाले मजबूत देश हैं। एशियाई हैंडबाल महासंघ के तकनीकी सहायक निदेशक अब्दुल्लाह अल थेयब ने शनिवार को जारी विज्ञप्ति में कहा, 'भारत में एशियाई महिला हैंडबाल चैम्पियनशिप के 20वें चरण की मेजबानी करने को लेकर हम बहुत खुश हैं। यह टूर्नामेंट भारत की क्षमता को दर्शाता है।'इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली शीर्ष चार टीमें सीधे वैश्विक प्रतियोगिता आईएचएफ विश्व महिला हैंडबाल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत इस एशियाई टूर्नामेंट में आठवीं दफा शिरकत कर रहा है जबकि देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दो बार 2000 और 2022 में छठा स्थान हासिल करना रहा है।

अय्यर-म्हात्रे का बड़ा शतक, मुंबई ने बनाई विशाल बढ़त

एजेंसी ▶▶| मुंबई

श्रेयस अय्यर और आयुष म्हात्रे के शतक के दम पर मुंबई ने रणजी ट्रॉफी के मैच में शनिवार को महराष्ट्र पर विशाल बढ़त बनाई है। जवाब में ऋतुराज गायकवाड़ ने नाबाद 80 रन बनाकर शनिवार को यहां महाराष्ट्र को वापसी का दिलाने का शानदार प्रयास किया लेकिन उनकी टीम मुंबई के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच में अब भी 173 रन से पीछे है। महाराष्ट्र ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 142 रन बनाए। स्टंप उखड़ने के समय गायकवाड़ के साथ सचिन धास 59 रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले गत विजेता मुंबई ने पहली पारी में 441 रन बनाकर 315 रन की विशाल बढ़त हासिल की थी। उसने महाराष्ट्र को पहली पारी में केवल 126 रन पर आउट कर दिया था। मुंबई की तरफ से 17 वर्षीय सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने 176 रन की बड़ी पारी खेली। यह उनका केवल तीसरा प्रथम श्रेणी मैच है। श्रेयस अय्यर ने 190 गेंदों में 12 चौकों और चार छक्कों की मदद से 142 रन बनाए।

सेना की टीम 403 रन पीछे

दिल्ली में खेले जा रहे ग्रुप ए के एक अन्य में से बड़ौदा ने अपनी पहली पारी छह विकेट पर 477 रन बनाकर समाप्त घोषित की। इसके जवाब में सेना की टीम ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 74 रन बनाए थे और इस तरह से उसकी टीम बड़ौदा से 403 रन पीछे है। बड़ौदा की तरफ से शिवालिक शर्मा ने 178 और विष्णु सोलंकी में 125 रन बनाए।

न्यूजीलैंड -दक्षिण अफ्रीका के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

महिला विश्व कप में आज मिलेगा नया चैंपियन

एजेंसी ▶▶| दुबई

सोफी डिवाइन के नेतृत्व में न्यूजीलैंड की स्वर्णिम पीढ़ी के खिलाड़ियों के पास वैश्विक आईसीसी ट्रॉफी पर हाथ रखने का आखिरी मौका होगा जब टीम टी20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। इस फाइनल मैच से टी20 विश्व का नया चैंपियन मिलना तय है क्योंकि दोनों टीमों ने इससे पहले कभी भी इस प्रारूप का खिताब नहीं जीता है। न्यूजीलैंड की महिला टीम ने 2000 में एकदिवसीय विश्व कप जीता था। इस टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले लगातार 10 मैचों में हार के कारण न्यूजीलैंड का आत्मविश्वास डगमगाया हुआ था लेकिन डिवाइन के नेतृत्व में इस समूह ने शानदार वापसी की। टीम को सुजी बेट्स, अमेलिया केर और ली ताहुहू जैसी अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी का फायदा मिला। यह संभवतः आखिरी बार है डिवाइन, बेट्स और ताहुहू किसी वैश्विक टूर्नामेंट में राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलेंगे। पैतीस वर्षीय डिवाइन के नाम सफेद गेंद प्रारूप में 7000 से अधिक रन हैं, जबकि 37 वर्षीय बेट्स के नाम 10,000 से अधिक रन हैं। तेज गेंदबाज ताहुहू 34 साल की है। उन्होंने वनडे में 112 और टी20 अंतरराष्ट्रीय में 93 विकेट चटकाए हैं। यह खिलाड़ी विश्व कप ट्रॉफी के सपने को पूरा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। केर के नाम टूर्नामेंट में अब 12 विकेट है। उन्हें दूसरे छोर से एडेन कारसन (आठ विकेट), रोसमरी मायर (सात विकेट) और अनुभवी ताहुहू का अच्छा साथ मिला।

दक्षिण अफ्रीका पिछले बार का उपविजेता

दक्षिण अफ्रीका भी पिछले साल की कसक को दूर कर खिताब को अपने नाम करना चाहेगा। पिछले साल घरेलू मैदान पर विश्व कप फाइनल में उसे ऑस्ट्रेलिया के हाथों शिकस्त मिली थी। न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों में टूर्नामेंट में अहम मौकों पर अपने खेल के स्तर को ऊंचा उठाया है और जब बल्लेबाजों के प्रदर्शन में गिरावट आयी तो गेंदबाजों ने टीम को मैच जिताया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में भी ऐसा ही नजारा दिखा जब गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाजों को रोककर कम स्कोर वाले मैच को अपने नाम किया।

भारत के पांच फुटबॉलर मैनचेस्टर में करेंगे अभ्यास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जमीनी स्तर की फुटबॉल पहल 'यूनाइटेड वी प्ले' के भारत में आयोजित चौथे सत्र से चुने गए पांच फुटबॉल खिलाड़ी मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में प्रशिक्षण लेंगे। इस आयोजन में 18 शहरों के 15,000 से अधिक उभरते भारतीय फुटबॉल खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसका समापन चंडीगढ़ में मैनचेस्टर यूनाइटेड के दिग्गज और सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में शामिल गैरी नेविल की उपस्थिति में एक भव्य समापन समारोह में हुआ। इसके फाइनल के बाद पीसी लालचुआनवमा (मिजोरम), श्रीजल किस्कू (भुवनेश्वर), मोहम्मद अयान (लखनऊ), भक्त बहादुर परियार (नेपाल) और चानसोन चैयथम (बैंकॉक) को चयनित किया गया। इन खिलाड़ियों को 'मैनचेस्टर यूनाइटेड सॉकर स्कूल' के कोचों के साथ प्रशिक्षण सत्र और दिग्गज खिलाड़ियों से बातचीत करने का मौका मिलेगा। उन्हें इस दौरान मैचों को देखने और जूनियर टीमों के लिए खेलने का भी मौका मिलेगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

रक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के एमफिल दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए दी जानकारी

भू-राजनीतिक परिदृश्य में तर्कसंगत ढंग से सोचने, नई प्रौद्योगिकी का लाभ लेने की जरूरतः राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी गंभीर सुरक्षा चुनौतियों के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को राजधानी में शीर्ष सैन्य अधिकारियों से लगातार बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में रणनीतिक लाभ लेने के लिए तर्कसंगत ढंग से सोचने, अप्रत्याशित परिस्थितियों के अनुकूल अपने को ढालने और नवीनतम प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने का आह्वान किया। वह 62वें राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय (एनडीसी) के वर्ष-2022 बैच के एमफिल दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। जिसमें उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में तेजी से हो रही प्रौद्योगिकी प्रगति सबसे महत्वपूर्ण ताकत है। जो भविष्य के लिए तैयार सेना के विकास को गति प्रदान करती है।

युद्ध की लगातार बदलती प्रकृति में साइबर हमले, दुष्प्रचार अभियान और आर्थिक युद्ध ऐसे साधन बन गए हैं। जो बिना एक भी गोली चलाए पूरे देश को अस्थिर कर सकते हैं। ऐसे में सैन्य नेतृत्व के पास जटिल समस्याओं के विश्लेषण के अलावा नए समाधान तैयार करने की क्षमता होनी चाहिए।

निर्णयों में तय हो एआई हस्तक्षेप की सीमा

रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में सैन्य अधिकारियों से रणनीतिक विचारक बनने का आग्रह किया। जो भावी संघर्षों का अनुमान लगाने, अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक गतिशीलता को समझने, बुद्धिमत्ता और सहानुभूति के साथ नेतृत्व करने में सक्षम हों। उन्होंने कहा, ड्रोन, स्वायत्त वाहनों के साथ कृत्रिम मेधा (एआई) और क्वांटम कम्प्यूटिंग जैसी आधुनिक युद्ध को आकार देने वाली प्रौद्योगिकियां बहुत तेजी से विकसित हो रही हैं।

अधिकारियों को इन्हें समझना चाहिए और इनका उपयोग करने में सक्षम होना चाहिए। एआई का बेहतर ढंग से लाभ उठाने के लिए अधिकारियों को इनका गहन विश्लेषण करने की आवश्यकता है। साथ ही लिए जाने वाले निर्णयों में इसके हस्तक्षेप की सीमा तय करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

खतरों को लेकर तत्परता से तैयार रहें

उन्होंने कहा, राजनाथ ने रोजमर्रा के आधार पर प्रयोग किए जाने वाले उपकरणों, प्रौद्योगिकियों को विरोधियों द्वारा हथियार बनाने की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे विरोधियों द्वारा किए जाने वाले इनके दुरुपयोग के मद्देनजर हमें इन खतरों के लिए तत्परता से तैयारी करनी चाहिए। एनडीसी जैसी संस्थाओं को अपने पाठ्यक्रम को इस तरह से विकसित करना चाहिए कि इनमें न केवल अपरंपरागत युद्ध पर केस स्टडी शामिल हो। बल्कि रणनीतिक नवाचार को भी शामिल किया जाए। राजनाथ सिंह के मुताबिक, पूर्वानुमान लगाने, अपने आपको को परिस्थिति के अनुकूल ढालने और प्रतिक्रिया करने की क्षमता हमेशा उभरने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए हमारी तैयारी को परिभाषित करेगी।

तकनीकी रूप से उन्नत होगी सेना

सरकार तकनीकी रूप से उन्नत और चुस्त सेना के गठन को लेकर संकल्पबद्ध है। ये एक ऐसी सेना होगी जो उभरते हुए खतरों का जवाब देने और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करने में सक्षम हो। सशस्त्र बलों को भविष्य की तैयारी के लिए और लचीला बनाए रखने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान युद्ध की चुनौतियों से निपटने के लिए भविष्य के नेतृत्व में नैतिक ढांचे को स्थापित करने में एनडीसी जैसे संस्थानों की अहम भूमिका है। अधिकारी भू-राजनीति, अंतरराष्ट्रीय संबंधों और वैश्विक सुरक्षा गठबंधनों की जटिलताओं पर अच्छी पकड़ रखें। क्योंकि उनके द्वारा लिए गए निर्णयों के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। जो युद्धक्षेत्र से आगे बढ़कर कूटनीति, अर्थशास्त्र और वैश्विक कानून के क्षेत्र तक जाते हैं। पाठ्यक्रम को गतिशील और अनुकूलनीय होना चाहिए। जिससे युद्ध के मैदान में लड़ने वालों के लिए इसकी प्रासंगिकता सुनिश्चित हो सके।

ईरान ने की हत्या की कोशिश, लेबनान ने दागे 3 ड्रोन

पीएम नेतन्याहू के घर पर किया हमला, बाल-बाल बचे परिवारजन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के घर पर हुए हमले के लिए इजराइल ने ईरान को दोषी ठहराया है। इजराइल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आरोप लगाया है कि ईरान ने उनकी हत्या की कोशिश की है।

शुक्रवार सुबह हुए इस हमले में हिज्बुल्लाह ने तीन ड्रोन लॉन्च किए थे। इजराइल की सेना (आईडीएफ) के मुताबिक, इन ड्रोन में से दो को मार गिराया गया, जबकि एक ने प्रधानमंत्री आवास के पास की इमारत को निशाना बनाया। प्रधानमंत्री नेतन्याहू के प्रवक्ता ने बयान जारी करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के घर की तरफ एक यूएवी (मानव रहित हवाई वाहन) लॉन्च किया गया था।

प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी वहां नहीं थे, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। इजराइली सुरक्षा बलों ने इस हमले की पुष्टि करते हुए कहा है कि ड्रोन एक खुले इलाके में गिरा जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। यह घटना दक्षिणी हाइफ़ा के कासेरिया में हुई।

जेके को पूर्ण राज्य का दर्जा, एलजी ने प्रस्ताव किया मंजूर

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सीएम उमर अब्दुल्ला के मंत्रिमंडल के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसमें केंद्र सरकार से राज्य का दर्जा बहाल करने का अनुरोध किया गया है। केंद्र शासित प्रदेश जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि, गुरुवार को उमर अब्दुल्ला की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य का मूल दर्जा बहाल कराने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। अधिकारियों ने विस्तृत ब्यौरा दिए बिना कहा कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंत्रिमंडल के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अधिकारी ने कहा कि राज्य का दर्जा बहाल करना सुधार प्रक्रिया की एक शुरुआत होगी, जिससे संवैधानिक अधिकार पुनः बहाल होंगे तथा जम्मू-कश्मीर के लोगों की पहचान की रक्षा होगी। उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने सीएम उमर अब्दुल्ला को राज्य का दर्जा बहाल कराने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी और भारत सरकार के समक्ष मामला उठाने के लिए अधिकृत किया है।